MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 01 मार्च, 2026 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-8 । अंक-59

# अथश्री महायुद्ध

## अमेरिका-इजरायल का ईरान पर बड़ा हमला, पलटवार की चपेट में पूरा मिडिल ईस्ट



**तेहरान/यरूशलम, 28 फरवरी (एजेंसियां)।** इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर बड़ा हमला किया। इन हमलों में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने बताया है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम 201 लोगों की मौत हो चुकी है और 747 लोग घायल हुए हैं।

ईरान के एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 85 छात्राओं की मौत हो गई, जबकि 45 घायल हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इजराइली हमले मे ईरानी रक्षामंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवॉल्यूशनरी गाड्‌र्स के कमांडर मोहम्मद पाकपोर की मौत हो गई। इजराइल ने अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के 10 शहरों पर एयरस्ट्राइक की है। हमले के बाद ट्रम्प ने वीडियो जारी कर कहा कि ईरान पर यह हमला अमेरिकी नागरिकों की रक्षा के लिए किया गया है।

28 फरवरी 2026 को ईरान पर अमेरिका और इज़रायल के संयुक्त हमले ने मध्य पूर्व में अभूतपूर्व तनाव पैदा कर दिया है। इजरायल ने इस हमले को शेर की दहाड़ नाम दिया है, जबकि अमेरिका ने इस ऑपरेशन को Operation Epic Fury यानी जबर्दस्त गुस्सा कहा है। बताया जा रहा है कि ईरान की मिसाइल क्षमता, न्यूक्लियर प्रोग्राम, सैन्य ढांचा और शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाया गया।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे मेजर कॉम्बैट ऑपरेशन बताते हुए ईरानी जनता से अपनी सरकार बदलने की अपील की। दूसरी ओर, ईरान ने अप्रत्याशित और अभूतपूर्व ताकत का प्रदर्शन करते हुए पश्चिम एशिया के 7 देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइलों से हमला कर दुनिया को चौंका दिया।

भारत में सुबह लगभग 11 बजे थे, जबकि ईरान में 9 बजे का समय था। राजधानी तेहरान में अचानक इजरायल और अमेरिका ने मिसाइल और बमबारी शुरू कर दी।

इजरायल और अमेरिका ने तेहरान, कॉम, तबरेज, करमनशाह, कराज और इस्फहान पर हमले किए। ईरान के मिनाब शहर में हुआ हमला अत्यंत दुखद बताया जा रहा है। ईरान का दावा है कि एक लड़कियों का स्कूल हमले की चपेट में आ गया, जिसमें 80 से ज्यादा बच्चियों की मौत हो गई।

राजधानी तेहरान का आसमान धुएं के गुबार से भर गया और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते दिखाई दिए।

अमेरिका और इजरायल ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के आवासीय परिसर के पास भी धमाके किए। जानकारी के अनुसार वहां 7 मिसाइलें गिरीं, हालांकि खामेनेई सुरक्षित बताए गए हैं। ▶10पर

## निशाने पर बुर्ज खलीफा



अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर संयुक्त एयर स्ट्राइक की, हमलों में ईरान के 30 शहरों को निशाना बनाया गया है। वहीं ईरान ने भी पलटवार किया है। ईरान ने ऑपरेशन फतह-ए-जंग के तहत मिडिल ईस्ट के 8 से ज्यादा देशों पर हमला किया। जिसके बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। दुबई और अबू धाबी में विस्फोटों की खबरें आई हैं। दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई। जिसके बाद हवाई अड्डे पर सभी उड़ानें अगले आदेश तक निलंबित कर दी गई हैं। ▶10पर

## अबू धाबी में हिंदू मंदिर बीएपीएस बंद

अबू धाबी में स्थित बीएपीएस हिंदू मंदिर को शनिवार को दिनभर के लिए बंद कर दिया गया, जबकि यूएई द्वारा ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट किए जाने के बाद दुबई में होने वाली एक कला प्रदर्शनी भी स्थगित कर दी गई । मंदिर ने एक्स पर जारी बयान में कहा कि वह मौजूदा आपात स्थिति और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहों के अनुरूप बंद रहेगा। इसे एहतियाती कदम बताया गया। मंदिर ने कहा कि सभी की सुरक्षा और भलाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

दुबई में दुबई इंटरनेशनल एकेडमिक सिटी (डीएआईसी), जुमैरा में आयोजित होने वाली Legacy of the UAE- A Celebration of Emirat-irrtistic Voices प्रदर्शनी के आयोजकों ने भी कार्यक्रम टालने की घोषणा की। टीम डीआईएसी ने कहा कि हमारे समुदाय की सुरक्षा और भलाई को ध्यान में रखते हुए हमने कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय लिया है। इससे पहले दिन में यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश की वायु रक्षा प्रणाली ने ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़े हमले का पूरी मजबूती के साथ सामना किया। अधिकारियों के मुताबिक कई मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर लिया गया और स्थिति नियंत्रण में है। अधिकारियों ने निवासियों से अपील की कि वे अपडेट के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें, क्योंकि क्षेत्र में इजरायल और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को तेहरान द्वारा अमेरिका और इज़राइल के हमलों का जवाब देने की कसम खाने के बाद ईरानी मिसाइलों ने खाड़ी के ▶10पर

### आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में हादसा

## पटाखों में धमाका, 20 मरे



**काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आंध्रप्रदेश के काकीनाडा जिले के सामरलकोटा मंडल के वेटलापालम इलाके में शनिवार को एक पटाखा कारखाने में हुए भीषण विस्फोट में 20 श्रमिकों की मौत हो गयी है और कई लोग घायल हो गये हैं। पुलिस ने बताया कि सूर्यश्री पटाखा बनाने वाली यूनिट में जबरदस्त धमाका हुआ, जिसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गयी। हादसे में कई और लोग घायल हो गये हैं। ज़्यादातर घायलों की हालत गंभीर है।

धमाका इतना जबरदस्त था कि हादसे की जगह से पांच किलोमीटर दूर आस-पास के गांवों तक आवाज सुनी जा सकती थी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों और घायलों में ज़्यादातर पटाखा बनाने वाली यूनिट के मजदूर हैं।

हादसे की जगह जंग के मैदान जैसी लग रही थी, क्योंकि कटे हुए हाथ-पैर, मांस और लाशें चारों तरफ बिखरी पड़ी थीं। दो फायर टेंडर मौके पर पहुंचे और आग बुझायी। बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे। मरने वालों में से कुछ की पहचान अदबाला श्रीनु, के कृष्णैया, के धनराजू, के कृपम्मा, एस सत्यवेनी, वी रवि, एम चिन्नी, एम करुणा, जी मंगा, जी महेश, जी रामू और जी नानी के तौर पर हुई है।

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस विस्फोट के बाद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को घटना और जारी राहत व बचाव कार्यों की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के समय कारखाने में लगभग 20 श्रमिक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने आग लगने की घटना पर दुख और शोक जताया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि घायलों को सबसे अच्छा चिकित्सा इलाज मुहैया करायें । इस बीच, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने भी इस दुखद घटना पर शोक जताया है। राज्यपाल ने दुखी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जतायी और घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना की।

## मोदी के लौटते ही जंग!

### ओवैसी ने समय को लेकर उठाये सवाल



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्त-ेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार, 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा की कड़ी आल-ेचना करते हुए इसे ईरान-इजरायल संघर्ष के बीच असमय और भारत की दीर्घकालिक विदेश नीति के साथ विश्वासघात बताया।

पश्चिम एशिया में भारत के लगभग अस्सी वर्षों के तटस्थ रुख का हवाला देते हुए ओवैसी ने प्रश्न किया कि प्रधानमंत्री ने इस ऐतिहासिक संतुलन को क्यों त्यागा। उन्होंने कहा कि भारत ने लंबे समय तक क्षेत्रीय संघर्षों में संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनाई है, जिससे उसके रणनीतिक और आर्थिक हित सुरक्षित रहे हैं। ओवैसी ने चेतावनी दी कि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय नागरिक कार्यरत हैं। ऐसे समय में जब ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ रहा है, प्रधानमंत्री की यह यात्रा क्षेत्र को क्या संदेश देती हैइस पर उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त की।

ओवैसी ने कहा कि यदि इजरायल-ईरान के बीच तनाव और अधिक बढ़ जाता और उस दौरान प्रधानमंत्री का विमान हवा में होता, तो स्थिति की गंभीरता कहीं अधिक स्पष्ट होती। उन्होंने इस टिप्पणी के माध्यम से संभावित कूटनीतिक और सुरक्षा जोखिमों की ओर इशारा किया।सांसद ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल यात्रा का इजरायल द्वारा राजनीतिक रूप से अपने रणनीतिक दृष्टिकोण के लिए फायदा उठाया गया।

ओवैसी ने कहा कि इजरायल, मोदी की उपस्थिति का उपयोग ऐसे समय में अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्रदर्शित करने के लिए कर रहा है, जब वह वैश्विक स्तर पर आलोचनाओं का सामना कर रहा है।ओवैसी ने केंद्र सरकार की दूरदर्शिता और जोखिम आकलन की कमी पर भी सवाल उठाया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री की यात्रा को ▶10पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $23^0$
न्यूनतम : $21^0$

## वरिष्ठ अधिकारी अरविंद निलंबित



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने शुक्रवार को 1991 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा फॉर्मूला ई मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को उनके विरुद्ध मुकदमा चलाने की अनुमति (प्रॉसिक्यूशन सैंक्शन) देने के बाद की गई है। हाल ही में हुए आईएएस अधिकारियों के बड़े फेरबदल के दौरान, अरविंद कुमार को राजस्व (आपदा प्रबंधन) के विशेष मुख्य सचिव पद से हटा दिया गया था। तब से सरकार ने उन्हें किसी नए पद पर नियुक्त नहीं किया था और वे वेटिंग फॉर पोस्टिंग पर थे। विशेष रूप से, अरविंद कुमार के सेवाकाल के केवल आठ महीने शेष बचे है और वे इसी वर्ष अक्टूबर में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।तेलंगाना राज्य के गठन के बाद यह पहला मामला है जब विशेष मुख्य सचिव रैंक के किसी इतने वरिष्ठ अधिकारी को आपराधिक मामले में आरोपी (ए2) बनाए जाने के बाद ▶10पर

## शारदा पीठम मामले में यू-टर्न, जमीन वापस



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए कोकापेट स्थित उस भूमि को शारदा पीठम के पास ही बनाए रखने का निर्देश दिया है, जिसे मूल रूप से पीठम को आवंटित किया गया था। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वॉटर सप्लाई एंड सीवेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी) को हाल ही में किए गए इस जमीन के आवंटन को रद्द कर दिया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, कोकापेट में शारदा पीठम को पूर्व में आवंटित भूमि के एक हिस्से को बाद में जल बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी) को दे दिया गया था। पीठम के प्रतिनिधियों द्वारा इस पर कड़ी आपत्ति जताए जाने और मुख्यमंत्री के संज्ञान में मामला लाने के बाद इस पर तत्काल समीक्षा की गई। समीक्षा के उपरांत मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल बोर्ड को किया गया आवंटन निरस्त माना जाए और भूमि पर शारदा पीठम का नियंत्रण यथावत रहेगा।

राज्य सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित एक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कोकापेट भूमि पर पीठम के तत्वावधान में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का विवरण मांगा। मुख्यमंत्री ने इस बात पर गहरी नाराजगी व्यक्त की कि जमीन के पुनरावंटन का निर्णय लेने से पहले अधिकारियों ने उन्हें वहां चल रहे निर्माण कार्यों की स्थिति के बारे में सूचित क्यों नहीं किया। उन्होंने इसे प्रक्रियात्मक चूक करार दिया। भविष्य में किसी भी प्रकार के भ्रम से बचने और बेहतर ▶10पर

## कलयुगी बेटे ने की माँ की हत्या

### शराब के लिए माँगे थे पैसे, नहीं दिये

**निज़ामाबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के निज़ामाबाद जिले के कोटगिरी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ शराब के लिए पैसे न देने पर एक 48 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी ही 70 वर्षीय वृद्ध माँ की कथित तौर पर हत्या कर दी। यह जघन्य अपराध शुक्रवार रात को घटित हुआ।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी मनाजी (48) शराब के नशे में धुत होकर घर पहुँचा था। उसने अपनी माँ, पी. भूमव्वा (70), से शराब खरीदने के लिए पैसों की माँग की। जब वृद्ध माँ ने पैसे देने से इनकार कर दिया, तो मनाजी आपे से बाहर हो गया और उनके साथ झगड़ा करने लगा।

कोटगिरी पुलिस ने बताया कि गुस्से में पागल मनाजी ने अपनी माँ पर पहले बोतल से प्रहार किया और उसके बाद डंडे से बुरी तरह पिटाई की। हमले की गंभीरता इतनी अधिक थी कि वृद्ध महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के समय आरोपी पूरी तरह नशे की स्थिति में था। हमले के बाद, परिवार के अन्य सदस्यों को इस घटना की सूचना मिली। ▶10पर





# इजरायल ने किया ईरान पर बड़ा हमला, तेहरान में धमाके से अफरा-तफरी, तनाव बढ़ा

**आकाश में धुएं का गुबार, एयर-राइज़ सायरन और बढ़ गई वैश्विक चिंता**

**तेल अवीव, 28 फरवरी (एजेंसियां)।**

मध्य पूर्व की गंभीर तनावपूर्ण स्थिति अब और भी भयावह होती नजर आ रही है, खासतौर पर तब जबकि इजरायल ने ईरान पर प्रिवेंटिव अटैक यानी एहतियाती सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। इजरायली रक्षा मंत्री ने शनिवार सुबह इस हमले की आधिकारिक पुष्टि की है और देशभर में राज्य आपातकाल की घोषणा की है। इस हमले के बाद तेहरान सहित कई इलाकों से जोरदार धमाकों की आवाज़ें और आसमान में धुएँ के गुबार की तस्वीरें सामने आई हैं।

इज़राइल ने अपनी सेना द्वारा जारी बयान में कहा है, कि यह कार्रवाई संभावित खतरे को पहले से रोकने के उद्देश्य से की गई है। इसी आशंका को देखते हुए इजरायली सेना ने अपने नागरिकों के लिए प्रोएक्टिव अलर्ट जारी करते हुए पूरे देश में सायरन बजाए और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी।

आईएसएफ (इज़रायल डिफेंस फोर्सेस) के आदेश पर जनता को शरणस्थलों में जाने व आवश्यक सावधानियाँ बरतने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि संभावित ईरानी मिसाइल हमलों से पहले लोग सुरक्षित रहें। सायरन की गूँज से तेल अवीव जैसे प्रमुख शहरों में भी तनाव का माहौल देखने को मिला है। बताया जा रहा है कि इस दौरान ईरान की राजधानी तेहरान में कम से कम तीन बड़े धमाके सुने गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में बताया गया, कि धमाकों की आवाजें शहर के मध्य भाग में गूँजीं और आसमान में धुएँ का गुबार उठता देखा गया। हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है कि यह हमले थे या अन्य घटनाक्रम।

विशेषज्ञों के मुताबिक, इस हमले का समय अत्यंत नाजुक है क्योंकि उभरते तनाव के बीच ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत जारी थी, जिसमें गुरुवार को जिनेवा में वार्ता का तीसरा दौर हुआ था। सैन्य कार्रवाई के शुरू होने से कूटनीतिक प्रयासों पर गंभीर सवाल उठ चुके हैं और यह तनाव पूरे मध्य पूर्व में व्यापक उभार का संकेत दे रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर से आरएसपी ने शुरू किया रोड शो

**काठमांडू।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने प्रतिनिधि सभा चुनाव के मद्देनजर काठमांडू में शनिवार को रोड शो किया,



जिसकी शुरूआत पशुपतिनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ की गयी। आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने और प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेन शाह ने एक साथ रोड शो में हिस्सा लिया। यह अभियान शनिवार सुबह पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुआ और शाम को बनस्थली चौक स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर समापन होने की योजना है। काठमांडू निर्वाचन क्षेत्र नंबर 9 से पार्टी के उम्मीदवार तथा पार्टी उपाध्यक्ष दीपी अर्याल ने कहा कि पशुपतिनाथ मंदिर से अभियान की शुरुआत करना सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह स्थल देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। उन्होंने कहा कि घंटी घर तक रैली का समापन पार्टी की पहचान और संगठनात्मक एकता को दर्शाने का प्रयास है। रोड शो के तहत पूरे दिन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रमुख सड़कों और चौराहों पर रैलियों का आयोजन किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर मतदाताओं से संपर्क किया और पार्टी का चुनाव चिह्न घंटी के पक्ष में समर्थन मांगा। राजधानी क्षेत्र में कुल 15 संसदीय क्षेत्र है जिनमें काठमांडू में 10, ललितपुर में 3 और भक्तपुर में 2 सीटें हैं। हुए रोड शो को आगामी चुनाव से पहले मतदाताओं के बीच पार्टी की उपस्थिति मजबूत करने और प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

### ट्रंप की चेतावनी के बाद दुनियाभर में हड़कंप, भारत समेत कई देशों ने खाली किए दूतावास

**वाशिंगटन।** मध्य पूर्व में गहराते भू-राजनीतिक तनाव और संभावित क्षेत्रीय संघर्ष की आशंकाओं ने पूरी दुनिया को चौकन्ना कर दिया है।



अमेरिका, ब्रिटेन, चीन और भारत सहित कई प्रमुख देशों ने अपने नागरिकों और दूतावास कर्मचारियों के लिए आपातकालीन सुरक्षा परामर्श (एडवाइजरी) जारी की है। यह स्थिति तब और अधिक विस्फोटक हो गई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही कूटनीतिक बातचीत पर गहरी निराशा व्यक्त की और सैन्य विकल्पों की ओर संकेत दिया। युद्ध के बढ़ते बादलों को देखते हुए वाशिंगटन ने यरूशलेम (इजरायल) और बेरूत (लेबनान) में तैनात अपने गैर-आपातकालीन कर्मचारियों को देश छोड़ने की अनुमति दे दी है। अमेरिका को अंदेशा है कि यदि ईरान पर हमला होता है, तो ईरान इजरायल को निशाना बनाकर जवाबी कार्रवाई कर सकता है। इसी क्रम में भारत, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और चीन जैसे देशों ने भी अपने नागरिकों को प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी बनाने या वहां से निकलने की सलाह दी है। ब्रिटेन ने तो ईरान से अपने राजनयिक कर्मचारियों को अस्थायी रूप से वापस बुलाने की भी घोषणा कर दी है। टेक्सास में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के संदर्भ में कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, मैं मौजूदा बातचीत के नतीजों से खुश नहीं हूं। वार्ता जारी है, लेकिन वे सही दिशा में नहीं बढ़ रहे हैं। जब उनसे ईरान पर संभावित हवाई हमलों के समय के बारे में पूछा गया, तो ट्रंप ने सैन्य रणनीति का खुलासा करने से इनकार करते हुए सिर्फ इतना कहा कि वे ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं देंगे। जिनेवा में अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ और जेरेड कुशनर के नेतृत्व में हुई हालिया वार्ता बेनतीजा रही है।

### चीन की बदलती डिफेंस टेक्नोलाजी और हाइपरसोनिक मिसाइलों से अमेरिका को लग रहा डर

**बीजिंग।** चीन की बदलती डिफेंस टेक्नोलाजी से अमेरिका हैरान है। ड्रैगन के पास अब ऐसे मिसाइल



सिस्टम और स्टील्थ फाइटर जेट्स हैं जो अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और उनके बेसिस को मिनटों में तबाह कर सकते हैं। अमेरिका को सबसे ज्यादा डर चीन की हाइपरसोनिक मिसाइलों से है क्योंकि इन्हें ट्रैक करना नामुमकिन है। चीन अपनी नेवी को भी दुनिया की सबसे बड़ी नेवी बना चुका है जिससे पैसिफिक ओशियन में उसकी पकड़ मजबूत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगर कभी युद्ध हुआ तो चीन के ये कैरियर किलर हथियार अमेरिका के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द साबित होंगे। इन हथियारों की रेंज और स्पीड इतनी ज्यादा है कि अमेरिकी डिफेंस सिस्टम थाड और पैट्रियट भी इनके सामने फेल हो सकते हैं। दुनिया अब एक नए कोल्ड वार की तरफ बढ़ रही है जहां चीन की मिसाइलें ग्लोबल पावर बैलेंस को बिगाड़ने की पूरी ताकत रखती हैं। चीन की डीएफ-17 मिसाइल को दुनिया का सबसे खतरनाक हथियार माना जाता है। यह मिसाइल आवाज की रफ्तार से पांच गुना ज्यादा तेजी से उड़ सकती है।

# पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जंग तेज, 325 से ज्यादा लोगों की मौत

**इस्लामाबाद का दावा 270 अफगान तालिबानी, आतंकी और काबुल का दावा- 55 से ज्यादा जवान मारे**

**इस्लामाबाद/काबुल, 28 फरवरी (एजेंसियां)।**




पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालिया झड़पों के बाद हालात बिलकुल बदल गए हैं। दोनों देश के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। आसमान पर युद्धक विमान गरज रहे हैं। बम के धमाकों से इलाका थर्रा उठा है। इस लड़ाई में अब तक कम से कम 325 लोग मारे गए हैं। इस्लामाबाद ने दावा किया है कि इस लड़ाई में 270 अफगान तालिबानी और आतंकवादी को ढेर कर दिया गया। काबुल का दावा है कि उसने 55 ज्यादा पाकिस्तान के सैनिकों को मार गिराया है। पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने कहा कि इस्लामाबाद के सब्र का बांध टूट गया है। उन्होंने अफगानिस्तान के साथ खुली जंग का ऐलान किया है।

ताजा रिपोर्ट्स में इस मौजूदा स्थिति का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान की सेना ने काबुल, कंधार और पक्तिया समेत अफगानिस्तान के कई हिस्सों पर हवाई हमला किया है।अफगान तालिबान सेना का दावा है कि उसने डूरंड रेखा पर पाकिस्तान की सेना के ठिकानों पर हमले करके जवाबी कार्रवाई की है और सीमापार झड़पों में 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। संयुक्त राष्ट्रसंघ मौजूदा संघर्ष पर चिंता जताई है।

अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि यह संघर्ष 26 फरवरी को रात आठ बजे शुरू हुआ। अफगान सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई में डूरंड रेखा के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी सेक्टरों में पाकिस्तान की चौकियों को निशाना बनाया। तालिबान के आर्मी प्रमुख के आदेश पर आधी रात को कार्रवाई रोक दी गई। बयान में दावा किया गया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। दो बेस और 19 मिलिट्री पोस्ट को नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तान के एक टैंक को नष्ट कर दिया गया। इस लड़ाई में आठ तालिबान लड़ाके भी हताहत हुए।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस संघर्ष पर टिप्पणी की है कि वह पाकिस्तान के साथ हैं। संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और आम लोगों पर इसके असर पर गहरी चिंता जताई। उन्होंन अफगानिस्तान और पाकिस्तान से फौरन हिंसा रोकने की अपील की है। इस बीच तालिबान का कहना है कि शुक्रवार को खोस्त और पक्तिका में पाकिस्तान के हवाई हमले में 19 आम लोगों की मौत हो गई और 26 घायल हो गए। इंटरनेशनल कमेटी आफ द रेडक्रास की अध्यक्ष मिरजाना स्पोलजारिक ने भी दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। इस लड़ाई के मद्देनजर ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में यात्रा न करने की सलाह दी। बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ हिस्सों में संघर्ष तेज हो गया है। इसलिए इन इलाकों के आसपास की यात्रा न करें। पाकिस्तान में रह रहे ब्रिटेन के लोगों से घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है। इस बीच पाकिस्तान सेना की जनसंपर्क शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने इस अभियान को गजब-लिल-हक नाम दिया है। उन्होंने कहा कि अफगान तालिबान सरकार को यह तय करना होगा कि वह पाकिस्तान के साथ है या तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), दाएश और अल-कायदा जैसे समूह के साथ। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान की सेना पूर्वी और पश्चिमी दोनों सीमाओं पर खतरों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सेना सभी मोर्चों पर कड़ी निगरानी रख रही है। सैन्य प्रवक्ता ने गजब-लिल-हक की सफलता पर कहा कि अब तक 274 अफगान तालिबान शासन के लोग और लड़ाके मारे गए हैं, जबकि 400 से ज़्यादा घायल हुए हैं। उन्होंने इन आंकड़ों को युद्ध के मैदान के उपलब्ध आकलन पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने दुश्मन की 73 चौकियों को नष्ट कर दिया और 18 पर कब्जा कर लिया। विरोधी सेनाओं के 115 टैंक, आर्मर्ड पर्सनल कैरियर और तोपें नष्ट कर दी गईं। उन्होंने पुष्टि की देश की रक्षा करते हुए 12 सैनिक शहीद हो गए, 27 दूसरे घायल हुए और एक सैनिक अभी भी लापता है।

# नोटों से भरा विमान हुआ क्रैश-15 की मौत, वहीं पैसे बटोरने वालों की लगी भीड़, मची अफरा तफरी



**ला पाज, 28 फरवरी (एजेंसियां)।**

**बोलीविया की प्रशासनिक राजधानी ला पाज़ के निकटवर्ती शहर एल आल्टो में शुक्रवार शाम एक बड़ा विमान हादसा हो गया जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। हादसे के बाद एक अजीबोगरीब स्थिति तब पैदा हो गई जब विमान में रखे करोड़ों के नए नोट पूरी सड़क पर बिखर गए।**

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि मलबे और धुएं के बीच सैकड़ों लोग बचाव कार्यों में मदद करने के बजाय बिखरी हुई नकदी को इकट्ठा करने के लिए दौड़ पड़े। भीड़ इतनी अनियंत्रित हो गई थी कि पुलिस और स्थानीय प्रशासन को लोगों को हटाने के लिए वाटर कैनन और दंगा नियंत्रण उपकरणों का इस्तेमाल करना पड़ा। बोलीविया के सेंट्रल बैंक ने पुष्टि की है कि विमान नए बैंक नोटों को देश के आंतरिक हिस्सों में ले जा रहा था। रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान ने एल आल्टो इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी ही थी कि खराब मौसम या तकनीकी खराबी के कारण वह अनियंत्रित होकर पास की मुख्य सड़क पर जा गिरा। सड़क पर गिरते ही विमान ने करीब एक दर्जन से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। मलबे की चपेट में आने से कई कारें पूरी तरह चकनाचूर हो गई हैं। विमान के गिरने के बाद उसमें भीषण आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस भयावह हादसे के बाद एल आल्टो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया और सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है। बोलीविया के रक्षा मंत्रालय और वायुसेना ने मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। अग्निशमन विभाग के प्रमुख पावेल तोवर ने बताया कि मृतकों में विमान के चालक दल के सदस्य और सड़क पर चल रहे वाहन सवार दोनों शामिल हो सकते हैं। फिलहाल घायलों का इलाज पास के अस्पतालों में चल रहा है।

## बीजिंग में आगामी 2026 चाइना फैशन वीक




चीन की राजधानी बीजिंग में आगामी 2026 चाइना फैशन वीक के लिए मॉडल कास्टिंग में शामिल हुई एक मॉडल। चाइना फैशन वीक के लिए एक मॉडल कास्टिंग हुई, जिसमें 1,500 से ज़्यादा मॉडल्स ने रनवे पर चलने के लिए मुकाबला किया।

# चागोस द्वीप विवाद के चलते, मारीशस ने मालदीव से तोड़े सभी राजनयिक संबंध

**माले, 28 फरवरी (एजेंसियां)।**



हिंद महासागर के दो प्रमुख द्वीपीय राष्ट्रों, मारीशस और मालदीव के बीच दशकों पुराने दोस्ताना रिश्तों में शुक्रवार, शुक्रवार को एक बड़ी दरार आ गई। मारीशस सरकार ने एक कड़ा कूटनीतिक कदम उठाते हुए मालदीव के साथ अपने सभी राजनयिक संबंधों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की घोषणा की है। यह फैसला चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता को लेकर मालदीव के अचानक बदले हुए रुख के विरोध में लिया गया है। भारत के इन दोनों मित्र देशों के बीच पैदा हुआ यह संकट वैश्विक राजनीति और हिंद महासागर की सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील माना जा रहा है। मारीशस के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मालदीव सरकार ने हाल ही में चागोस द्वीप समूह पर अपनी स्थिति पूरी तरह बदल ली है। मालदीव अब चागोस द्वीप समूह और उसकी क्षेत्रीय अखंडता पर मारीशस की संप्रभुता को मान्यता देने से इनकार कर रहा है। इसके साथ ही, मालदीव ने मारीशस और यूनाइटेड किंगडम के बीच चागोस को लेकर हुए हालिया ऐतिहासिक समझौते पर भी गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई हैं। मारीशस कैबिनेट ने इसे अपने राष्ट्रीय हितों और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन मानते हुए रिश्ते तोड़ने का सख्त निर्णय लिया है।

इस कूटनीतिक संकट की शुरुआत 5 फरवरी को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के स्टेट आफ द नेशन संबोधन से हुई थी। मुइज्जू ने दावा किया कि चागोस द्वीप समूह पर मालदीव का हक किसी भी अन्य देश की तुलना में कहीं अधिक मजबूत है। उन्होंने 2022 में मालदीव की तत्कालीन सरकार द्वारा मारीशस की संप्रभुता को दी गई मान्यता को औपचारिक रूप से रद्द कर दिया। मालदीव सरकार का तर्क है कि चागोस पर मारीशस का नियंत्रण मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र और समुद्री हितों के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

चागोस द्वीप समूह का विवाद आधुनिक इतिहास के सबसे उलझे हुए मुद्दों में से एक है। यह समूह मारीशस से 2,200 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है, जिसका सबसे बड़ा द्वीप डिएगो गार्सिया रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। 1965 में ब्रिटेन ने मारीशस की आजादी से ठीक पहले चागोस को अलग कर दिया था, जिसे मारीशस ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ बताया। शीत युद्ध के दौरान ब्रिटेन ने डिएगो गार्सिया को अमेरिका को पट्टे पर दे दिया, जहां आज अमेरिका का सबसे बड़ा विदेशी सैन्य अड्डा मौजूद है।

# ईरान-अमेरिका तनाव के बीच परमाणु समझौते की पहल, जीरो स्टाकपाइल फार्मूले से सुलझ सकता विवाद

**तेहरान, 28 फरवरी (एजेंसियां)।**



मध्य पूर्व में ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच कूटनीतिक गलियारों से एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। लंबे समय से अधर में लटकी परमाणु डील अब अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंचती दिख रही है। ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र अलबुसैदी ने खुलासा किया है कि दोनों पक्षों के बीच एक नया जीरो स्टाकपाइल फार्मूला तैयार हुआ है। इस प्रस्तावित समझौते के तहत ईरान भविष्य में परमाणु हथियार बनाने योग्य यूरेनियम का भंडारण नहीं करने पर सहमत हो गया है। यह विकासक्रम ऐसे समय में आया है जब चीन ने युद्ध की आशंका को देखते हुए तेहरान में मौजूद अपने नागरिकों को देश छोड़ने की चेतावनी जारी की है।

ओमान के विदेश मंत्री ने हालिया साक्षात्कार में स्पष्ट किया कि इस नए फार्मूले का अर्थ यह है कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम के स्तर को कम किया जाएगा। उसे ऐसे ईंधन में परिवर्तित कर दिया जाएगा, जिसका उपयोग दोबारा हथियार बनाने में नहीं किया जा सके। अलबुसैदी के अनुसार, यह समझौता 2015 के पिछले परमाणु समझौते से काफी अलग और अधिक प्रभावी होगा, क्योंकि इसके लागू होने के बाद ईरान के पास ऐसा कोई परमाणु पदार्थ शेष नहीं बचेगा जिससे बम का निर्माण संभव हो। इस समझौते की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बनाया गया है। समझौते के तहत ईरान की हर परमाणु गतिविधि, स्टाक और सामग्री की पूर्ण निगरानी की जाएगी। यदि यह समझौता सुचारू रूप से लागू होता है, तो भविष्य में अमेरिकी निरीक्षकों को भी ईरानी परमाणु केंद्रों की जांच करने की अनुमति मिल सकती है। तकनीकी स्तर पर वियना में बातचीत जारी है और माना जा रहा है कि राजनीतिक सहमति बनते ही 90 दिनों के भीतर स्टाक खत्म करने और जांच व्यवस्था लागू करने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। ओमान ने अमेरिका को स्पष्ट संकेत देते हुए चेतावनी दी है कि इस जटिल मुद्दे का समाधान केवल कूटनीति से ही संभव है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सैन्य कार्रवाई समाधान को और दूर ले जाएगी और क्षेत्रीय संकट को बढ़ाएगी। दूसरी ओर, अमेरिका ने फारस की खाड़ी में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ाकर ईरान पर दबाव बरकरार रखा है। अमेरिका चाहता है कि ईरान न केवल अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करे, बल्कि मिसाइल प्रोग्राम और क्षेत्रीय सहयोगियों पर भी अंकुश लगाए। ईरान ने इस दबाव के बीच सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि यदि उस पर हमला हुआ, तो वह उसका मुंहतोड़ जवाब देगा। साथ ही ईरान की शर्त है कि परमाणु कार्यक्रम पर किसी भी पाबंदी से पहले उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटाए जाने चाहिए। फिलहाल, वाशिंगटन से भी संकेत मिले हैं कि वे जारी वार्ता से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं, लेकिन भविष्य के घटनाक्रमों को देखते हुए अभी इंतजार करो और देखो की नीति अपना रहे हैं।

# प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों को मिलेगी इलाज की सुविधा

**लखनऊ,28 फरवरी (एजेंसियां) ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान कार्ड) के लाभार्थियों को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। सरकार प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा देने जा रही है। जल्द ही स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) प्रदेश के 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों से एमओयू साइन करने जा रही है। प्रदेश में कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पताल हैं। प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान कार्ड) के लाभार्थियों को बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। सरकार प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा देने जा रही है। जल्द ही स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) प्रदेश के 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों से एमओयू साइन करने जा रही है। प्रदेश में कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पताल हैं। प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज किया जा रहा है। इसके सफल परिणाम को देखते हुए योगी सरकार ने प्रदेश के अन्य 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज मुहैया कराने का निर्णय लिया है। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि जनवरी-2026 से प्रयागराज के कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान



कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। यहां पर मरीजों को कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉची, मेडिकल एंड सर्जिकल अनकालॉजी आदि गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही मुफ्त ओपीडी अप्वाइंटमेंट, मुफ्त जांच व गंभीर मरीजों को मुफ्त परिवहन की सुविधा दी जा रही है, जिसके सफल परिणाम सामने आए हैं।

इसी कड़ी में प्रदेश के अन्य 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ एमओयू साइन किया जाएगा। इसके लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) द्वारा औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना के कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों का इलाज सुनिश्चित किया जाएगा। इन अस्पतालों के जुड़ने से प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत पैनल्ड अस्पतालों की संख्या और अधिक बढ़ जाएगी। साचीज की एसीईओ डॉ. पूजा यादव ने बताया कि कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ समन्वय से आयुष्मान कार्ड धारक को बेहतर विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से गंभीर और जटिल बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।

साथ ही, गंभीर रोगियों के लिए पिक एंड ड्रॉप की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आवश्यक प्रक्रियाओं को आयुष्मान योजना के अनुरूप ढाला जा रहा है।

एमओयू के बाद इन अस्पतालों को योजना के पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे मरीजों के इलाज, बिलिंग और क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सकेगी। योगी सरकार की पहल से सेना क्षेत्र के अस्पतालों की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ आम नागरिकों को भी मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाला दबाव भी संतुलित होगा। कैंटोनमेंट अस्पतालों को आयुष्मान योजना से जोड़ने का निर्णय गरीब और जरूरतमंद नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

# आंध्र प्रदेश में पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट में 20 की मौत, 15 घायल, सीएम ने जताया दुख



**अमरावती,28 फरवरी (एजेंसियां) ।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार दोपहर एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। हादसा सामर्लकोटा मंडल के वेटलापालेम गांव में गोदावरी नहर के पास स्थित 'सूर्याश्री फायरवर्क्स' यूनिट में दोपहर करीब 2 बजे हुआ। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने जिला अधिकारियों से बात कर तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री, जो इस समय विजयनगरम जिले के दौरे पर हैं, ने गृह मंत्री वी. अनिता को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने को कहा। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने विस्फोट के कारणों और स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे राहत कार्यों की जानकारी ली। राज्य के श्रम मंत्री वामसेट्टी सुभाष ने 20 लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए घटना को बेहद दुखद बताया। विस्फोट इतना जोरदार था कि कई श्रमिकों के शव पास के खेतों में जा गिरे। कुछ शव क्षत-विक्षत अवस्था में खेतों में बिखरे मिले।

उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने भी हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उपमुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर और एसपी से बातचीत कर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यूनिट से अभी भी धमाकों की आवाजें आ रही थीं और घायलों को इलाज के लिए काकीनाडा ले जाया जा रहा है।

आंध्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पीवीएन माधव ने सोशल मीडिया पर इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गंभीर रूप से घायलों को बेहतर और मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए तथा मृतकों के परिवारों को पर्याप्त आर्थिक सहायता दे।वहीं, वाईएसआरसीपी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने एक्स पर पोस्ट कर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने सरकार से मृतकों के परिवारों के लिए उचित मुआवजे की घोषणा करने और घायलों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की मांग की।

आसपास के गांवों में दहशत फैल गई जब पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई और घना धुआं उठने लगा। स्थानीय लोगों के अनुसार धमाकों की आवाज करीब 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। विस्फोट की तीव्रता से आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गईं और एक नजदीकी गांव के स्कूल की छत में दरारें पड़ गईं।

# सम्राट चौधरी ने बक्सर में सीमेंट यूनिट का किया उद्घाटन



**पटना,28 फरवरी (एजेंसियां) ।** बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने शनिवार को बक्सर के ब्रह्मपुर में जेके सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के विशाल औद्योगिक संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विकास, निवेश और रोजगार के अवसर, एनडीए सरकार की प्राथमिकता है।

सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, बिहार में औद्योगिक क्रांति की ऐतिहासिक शुरुआत। आज बक्सर के ब्रह्मपुर में जेके सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के विशाल औद्योगिक संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल भी मौजूद रहे। बिहार की एनडीए सरकार की नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत जेके सीमेंट प्लांट के रूप में एक उपलब्धि हासिल हुई है। इससे बिहार में हजारों युवाओं को रोजगार और क्षेत्र को आर्थिक मजबूती मिलेगी। विकास, निवेश और रोजगार के अवसर, यही एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। जेके सीमेंट प्रतिष्ठान और बिहार वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने राज्य में दो फैक्ट्रियों के उद्घाटन पर कहा कि सीएम नीतीश कुमार और पीएम मोदी के नेतृत्व में सबसे ज्यादा बॉटलिंग प्लांट लगाए गए हैं।

बिहार सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बक्सर के ब्रह्मपुर में जेके सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित होकर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ यूनिट का उद्घाटन किया। यह परियोजना न केवल बक्सर, बल्कि पूरे क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी। स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, निवेश को बढ़ावा और आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

राज्य में उद्योगों के विस्तार और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण की दिशा में यह एक सशक्त कदम है। उद्योग, निवेश और रोजगार के माध्यम से विकास की नई संभावनाओं के सृजन हेतु एनडीए सरकार संकल्पित है।

# असम भाजपा ने 'जन आशीर्वाद यात्रा' के साथ चुनाव प्रचार की शुरुआत की

**गुवाहाटी,28 फरवरी (एजेंसियां) ।** असम में भाजपा ने शनिवार को 'जन आशीर्वाद यात्रा' शुरू करके अपने चुनाव अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस यात्रा का लक्ष्य प्रदेश भर में हर दिन कम से कम एक लाख लोगों तक पहुंचना है। प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली में ऐतिहासिक गुप्तेश्वर मंदिर से यात्रा को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर पार्टी नेताओं ने कहा कि इस आउटरीच प्रोग्राम का मकसद वोटरों से सीधे जुड़ना और आने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा सरकार की विकास की पहलों को दिखाना है।पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए सीएम सरमा ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा भाजपा के विकास, सुशासन और कल्याणकारी योजनाओं का संदेश असम के कोने-कोने तक पहुंचाएगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कैंपेन के दौरान जमीनी स्तर पर जुड़ाव को मजबूत करने का भी आग्रह किया।

यात्रा के पहले दिन जनता से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया देखी गई। अलग-अलग जगहों पर बड़ी भीड़ जमा हुई। भाजपा के वरिष्ठ



नेता, मंत्री और विधायक इस यात्रा में भाग लेने वाले हैं, जो आने वाले हफ्तों में कई जिलों से अलग-अलग चरणों में गुजरेगी।

असम भाजपा के अनुसार, 'जन आशीर्वाद यात्रा' पार्टी की चुनावी स्ट्रेटेजी का एक अहम हिस्सा है और इसका फोकस लोगों से सीधे बातचीत, फीडबैक इकट्ठा करने और बूथ लेवल पर पार्टी वर्कर्स को जुटाने पर होगा। यह कैंपेन राज्य के कई जिलों में जाएगा और 9 मार्च को खत्म होगा।

भाजपा सांसद प्रदान बरुआ ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा का मुख्य मकसद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को आने वाले चुनावी मुकाबले से पहले राज्य भर के लोगों से सीधे जुड़ने और उनका आशीर्वाद लेने का मौका देना है।

पार्टी के कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह यात्रा जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ने और असम के भविष्य के लिए भाजपा के विजन को बताने के लिए बनाई गई है। उन्होंने कहा कि कई सीनियर नेशनल लीडर, भाजपा के राज्य नेतृत्व के सदस्यों के साथ, कई चुनाव क्षेत्रों में यात्रा के अलग-अलग चरणों में मुख्यमंत्री के साथ रहेंगे।

भाजपा सांसद ने आगे कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा पिछले एक दशक में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को दिखाने के लिए एक प्लेटफॉर्म के तौर पर भी काम करेगी। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री सरमा के नेतृत्व में पिछले पांच सालों में लागू की गई पहलों पर खास जोर दिया जाएगा।बरुआ ने कहा, इस यात्रा के जरिए लोगों को हमारी सरकार के कामों के बारे में डिटेल में बताया जाएगा। मुख्यमंत्री और पार्टी के नेता सीधे लोगों से बात करेंगे और राज्य के विकास के लिए शुरू की गई अलग-अलग वेलफेयर स्कीम, इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट और पॉलिसी के बारे में बताएंगे। भाजपा इस यात्रा को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।बरुआ के मुताबिक, यात्रा के दौरान लोगों से मिले फीडबैक से पार्टी को अपनी आगे की स्ट्रेटेजी बनाने में भी मदद मिलेगी।

# मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन, सीएम फडणवीस ने समुद्री मार्ग के लिए तेज और आरामदायक विकल्प बताया

**मुंबई, 28 फरवरी (एजेंसियां) ।** मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन शनिवार को हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस परियोजना की तारीफ करते हुए समुद्री मार्ग से यात्रा करने में काफी महत्वपूर्ण बताया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर खुशखबरी साझा करते हुए लिखा, खुशखबरी! मुंबई से विजयदुर्ग रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन। मुंबई और विजयदुर्ग (जिला सिंधुदुर्ग) के बीच रो-पैक्स फेरी सेवा कल, 1 मार्च 2026 से शुरू हो रही है। उन्होंने आगे बताया, इससे कोंकण निवासियों को समुद्री मार्ग से यात्रा का एक तेज, आरामदायक और आनंददायक विकल्प मिलेगा। इस सेवा के माध्यम से मुंबई से विजयदुर्ग की यात्रा मात्र 6 से 7 घंटे में पूरी की जा सकेगी।यह सेवा महाराष्ट्र सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो कोंकण क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगी।



राज्य के मत्स्यव्यवसाय एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने भी इस परियोजना को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' बताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना 2014-2019 के दौरान फडणवीस के बंदरगाह विभाग संभालने के समय से ही चली आ रही है।

रो-पैक्स (रो-पैक्स) फेरी सेवा रोल-ऑन/रोल-ऑफ और पैसेंजर दोनों सुविधाओं वाली है। इसमें यात्री अपने वाहन (दो-पहिया, चार-पहिया) के साथ यात्रा कर सकते हैं। सेवा एम2एम प्रिंसेस जैसी हाई-स्पीड फेरी से संचालित होगी, जो दक्षिण एशिया की सबसे तेज पैसेंजर-कम-व्हीकल फेरी में से एक मानी जाती है।मुंबई के भाऊचा धक्का (फेरी व्हार्फ) से सुबह निकलकर यह विजयदुर्ग पहुंचेगी। शुरुआती चरण में मार्च में 16 दिनों का पायलट फेज चलेगा, जिसमें मुंबई और विजयदुर्ग से 8-8 प्रस्थान होंगे।

रोजाना यात्रा का समय सड़क मार्ग से 10-14 घंटे (ट्रैफिक सहित) लगता है, जबकि यह समुद्री मार्ग मात्र 6-7 घंटे में पूरा होगा। इससे समय की बड़ी बचत होगी और यात्रा आरामदायक बनेगी।विशेष रूप से शिमगा (होली) और गर्मी की छुट्टियों में कोंकण जाने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा। पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि कोंकण के बीच, विजयदुर्ग किला, सिंधुदुर्ग जैसे आकर्षण आसानी से पहुंच सकेंगे।

# बेटियों की सुरक्षा के लिए 100 गोली खाने को भी तैयार : पप्पू यादव

**नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां) ।** पूर्णिया लोकसभा सीट से सांसद पप्पू यादव ने बिहार की कानून व्यवस्था पर प्रदेश की डबल इंजन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पटना में आए दिन हत्याएं हो रही हैं और कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि वह बेटियों की सुरक्षा के लिए 100 गोली खाने को भी तैयार हैं। आईएएनएस से बातचीत में सांसद पप्पू यादव ने कहा कि मुझे गृहमंत्री के बारे में कुछ नहीं कहना है। उन्होंने कहा कि मेरे पास सबकी फाइल है। अगर सबकी फाइल है तो उसमें सत्ता और विपक्ष तरफ के नेताओं दोनों की फाइल होगी। उन्होंने कहा कि आप ब्लैकमेलिंग क्यों कर रहे हो? कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हो? मुझे तो साजिश के तहत मरवाना चाहते हैं। मुझे कभी भी फंसा सकते हैं। पटना में चार भाइयों की हत्या की गई। रोजाना आधा दर्जन से ज्यादा



लोगों की हत्या हो रही है, और आप मेरी सुरक्षा छीनकर अहंकार दिखाते हो। हम 100 गोली खाएंगे। बिहार के कानून व्यवस्था और बेटियों की सुरक्षा के लिए हम कुछ भी करेंगे। बेटियों की हिफाजत के लिए जो करना होगा हम करेंगे। इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को जमानत मिलने पर पप्पू यादव ने कहा कि जब आतंक हावी होने लगता है, डर फैलता है, और कानून का राज खत्म हो जाता है, जब सरकार हिटलर की तरह तानाशाही तरीके से चलती है, तो किसी को नहीं बख्शा जाता, शंकराचार्य को भी नहीं। जो लोग सनातन के बारे में बोलते हैं उन्हें टारगेट करके चुप करा दिया जाता है, जबकि जो लोग पाखंड, अंधविश्वास को बढ़ावा देते हैं और एजेंट की तरह काम करते हैं, उन्हें सपोर्ट किया जाता है। यह अब सिर्फ़ कांग्रेस की बात नहीं रही। गलगोटिया विश्वविद्यालय मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बजाय, वे उन लोगों को टारगेट कर रहे हैं जो देश की इज़्ज़त बचाने के लिए सड़कों पर उतरे। इसीलिए लड़ाई आर-पार की है। मरना होगा तभी देश आजाद होगा। देश की आजादी के लिए यह छोटी लड़ाई नहीं है, गोली खाने की तैयारी करनी पड़ेगी। लाठी खाने से नए अंग्रेजों से आजादी नहीं मिलेगी।

# केजरीवाल सिर्फ सुर्खियों के लिए दे रहे बयान, न्यायिक आदेशों में सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है : किरेन रिजिजू



**कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश), 28 फरवरी (एजेंसियां) ।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने दिल्ली के कथित शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को ट्रायल कोर्ट से मिली राहत पर बड़ी प्रतिक्रिया दी है। कांगड़ा प्रवास के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए रिजिजू ने न्यायिक प्रक्रिया और आम आदमी पार्टी (आप) की बयानबाजी पर तीखा हमला बोला। निचली अदालत के फैसले अंतिम नहीं ट्रायल कोर्ट द्वारा आप नेताओं को बरी किए जाने के सवाल पर रिजिजू ने इसे न्यायपालिका की एक सामान्य प्रक्रिया करार दिया।यह केवल एक प्रक्रिया है। जब किसी एक कोर्ट द्वारा आदेश दिया जाता है और यदि वह गलत आदेश होता है, तो उसे बड़ी बेंच या ऊपरी अदालत द्वारा सही किया जाता है। कानून में अपील का प्रावधान इसीलिए है ताकि सही निर्णय तक पहुँचा जा सके।उनके इस बयान से स्पष्ट है कि सरकार और जांच एजेंसियां निचली अदालत के इस फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देने के विकल्प पर पूरी तरह टिकी हुई हैं।अरविंद केजरीवाल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए हालिया बयानों पर केंद्रीय मंत्री ने पलटवार किया। रिजिजू ने कहा कि केजरीवाल सुर्खियों में बने रहने के लिए प्रधानमंत्री के खिलाफ 'अपशब्दों' का सहारा ले रहे हैं।उन्होंने आगे कहा, हम उन्हें रोक नहीं सकते। उन्हें बोलने की आजादी है और लोकतंत्र में हम उनकी यह आजादी नहीं छीन सकते।

**FORM IV**

Statement about ownership and other particulars about newspaper ( **SHUBH LABH** ) to be published in the first issue every year after the last day of February.

| | |
|---|---|
| 1. Place of publication | : MALKAJGIRI, NEW DELHI |
| ADDRESS | : PLOT NO. A- 23/5 & 6, 2ND FLOOR, A P I E, BALANAGAR, HYDERABAD, DIST. MEDHCHAL MALKAJGIRI- 500037, TELANGANA |
| 2. Periodicity of its publication | : DAILY |
| 3. Printer's Name | : GOPAL AGARWAL |
| Nationality | : INDIAN |
| Address | : PLOT NO. A- 23/5 & 6, 2ND FLOOR, A P I E, BALANAGAR, HYDERABAD, DIST. MEDHCHAL MALKAJGIRI- 500037, TELANGANA |
| 4. Publisher's Name | : GOPAL AGARWAL |
| Nationality | : INDIAN |
| Address | : PLOT NO. A- 23/5 & 6, 2ND FLOOR, A P I E, BALANAGAR, HYDERABAD, DIST. MEDHCHAL MALKAJGIRI- 500037, TELANGANA |
| 5. Editor's Name | : GOPAL AGARWAL |
| Nationality | : INDIAN |
| Address | : PLOT NO. A- 23/5 & 6, 2ND FLOOR, A P I E, BALANAGAR, HYDERABAD, DIST. MEDHCHAL MALKAJGIRI- 500037, TELANGANA |
| 6. Names and addresses of individuals who own the newspaper and partners or shareholders holding More than one per cent of the total capital. | : GOPAL AGARWAL<br>: PLOT NO. A- 23/5 & 6, 2ND FLOOR, A P I E, BALANAGAR, HYDERABAD, DIST. MEDHCHAL MALKAJGIRI- 500037, TELANGANA |

I, **GOPAL AGARWAL** hereby declare that the particulars given above are true to the best of my knowledge and belief.

Date : 01-03-2026

Sd/-
GOPAL AGARWAL
Signature of Publisher




## शादी के बाद रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की पहली फिल्म 'राणाबाली' का प्रोमो सॉन्ग रिलीज

साउथ सिनेमा इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय कपल रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की लंबे समय से सुर्खियों में बनी शादी 26 फरवरी को उदयपुर में एक निजी सेरेमनी में संपन्न हुई। यह जोड़ी बहुत जल्द एक साथ फिल्म में नजर आने वाले हैं। शादी के बाद भी रश्मिका और विजय लगातार लाइमलाइट में बने हुए हैं। शनिवार को 'टी-सीरीज तेलुगू' ने अपने यूट्यूब चैनल पर 'एन्धाय्या सामी स्पेशल सरप्राइज' नाम से एक वीडियो रिलीज किया, जिसमें रश्मिका और विजय की आगामी तेलुगू भाषी ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म 'राणाबाली' का प्रोमो सॉन्ग जारी किया गया। राणाबाली टीम की ओर से यह स्पेशल सरप्राइज, राणाबाली और जयम्मा के जीवन के इस खास पल का जश्न मनाते हुए शेयर किया गया है। मूवी का प्रोमो सॉन्ग रिलीज होते ही फैंस का उत्साह काफी बढ़ गया है। शादी के बाद कपल की यह पहली फिल्म है, जिसमें दोनों पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। फैंस ऑन और ऑफ स्क्रीन इस जोड़ी के दीवाने हैं।




वीडियो पर कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज और कमेंट्स आ चुके हैं, जिसमें रश्मिका और विजय की अपकमिंग मूवी से शादी के सीन को दिखाया गया है। स्क्रीन पर कपल की जबरदस्त रोमांटिक केमिस्ट्री फैंस को काफी पसंद आ रही है। वीडियो के सिंगर श्वेता मोहन और अजय गोगावले हैं। संगीतकार अजय अतुल हैं। सरस्वतीपुत्र रामजोगय्या शास्त्री गीतकार हैं। वहीं, रिकॉर्डिंग और मिक्सिंग विजय दयाल ने की है और संगीत रचना, संयोजन, निर्माण और संचालन अजय अतुल हैं।

'राणाबाली' मूवी के पोस्टर को रश्मिका और विजय ने शनिवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। फिल्म के पोस्टर को स्टोरी पर शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, यह हमारे लिए एक बहुत ही प्यारा सरप्राइज है और अब यह आपके लिए भी एक सरप्राइज है। राणाबाली और जयम्मा, ये हम हैं।

मूवी 'राणाबाली' में रश्मिका (जयम्मा) और विजय (रणाबाली) के मुख्य किरदार को निभाते नजर आएंगे, जो 11 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राहुल सांकृत्यायन द्वारा निर्देशित फिल्म की कहानी 19वीं सदी के ब्रिटिश शासित भारत और रायलसीमा के इतिहास से प्रेरित है।

## शिवालिका ओबेरॉय ने फ्लॉन्ट किया बेबी बंप

### पति अभिषेक पाठक के काम को लेकर किया खुलासा



फिल्म 'खुदा हाफिज' में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री शिवालिका ओबेरॉय इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। शनिवार को उन्होंने अपनी प्रेग्नेंस जर्नी को लेकर एक खास अपडेट देते हुए बताया कि वे अब मदरहुड की तैयारी में पूरी तरह से जुटी हैं। शिवालिका ने इंस्टाग्राम पर अपने पति अभिषेक के साथ अपने हालिया मैटरनिटी शूट की कई तस्वीरें पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में दोनों साथ नजर आ रहे हैं। वहीं, अभिनेत्री अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। शिवालिका ने अपनी पोस्ट में मजाकिया अंदाज में इसे 'को-प्रोडक्शन' बताया। उन्होंने लिखा, इसे को-प्रोडक्शन कहें। अभिषेक पाठक (पति) इन दिनों अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म दृश्यम की शूटिंग में व्यस्त हैं और मैं एक इंसान को बनाने में व्यस्त हूं। डील हो गई। शिवालिका ने आगे लिखा कि अभिषेक प्रेग्नेंसी के दौरान ही 'दृश्यम 3' की शूटिंग में व्यस्त हैं, वहीं उन्होंने इस खास सफर को ढेर सारी मैटरनिटी फोटोज के जरिए डॉक्यूमेंट करने का फैसला किया। उन्होंने लिखा, अभिषेक मेरी प्रेग्नेंसी के दौरान 'दृश्यम 3' शूट कर रहे हैं। अगर वे फ्री होते तो हम जितनी चाहें उतनी मैटरनिटी फोटो शूट करते। हालांकि, अभी दोनों प्रोडक्शन सफलतापूर्वक चल रहे हैं। शिवालिका ग्लैमरस और कॉन्फिडेंट लुक में नजर आ रही हैं। उन्होंने पहले भी अपने बेबी बंप को लेकर कुछ तस्वीरें शेयर की थीं।'दृश्यम 2' के डायरेक्टर अभिषेक पाठक और अभिनेत्री शिवालिका ओबेरॉय की लव स्टोरी 2020 में फिल्म 'खुदा हाफिज' के सेट पर शुरू हुई थी। इस फिल्म को अभिषेक ने प्रोड्यूस किया था।

पहली मुलाकात के बाद दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई और फिर अभिषेक ने तुर्की में शिवालिका को शादी के लिए प्रपोज किया।

## फिल्म छेलेधोरा में स्वास्तिका मुखर्जी का दमदार किरदार

भारतीय सिनेमा में महिलाओं के जटिल किरदारों को लेकर दिखाई गई फिल्मों में अब दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ी है। इसी कड़ी में एक नई बंगाली फिल्म 'छेलेधोरा' चर्चा में है, जो मां-बेटी के रिश्ते, अपराधबोध, और आत्म-खोज जैसी भावनाओं पर केंद्रित है। यह फिल्म एक इंडो-अमेरिकन प्रोडक्शन है और 1 मार्च से इसकी शूटिंग शुरू होने जा रही है। इस फिल्म में जानी-मानी अभिनेत्री स्वास्तिका मुखर्जी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया।





फिल्म में स्वास्तिका 'बृष्टि' नाम की एक तलाकशुदा महिला का किरदार निभा रही हैं, जो भावनात्मक रूप से काफी जटिल है और उसमें कई कमियां हैं। स्वास्तिका ने फिल्म को लेकर कहा, ''यह कहानी उन पलों की है, जब इंसान खुद को सबसे कमजोर महसूस करता है, लेकिन उसी समय उसके अंदर से असली ताकत निकलती है। बृष्टि ऐसा किरदार है, जिसे पहली नजर में लोग शायद पसंद न करें, क्योंकि वह जल्दबाजी में फैसले लेती है और कई बार गलतियां करती है। लेकिन, अपनी बेटी के लिए उसका प्यार सच्चा और बेहद गहरा है।''

कहानी में बृष्टि अपनी बेटी का जन्मदिन मनाने के लिए उसे बिना इजाजत अपने साथ ले जाती है। वह ऐसा कदम इमोशनल होकर उठाती है, लेकिन हालात अचानक गंभीर हो जाते हैं, जब बच्ची सच में किडनैप हो जाती है। इसके बाद, कहानी एक अलग मोड़ लेती है। बृष्टि को अपनी गलती सुधारने और बेटी को वापस लाने के लिए असामान्य रास्ता अपनाना पड़ता है।

स्वास्तिका ने बताया, ''कहानी में उनका यह सफर सिर्फ एक मां की तलाश नहीं है, बल्कि एक महिला की आत्म-खोज की यात्रा भी है। फिल्म इस बात को भी दिखाती है कि कई बार माता-पिता खुद अपनी कमियों को नहीं समझ पाते, लेकिन मुश्किल हालात उन्हें आईना दिखा देते हैं।''फिल्म का निर्देशन शिलादित्य मौलिक कर रहे हैं। उनका कहना है, '''छेलेधोरा' माता-पिता की कहानी है। फिल्म एक रोड जर्नी की तरह आगे बढ़ती है, जिसमें कई उतार-चढ़ाव और भावनात्मक मोड़ आते हैं। लेकिन, इसके केंद्र में हीलिंग, माफी और दूसरा मौका है। मेरा मानना है कि बच्चे कई बार बड़ों के लिए नैतिक दिशा दिखाने वाले बन जाते हैं और यह फिल्म उसी भावना को सामने लाती है।''

फिल्म की शूटिंग अरुणाचल प्रदेश के खूबसूरत शहरों ईटानगर और जीरो वैली में की जाएगी। शिलादित्य मौलिक ने कहा, ''अरुणाचल प्रदेश सिर्फ प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं, बल्कि वहां के प्रतिभाशाली कलाकारों और तकनीशियनों के लिए भी जाना जाता है। फिल्म की टीम में 14 सदस्य इसी क्षेत्र से हैं।''





## नैना के किरदार में खुद को तलाशती दिखीं संदीपा धर, बताई इस फिल्म को करने की वजह

अभिनेत्री संदीपा धर हालिया रिलीज फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आई थीं। फिल्म में उन्होंने नैना नाम की लड़की का किरदार निभाया था, जो बाहर से एकदम परफेक्ट लगती है, लेकिन अंदर से वह बहुत अकेली और भावनात्मक रूप से टूटी हुई होती है। अभिनेत्री ने हाल ही में आईएएनएस से बातचीत में अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने फिल्म को चुनने की विशेष वजह नैना का किरदार बताया। उन्होंने कहा, फिल्म में नैना का किरदार मेरे लिए सबसे बड़ा आकर्षण था। बाहर से वह परफेक्ट और खुशहाल दिखती थी, लेकिन अंदर ही अंदर वह बहुत अकेली और इमोशनली टूटी हुई थी। फिल्म में मेरे इस सफर को गहराई से दिखाया गया है। बाहर की परफेक्शन और अंदर की उथल-पुथल को दर्शाना एक्टर के तौर पर मेरे लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों था। अभिनेत्री ने आगे फिल्म की कहानी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, बहुत समय बाद एक ऐसी लव स्टोरी दर्शकों के सामने आई है, जो आम नहीं है। यह दो लोगों की कमजोरियों की कहानी है, जो धीरे-धीरे अपनी कमियों को स्वीकार करते हैं और एक-दूसरे को अपनाकर आगे बढ़ते हैं।

अभिनेत्री ने फिल्म को लेकर कहा कि ऐसी कहानियां कम देखने को मिलती हैं, जहां हीरो-हीरोइन अपनी कमजोरियों को जानते हुए भी एक-दूसरे को चुनते हैं।रिलीज के बाद संदीपा काफी संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, फिल्म रिलीज होने के बाद मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, क्योंकि यह वैसी ही बनी है, जैसा मैंने सोचा था। मेरा किरदार भी कुछ उसी तरह से देखा गया है। जब उम्मीदें पूरी होती हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है। मुझे पता था कि सेकंड हाफ में मृणाल के साथ मेरा टकराव वाला सीन अगर सही से किया जाए तो हाइलाइट बनेगा और ऐसा ही हुआ। कई लोगों ने उस सीन की खूब तारीफ की और अपने से रिलेट किया। फिल्म का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है, वहीं संजय लीला भंसाली के साथ प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार मिलकर इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं। अभिनेत्री ने सभी की तारीफ करते हुए कहा, संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन का हिस्सा बनना खास था, क्योंकि उनका विजुअल विजन बहुत मजबूत होता है। हमारे डायरेक्टर रवि उदयवार में भी विजुअल स्टोरीटेलिंग की गहरी समझ है। फिल्म में मुंबई और उत्तराखंड की खूबसूरती को जिस तरह दिखाया गया है, वह लाजवाब है। इससे पूरा अनुभव और मजेदार हो गया।उन्होंने अपनी बात को खत्म करते हुए कहा, फिल्म ने अपनी कहानी के जरिए कई गहरे मुद्दों को छुआ हैं, जैसे भाई-बहनों में तुलना, वैलिडेशन की जरूरत, सेल्फ-वर्थ, सिस्टरहुड, फैमिली वैल्यूज और परिवार में कभी-कभी होने वाली टॉक्सिसिटी भी। यह आज के रिश्तों और इमोशनल संघर्षों पर एक सच्चा नजरिया देती है।

## स्प्लिट्सविला एक्स 6 की यादों में डूबीं निया शर्मा

अपनी बेबाक और बिंदास पर्सनैलिटी को लेकर दर्शकों के दिलों में खास पहचान रखने वाली टेलीविजन इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री निया शर्मा इन दिनों एमटीवी के पॉपुलर रियलिटी शो 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री निया शर्मा ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर शो से रिलेटेड यादों को शेयर किया। इन तस्वीरों में उन्होंने शो के सेट से कई बिहाइंड-द-सीन्स मोमेंट्स शेयर किए, जिसमें होस्ट सनी लियोनी और करण कुंद्रा, उर्फी जावेद, हामिद बर्कजी और अन्य कंटेस्टेंट्स के साथ मजेदार पल शामिल थे। एक खास वीडियो में सनी लियोनी के बच्चे निशा, नोआ और अशर ने डिनर के दौरान प्यारी सी स्पीच दी। निया ने बताया कि शो के दौरान वह काफी इमोशनल हो गईं। उन्होंने बताया कि इस शो को याद करते हुए उनकी आंखों में आंसू आ गए थे।

निया ने लिखा, शो की यादों में खोकर मेरी आंखों में आंसू आ गए थे। ऐसे दिन जब आप खुश होने की कोशिश नहीं करते, बस सच में खुश होते हैं। सबसे अच्छे पल इतनी जल्दी यादें बन जाती हैं कि आप उन्हें पीछे नहीं लौटा सकते। 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' में बहुत प्यार और नफरत है, लेकिन शो को देखने वालों की संख्या बहुत जबरदस्त है।

उन्होंने आगे बताया कि एमटीवी चैनल उनके बचपन का पसंदीदा चैनल हुआ करता था। उन्होंने लिखा, इस सफर की शुरुआत करके मैं बहुत रोमांचित थी।

एमटीवी 'स्प्लिट्सविला एक्स 6' एक डेटिंग रियलिटी शो है, जो एमटीवी इंडिया पर आता है। शो के अब तक 16 सीजन आ चुके हैं और इस शो को सनी लियोनी और करन कुंद्रा होस्ट कर रहे हैं। वहीं, उर्फी और निया भी नजर आ रही हैं। इनका काम प्रतियोगियों को चुनौती देना और खेल में बाधाएं डालना होगा। वे हर कदम पर प्रतियोगियों को उलझाएंगी और उन्हें अपने निर्णयों पर दोबारा सोचने के लिए मजबूर करेंगी।स्प्लिट्सविला शो 9 जनवरी से एमटीवी चैनल और ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर प्रसारित हो रहा है।

# व्रत का पूर्ण फल पाने के लिए बताए गए शास्त्र विहित नियम, मान्यता है कि इससे व्रत पूर्ण फलित होता है



ज्योतिष शास्त्र अनुसार हमारे ऋषि-मुनियों ने बताया है कि व्रत तप का ही एक प्रासंगिक संक्षिप्त स्वरूप है। व्रत का विधान अधिकतर आध्यात्मिक या मानसिक शक्ति की प्राप्ति, चित्त अथवा आत्मा की शुद्धि, संकल्प शक्ति की दृढ़ता, वातावरण की पवित्रता, विचारों के उच्च एवं स्वास्थ्य के लिए हितकारी होता है। भारतीय संस्कृति में हमारे शास्त्रों के अनुसार व्रत के द्वारा व्यक्ति अपने भौतिक एवं पारलौकिक संसार की सुव्यवस्था करता है। इसमें प्रत्येक वर्ण, वर्ग, आयु, जाति, साधना पद्धति, आश्रम और अभिलाषा के लिए एक समान अवसर होता है।

**व्रत के दिन क्या करें** – व्रत के दिन प्रातःकाल नित्यप्रक्रिया सम्पन्न करके शुद्ध वस्त्र धारण करना चाहिए। उसके बाद पूर्व या ऊपर दिशा की ओर अभिमुख होकर हाथ में जल, चावल, सुपारी, पैसे और पुष्प लेकर मांगलिक व्रत का संकल्प लेना चाहिए। संकल्प लेने से व्यक्ति की आंतरिक प्रमुख शक्तियां सजग होकर उनका मनोबल बढ़ाती है एवं श्रद्धा और विश्वास से मन ओत-प्रोत हो जाता है। व्रत के दिन मन से प्रसन्न होकर दिनचर्या निभानी चाहिए, इस दिन यथासंभव मौन रहने से आंतरिक शक्ति की प्राप्ति होती है।

व्रत मानसिक एवं शारीरिक रूप से पवित्र रहने पर ही पूर्ण फलप्रदाता है। व्रत के दिन क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा, परनिंदा, आलस्य से बचना चाहिए। व्रत के दिन उससे सम्बन्धित देवी-देवता का ध्यान करके उनका चिंतन, दिन में उनकी महिमा का सात्विक साहित्य अध्ययन करने से मानसिक बल की प्राप्ति होती है। व्रत करते हुए दिन में सोने से परहेज करना अति उत्तम माना गया है। भारतीय संस्कृति में व्रत के पश्चात् अपने आराध्य को पूजा एवं मंत्र जप से प्रसन्न करें।

शिव-पार्वती से सम्बन्धित व्रतों में भगवान शिव की आराधना में धूप, दीप, गंध, चंदन का तिलक, चावल, बिल्वपत्र, पुष्प, शहद, यज्ञोपवीत, धतूरा, कमलगट्टा, आक का फल या फूल से अर्चना करें। मां गौरी को सुहागिन स्त्रियां और कुंवारी कन्याएं श्रृंगार भेंट करें। अति प्रसन्न एवं श्रद्धापूर्वक लाल हरी या पीतांबरी रंग की चुनरी उढ़ाए। शुद्ध घी का दीपक लगाकर आरती उतारें। भगवान शिव भोलेबाबा एवं मां गौरी अति कृपालु हैं, वे सुहागिन स्त्रियों का पति की दीर्घायु, सफल जीवन का एवं कुंवारी कन्याओं को मनोवांछित वर की प्राप्ति कराने में विलंब नहीं होने देते। अत्यंत श्रद्धापूर्वक किया गया प्रत्येक व्रत मनोकामना पूर्ति का सेतु बनता है।

# रवि प्रदोष व्रत से होगी महीने के पहले दिन की शुरुआत, जानें कब से लगेगा राहुकाल

नए महीने मार्च की शुरुआत बाबा भोलेनाथ के सबसे प्रिय दिन रवि प्रदोष व्रत के साथ हो रही है। माना जाता है कि प्रदोष व्रत रखने से पिछले पापों से भी छुटकारा मिल जाता है। महीने में दो बार प्रदोष व्रत पड़ता है, ऐसे में यह तिथि हर शिव भक्त के लिए प्रिय है। आज की तिथि और मुहूर्त की बात करें तो 1 मार्च, वार रविवार का दिन शुभ रहने वाला है क्योंकि ये दिन भद्रा से मुक्त है और किसी भी नए काम की शुरुआत अच्छा मुहूर्त देखकर की जा सकती है। 1 मार्च को त्रयोदशी शाम 7 बजकर 09 मिनट तक रहेगी और उसके बाद चतुर्दशी शुरू हो जाएगी। शुभ मुहूर्त की बात करें तो अभिजित मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 11 मिनट से लेकर 12 बजकर 58 मिनट तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्त शाम 6 बजकर 19 मिनट से लेकर 6 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। अमृत काल मुहूर्त सुबह 6 बजकर 18 मिनट से लेकर अगली सुबह 7 बजकर 51 मिनट (2 मार्च) तक रहेगा। 1 मार्च के दिन की शुरुआत ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बजकर 8 मिनट से लेकर 5 बजकर 57 मिनट तक रहेगी, जबकि विजय मुहूर्त सुबह 5 बजकर 33 मिनट से लेकर 6 बजकर 47 मिनट तक रहेगा।



अशुभ मुहूर्त की बात करें तो 1 मार्च को राहुकाल शाम 4 बजकर 55 मिनट से लेकर 6 बजकर 22 मिनट तक रहेगा। गुलिक काल दोपहर 3 बजकर 28 मिनट से लेकर 4 बजकर 55 मिनट तक रहेगा, जबकि यमगण्ड काल दोपहर 12 बजकर 34 मिनट से लेकर 2 बजकर 01 मिनट तक रहेगा। दुर्मुहूर्त शाम 4 बजकर 49 मिनट से लेकर 5 बजकर 25 मिनट तक रहेगा।

रविवार के दिन रवि पुष्य योग भी लगने वाला है, जिसका मुहूर्त सुबह 6 बजकर 47 मिनट से लेकर 8 बजकर 34 मिनट तक रहेगा। 1 मार्च को आडल योग नहीं लगने वाला है, लेकिन वर्ज्य मुहूर्त शाम 8 बजकर 59 मिनट से लेकर 10 बजकर 32 मिनट तक रहेगा। बात अगर रविवार के सूर्योदय की करें तो सूर्योदय सुबह 6 बजकर 47 मिनट पर होगा, जबकि सूर्यास्त शाम 6 बजकर 22 मिनट पर होगा, और चन्द्रोदय शाम 4 बजकर 17 मिनट पर होगा और अगले दिन सुबह 06 बजे (2 मार्च) तक रहेगा। रविवार के दिन दिशाशूल पश्चिम दिशा में रहेगा। इस दिशा में यात्रा करने से बचे।

# नर्मदेश्वर महादेव मंदिर: यहां तंत्र के देवता के रूप में होती है भगवान शिव की पूजा, मंडूक तंत्र के लिए प्रसिद्ध मंदिर

देश के हर शिवालय में शिवलिंग के सामने उनके अनन्य भक्त नंदी महाराज की प्रतिमा मौजूद रहती है, जहां बैठकर वे अपने आराध्य को निहारते हैं। नंदी महाराज की पूजा के बिना शिव की आराधना अधूरी मानी जाती है, लेकिन क्या आप उत्तर प्रदेश के ऐसे मंदिर में गए हैं, जहां भगवान शिव की सवारी नंदी नहीं, बल्कि मेंढ़क है और नंदी महाराज खड़े होकर अपने आराध्य को निहार रहे हैं? ऐसा अद्भुत नजारा नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में देखने को मिलता है, जिसे इच्छापूर्ति महादेव कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से लगभग 11-13 किमी दूर ओयल कस्बे के पास नर्मदेश्वर महादेव मंदिर स्थापित है, जिसे मेंढक मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर की वास्तुकला और इतिहास दोनों ही बाकी मंदिरों से काफी अलग हैं। पहले बात करते हैं मंदिर के स्थापत्य की। ऐसा लगता है कि मंदिर का भार एक मेंढक ने अपनी पीठ पर ले रखा है और बीचोबीच महादेव का शिवलिंग स्थापित है। मेंढक की पीठ पर आठ कमल की पंखुड़ियों जैसा आर्किटेक्ट भी देखा गया है। देखने पर ऐसा लगता है कि महादेव मेंढक की पीठ पर कमर की पंखुड़ियों के बीच स्थित है। मंदिर के चारों कोनों पर प्राचीन स्तंभ भी मौजूद हैं, जो शैव तंत्र का प्रमाण देते हैं।



माना जाता है कि नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के तार तंत्र से जुड़े हैं और यही कारण है कि भगवान शिव मेंढक की पीठ पर हैं। सामान्य भाषा में इसे 'मंडूक तंत्र' के नाम से भी जाना जाता है। धन और समृद्धि को आकर्षित करने, साधना और तंत्र कार्यों में सहायक और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए 'मंडूक तंत्र' का इस्तेमाल होता है और यह देश का पहला मंदिर है, जो 'मंडूक तंत्र' का प्रतिनिधित्व करता है।

मंदिर का निर्माण ओयल स्टेट के राजा बख्श सिंह ने कराया था, जिसे शैव संप्रदाय का प्रमुख तंत्र का केंद्र माना गया। मंदिर को बनाने का उद्देश्य तंत्र के साथ-साथ राज्य को बाढ़ और सूखे से भी बचाना था। मंदिर की भीतरी वास्तुकला भी चौंका देती है, जहां मंदिर के भीतर बनी भूलभुलैया आज भी रहस्य बनी हुई है। किसी को नहीं पता कि भूलभुलैया का रास्ता कहां जाता है।

मंदिर की स्थापना को लेकर कई किंवदंती मौजूद हैं। माना जाता है कि राज्य को सूखे की मार से बचाने के लिए ओयल स्टेट के राजा बख्श सिंह ने एक तांत्रिक के कहने पर मंडूक तंत्र का सहारा लिया था और राज्य में भारी बारिश की कारवाई थी। तभी से ये मंदिर तंत्र सिद्धि के लिए मशहूर है। मंदिर के गर्भगृह में मौजूद शिवलिंग और नंदी महाराज की प्रतिमा भी चमत्कारी है। स्थानीय मान्यता की मानें तो शिवलिंग दिन में तीन बार रंग बदलता है और नंदी महाराज की प्रतिमा अपने चारों पैरों पर खड़ी है। ये देखने में अचंभित करने वाला है, लेकिन भक्त इसे भगवान का चमत्कार मानते हैं।

# घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर करेंगे ये पांच फेंगशुई उपाय

वास्तुशास्त्र में घर से जुड़ी हर वस्तु की सही दिशा, स्थान, उपाय आदि बताए गए हैं जिनसे घर में सकारात्मकता बनी रहती है। इसी तरह कुछ ऐसे फेंगशुई टिप्स भी हैं जिनका ख्याल रखने से घर में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है। अगर आपके घर में बार-बार समस्याएं और बाधाएं आ रही हैं तो इन्हें दूर करने के लिए फेंगशुई टिप्स आजमा सकते हैं। ऐसा करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होने लगती है और आसपास का वातावरण शुद्ध व सकारात्मक होता है। जिससे घर-परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहता है और बरकत बढ़ती है।



**घर से बाहर निकालें ये पुराना सामान**

अगर आपके लंबे समय से पुराने कपड़े रखें हैं जिन्हें आप नहीं पहनते हैं तो उन्हें घर से बाहर कर देना चाहिए। साथ ही, पुरानी और खराब घड़ियों को भी घर में रखना शुभ नहीं माना जाता है। फेंगशुई के अनुसार, घर में पुराने ताले, जूते-चप्पल आदि घर से बाहर करते रहना चाहिए। इन चीजों को लंबे समय तक घर में रखने से सौभाग्य नष्ट हो सकता है।

**टॉयलेट से जुड़ी इन बातों का रखें ख्याल**

फेंगशुई के अनुसार, घर में टॉयलेट से जुड़ी कुछ बातों का ख्याल अवश्य रखना चाहिए। इसका दरवाजा कभी भी खुला नहीं रखना चाहिए। साथ ही, इस बात का ख्याल रखें की टॉयलेट में एक रोशनदान जरूर हो जो की बाहर की ओर खुलता हो। इस स्थान पर कांच या चीनी मिट्टी की कटोरी में साबुत नमक जरूर रखना चाहिए। इस बात का ख्याल रखें कि इसे समय-समय पर बदलना आवश्यक होता है। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा नहीं फैलती है।

**टूटा शीशा भूलकर भी न करें इस्तेमाल**

अगर आपके घर में टूटा शीशा रखा है तो उसे तुरंत वहां से हटा दें। मान्यता है की टूटे शीशे में मुख देखना शुभ नहीं होता है। साथ ही, इस प्रकार का शीशा या कांच घर में नहीं रखना चाहिए। इस बात का भी ख्याल रखें कि कबाड़ को घर में नहीं रखना चाहिए। ऐसा करने से आसपास नकारात्मक ऊर्जा बढ़ने लगती है जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिरहाने और इसके आसपास न रखें ये सामान**

फेंगशुई के अनुसार, रात के समय कभी भी अपने सिरहाने, तकिए या पलंग के नीचे कोई भी वस्तु रखकर नहीं सोना चाहिए। मान्यता है की इससे व्यक्ति की नींद और एकाग्रता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। साथ ही, अपने बिस्तर की तरफ घड़ी, फोन, दवाईयां आदि भी रखकर नहीं सोना चाहिए। ऐसा करने से भाग्य और जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

**नल से जुड़ी इस बात का रखें ध्यान**

अगर घर में लगे किसी भी नल से पानी टपकता हो तो उसे तुरंत ठीक करा लेना चाहिए। मान्यता है कि नल से लगातार पानी टपकना शुभ नहीं होता है और फेंगशुई में जल को धन माना गया है। ऐसे में इससे धन का नाश हो सकता है। इन फेंगशुई टिप्स का ख्याल रखने से घर से नकारात्मकता दूर रहती है। साथ ही, सुख-समृद्धि और शांति में वृद्धि होती है।

# होलिका दहन पर रहेगा भद्रा का साया

रंगों का त्योहार होली हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि के दिन बाद मनाया जाता है। होली के एक दिन पहले पूर्णिमा तिथि पर होलिका दहन किया जाता है। इस बार होलिका दहन 2मार्च 2026 को है फिर उसके एक दिन बाद 3 मार्च को होली खेली जाएगी। हिंदू धर्म में होली का त्योहार विशेष महत्व रखता है। होली के एक दिन पहले होलिका दहन होती है। जिसमें लोग बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं। होली के दिन सभी मिलकर एक दूसरे को रंग, अबीर और गुलाल लगाते हैं। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि फाल्गुनशुक्ल की प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा को भद्रा रहित में करना शास्त्रसम्मत बताया गया है। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 2 मार्च 2026 को शाम 5:56 बजे शुरू होकर 3 मार्च 2026 को शाम 5:07 बजे तक समाप्त होगी। प्रदोषकाल में पूर्णिमा होने से दिनांक 02 मार्च 2026 (सोमवार) को ही होलिका दहन होगा। इस दिन भद्रा सायं 05:56 से अन्तरात्रि 05:28 तक भूमिलोक (नैऋत्यकोण अशुभ) की रहेगी, जो कि सर्वथा त्याज्य है। इस वर्ष भद्रा भूलोक में और सिंह राशि में मानी जा रही है, इसलिए प्रदोष काल में होलिका पूजन और दहन शास्त्रसम्मत और श्रेष्ठ रहेगा। फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर होलिका पूजन का विशेष महत्व होता है। भद्रा काल में दान-पुण्य भी किया जा सकता है।



**नीतिका शर्मा**
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

इस बार होली चंद्र ग्रहण के साये में मनाई जाएगी। 3 मार्च को दोपहर 3:20 बजे चंद्र ग्रहण शुरू होगा और शाम 6:48 बजे समाप्त होगा। जयपुर में चंद्र उदय शाम 6:29 बजे और ग्रहण का समापन 6:48 बजे होगा, जिससे ग्रहण काल मात्र 18 मिनट का रहेगा। ग्रहण का सूतक मंगलवार सुबह 6:20 बजे से लागू होगा। ग्रहण पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र और सिंह राशि में बनेगा और भारत में दिखाई देगा। चंद्र ग्रहण होने से होलिका दहन 2 मार्च को एक दिन पहले ही करना शुभ रहेगा। इस प्रकार, रंगों का त्योहार 3 मार्च को मनाया जाएगा।

**होलिका दहन पर भद्रा का साया**

फाल्गुनशुक्ल की प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा को भद्रा रहित में करना शास्त्रसम्मत बताया गया है। फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 2 मार्च 2026 को शाम 5:56 बजे शुरू होकर 3 मार्च 2026 को शाम 5:07 बजे तक समाप्त होगी। प्रदोषकाल में पूर्णिमा होने से दिनांक 02 मार्च 2026 (सोमवार) को ही होलिका दहन होगा। इस दिन भद्रा सायं 05:56 से अन्तरात्रि 05:28 तक भूमिलोक (नैऋत्यकोण अशुभ) की रहेगी, जो कि सर्वथा त्याज्य है।

यथा :- भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी (रक्षाबंधन) फाल्गुनी ऐलिकादहन) तथा। श्रावणी नृपतिं हन्ति ग्रामं दहति फाल्गुनी ।। - मुहूर्तचिन्तामणि

**श्रेष्ठ मुहूर्त (प्रोषकाल)**

धर्मसिन्धु के प्रमाणानुसार दिनांक 02 मार्च 2026 सोमवार को सायं 06:24 से सायं 06:36 के मध्य प्रदोषकाल में होलिका दहन श्रेष्ठ होगा।

अन्य मुहूर्त :- भद्रा पुच्छ मध्यरात्रि 01:23 से 02:34 तक रहेगी, जिसमें परम्परा के अनुसार होलिका दहन किया जा सकता है, परन्तु भद्रा समाप्ति के बाद कदापि नहीं करें।

**निष्कर्ष :-** यदि भद्रा निशीथकाल से आगे तक रहे तो (भद्रा मुख को छोड़कर) होलिका दहन भद्रकाल (भद्रा पुच्छ या प्रदोष) में किया जाना चाहिए। 2 मार्च 2026 को, भद्रा और भद्रा पुच्छ ही निशीथकाल से आगे तक व्याप्त हैं। प्रदोष काल ही होलिका दहन हेतु श्रेष्ठ हैं।

**होलिका दहन के लिए मिलेगा सिर्फ 12 मिनट का समय**

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि 2 मार्च को शाम 5:56 बजे पूर्णिमा तिथि शुरू हो जाएगी, जो की अगले दिन यानी 3 मार्च को शाम 5:07 बजे तक रहेगी, जबकि इस दौरान सूर्यास्त नहीं होगा। इसलिए प्रदोष काल भी लागू नहीं होगा। इस वजह से होलिका दहन 2 मार्च सोमवार को शाम 6:24 बजे से 6:36 बजे के बीच किया जाना श्रेष्ठ रहेगा, जबकि धुलंडी 3 मार्च मंगलवार को मनाई जाएगी। खास बात यह भी है कि चंद्र ग्रहण 3 मार्च को दोपहर बाद 3:20 बजे शुरू हो जाएगा और ग्रहण का समापन शाम 6:48 बजे होगा।

**नहीं होते भद्रा में शुभ कार्य**

पुराणों के अनुसार भद्रा सूर्य की पुत्री और शनिदेव की बहन है। भद्रा क्रोधी स्वभाव की मानी गई हैं। उनके स्वभाव को नियंत्रित करने भगवान ब्रह्मा ने उन्हें कालगणना या पंचांग के एक प्रमुख अंग विष्टिकरण में स्थान दिया है। पंचांग के 5 प्रमुख अंग तिथि, वार, योग, नक्षत्र और करण होते हैं। करण की संख्या 11 होती है। ये चर-अचर में बांटे गए हैं। इन 11 करणों में 7वें करण विष्टि का नाम ही भद्रा है। मान्यता है कि ये तीनों लोक में भ्रमण करती हैं, जब मृत्यु लोक में होती हैं, तो अनिष्ट करती हैं। भद्रा योग कर्क, सिंह, कुंभ व मीन राशि में चंद्रमा के विचरण पर भद्रा विष्टिकरण का योग होता है, तब भद्रा पृथ्वीलोक में रहती है।

**होलिका दहन विधि**

होलिका दहन का तैयारी कई दिनों पहले से होने लगती हैं। होलिका दहन वाले स्थान पर लकड़ियां, उपले और अन्य जलाने वाली चीजों को एकत्रित किया जाता है। इसके बाद होलिका दहन के शुभ मुहूर्त पर विधिवत रूप से पूजन करते हुए होलिका में आग लगाई जाती है। फिर होलिका की परिक्रमा करते हुए पूजा सामग्री को होलिका में डाला जाता है।

**होली की पौराणिक कथा**

होली का त्योहार मुख्य रूप से विष्णु भक्त प्रह्लाद से जुड़ी है। भक्त प्रह्लाद का जन्म राक्षस परिवार में हुआ था, परन्तु वे भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप को उनकी ईश्वर भक्ति अच्छी नहीं लगती थी इसलिए हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को अनेकों प्रकार के कष्ट दिए। हिरण्यकश्यप ने कई बार भक्त प्रहाल को मारने की कोशिश की लेकिन हर बार नकामी ही मिली। तब हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को भक्त प्रह्लाद को मारने की जिम्मा सौपा। होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। उनकी बुआ होलिका जिसको ऐसा वस्त्र वरदान में मिला हुआ था जिसको पहनकर आग में बैठने से उसे आग नहीं जला सकती थी। होलिका भक्त प्रह्लाद को मारने के लिए वह वस्त्र पहनकर उन्हें गोद में लेकर आग में बैठ गई। भक्त प्रह्लाद की विष्णु भक्ति के फलस्वरूप होलिका जल गई लेकिन भक्त प्रह्लाद को कुछ नहीं हुआ। इसके प्रथा के चलते हर वर्ष होलिका दहन किया जाता है और अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है।

# धार्मिक विरासत से सामाजिक विद्रोह तक, श्री कालाराम मंदिर की ऐतिहासिक कहानी

भारत की पवित्र भूमि पर हजारों प्राचीन और ऐतिहासिक मंदिर मौजूद हैं, जो अपनी अद्भुत वास्तुकला, अनूठी परंपराओं और रहस्यमयी विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हीं में से एक महाराष्ट्र के नासिक के पंचवटी क्षेत्र में स्थित 'श्री कालाराम मंदिर' है, जो प्रभु श्री राम को समर्पित है। श्री कालाराम एक प्राचीन हिंदू मंदिर है, जो काले पत्थरों से बना है। मंदिर की मूर्तियां अनूठे काले पत्थरों से बनी हैं। इसलिए इसे कालाराम कहा जाता है। मंदिर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की काली प्रतिमाएं विराजमान हैं, जो गोदावरी नदी से प्राप्त हुई थीं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंदिर का यह स्थान भगवान श्री राम के 14 वर्ष के वनवास काल से जुड़ा हुआ है। माना जाता है कि यह पंचवटी क्षेत्र में स्थित है, जहां भगवान राम ने पत्नी सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ अपने वनवास का समय बिताया था।



श्री कालाराम मंदिर 1782 ईस्वी का बताया जाता है, जो 74 मीटर लंबा और 32 मीटर चौड़ा है। मंदिर के चारों दिशाओं में 4 दरवाजे हैं और महाद्वार से प्रवेश करने पर भव्य सभामंडप नजर आते हैं, जिसकी ऊंचाई 12 फीट है। मुख्य मंदिर में 14 सीढ़ियां हैं, जो राम के 14 वर्ष के वनवास काल को दर्शाती हैं।

मंदिर के चारों ओर 84 स्तंभ हैं, जो 84 लाख प्रजातियों के चक्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां हनुमान जी की भी एक काली मूर्ति है, जो प्रभु श्री राम के चरणों की ओर देखती नजर आती है। मंदिर की खासियत है कि यहां रामनवमी, दशहरा और चैत्र पड़वा बहुत ही धूमधाम के साथ मनाए जाते हैं। इस समय देश-दुनिया से हजारों श्रद्धालु प्रभु के दर्शन और उत्सव का हिस्सा बनने के लिए आते हैं।

श्री कालाराम मंदिर सिर्फ एक प्राचीन धार्मिक विरासत ही नहीं, इसका इतिहास और सामाजिक विद्रोह से भी जुड़ा है। यह 1930 में डॉ. भीम राव अंबेडकर के मंदिर प्रवेश आंदोलन का केंद्र रहा है। यहीं से डॉ. बीआर अंबेडकर ने दलितों के मंदिर में प्रवेश के लिए एक प्रमुख आंदोलन का नेतृत्व किया था, जिसके बाद दलितों को मंदिर में प्रवेश की इजाजत मिली।



# होली आई रे

**लेकर** रंगों की बहार इन्द्रधनुषी रथ पर होकर सवार ढेरों खुशियां संग लाई रे होली आई रे, आई रे, होली आई रे। रंगों की हो रही बौछार आई रंगों की बहार, लाल, हरा, गुलाबी, पीला कहीं पर काला, कहीं है नीला बच्चों के हाथों की पिचकारी छूटी ऐसे मार किलकारी डाल गई सतरंगी फुहार सब ओर मस्ती छाई रे, होली आई रे, आई रे, होली आई रे।
टोली में सब घूम रहे हैं, ढोलक के संग झूम रहे हैं, गब्बारों को चूमें जैसे आओ खेलें धूम मचाएं एक-दूजे संग होली मनाएं भूलें सब आपस के बैर समझें न आज किसी को गैर अजब खुशी-सी छाई रे होली आई रे, आई रे, होली आई रे। यह संसार रंगों से भर दो सबके सपने सच्चे कर दो मिल जाओ आपस में ऐसे पानी में रंग घुलते जैसे होली की पवित्रता को बच्चो हमेशा कायम रखना देखो इसकी मर्यादा का उल्लंघन तुम कभी न करना बस रहना सब घुलमिल कर यह संदेशा लाई रे होली आई रे, आई रे, होली आई रे।

*- लता स्वामी*

# रंगों की जादुई दुनिया

होली में हम एक-दूसरे को रंगते हैं, लेकिन इन रंगों से कई बीमारियों का इलाज भी किया जाता है। इसे कलर थैरेपी कहते हैं। होली के अवसर पर जानें कलर थैरेपी के बारे में...



**हमारे** चारों ओर एनर्जी की इलैक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्ज होती हैं, रंग इसका एक छोटा-सा हिस्सा हैं, जिसे हम वास्तव में देख सकते हैं। यह प्रोटॉन्स से बनता है। हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं, जहां रंग हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। सोचो, अगर जिंदगी में सब कुछ ब्लैक एंड व्हाइट होता, तो जिंदगी कितनी नीरस व उबाऊ लगती। सड़कों पर लगे साइनबोर्ड पढ़ने से लेकर यह देखने तक कि फल पका है या कच्चा, रंगों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

हम अपने रोजाना जीवन में रंगों का इस्तेमाल करते हैं, पर इनकी उपयोगिता को नहीं जानते। अगर हम इतिहास पर नजर डालें, तो हम देखते हैं कि विभिन्न सभ्यताओं ने रंगों के बारे में काफी अध्ययन किया।

**रंगों पर अध्ययन की शुरुआत**

प्रकाश (लाइट) के बारे में कुछ शुरुआती अध्ययन अरस्तु द्वारा किए गए। उन्होंने खोज की कि दो रंगों को मिलाने से तीसरा रंग बन जाता है। उन्होंने ऐसा पीले और नीले कांच के टुकड़ों को मिलाकर किया। इससे हरा रंग बन गया। उन्होंने यह भी खोज की कि प्रकाश तरंगों (वेव्ज) में ट्रैवल करता है।

प्लेटो और पाइथागोरस ने भी प्रकाश पर अध्ययन किया। सबसे पहले 1672 में न्यूटन ने रंगों पर अपना विवादास्पद पेपर पब्लिश किया। न्यूटन ने ही यह साबित किया था कि सूर्य की रोशनी सफेद नहीं, बल्कि लाल, संतरी, पीला, हरा, नीला, इंडिगो और बैंगनी सात विभिन्न रंग हैं।

**श्रेष्ठता के प्रतीक रंग**

आज हम अपनी पसंद के किसी भी रंग का चुनाव कर सकते हैं, पर हमेशा ऐसा ही नहीं था। पहले डाई के लिए पिगमेंट का इस्तेमाल किया जाता था। कपड़ों को बैंगनी रंगने के लिए जिस पिगमेंट का इस्तेमाल होता था, वह बहुत कीमती था। इसीलिए केवल अमीर लोग ही बैंगनी रंग के कपड़े पहनते थे। शायद यही कारण है कि बैंगनी रंग को ताकत, श्रेष्ठता और सत्ता का सूचक माना जाता है।

**रंगों की साइकोलॉजी**

दूसरे विश्वयुद्ध से पहले यह नोट किया गया कि लोग लाल रंग के कपड़े ज्यादा पहनते थे। लाल रंग साहस और शक्ति का प्रतीक है, जिसकी लड़ाई लड़ने वाले पुरुषों और महिलाओं को जरूरत थी। लाल रंग गुस्से, हिंसा और क्रूरता का भी प्रतीक है। जब युद्ध खत्म हो रहा था, तो नीला रंग काफी मशहूर हो गया। नीला रंग शांति का प्रतीक है, जिसकी उस समय सभी को बहुत जरूरत थी।

**स्किन से रंगों की पहचान**

यदि किसी व्यक्ति की आंखों की रोशनी चली जाती है, तो वह रंगों को स्किन के माध्यम से पहचान लेता है। हालांकि शरीर को इसे अडॉप्ट करने में समय लगता है, परंतु यह साबित हो चुका है कि जो लोग अंधे हैं, वे विभिन्न रंगों में फर्क कर सकते हैं।



**रंगों के प्रभाव**

हर रंग के अपने पॉजिटिव और नैगेटिव पहलू होते हैं। काले के साथ कोई दूसरा रंग पहनने से दूसरे रंग की एनर्जी बढ़ जाती है। रंग दवाई तो नहीं होते, पर इनसे बहुत-सी बीमारियों का इलाज किया जाता है। रंगों से किए जाने वाले ट्रीटमेंट को कलर थैरेपी कहते हैं।

**क्या है कलर थैरेपी ?**

प्रकाश ऐसी ऊर्जा है, जो सात रंगों से मिलकर बनी है, लाल, नारंगी, पीला, हरा, आसमानी, नीला, और बैंगनी। ये सारे रंग सूरज की किरणों से ही निकलते हैं। ये रंग मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से हमारे शरीर पर अपना प्रभाव डालते हैं। कलर थैरेपी के अंतर्गत हमारे शरीर में सात चक्र हैं, जिनपर इन रंगों का प्रभाव पड़ता है।

रंगों से कई तरह से उपचार किए जाते हैं। रंगों पर ध्यान लगाना, सोलराइज्ड पानी, रंग श्वसन, रंगीन प्रकाश और रंगीन कपड़ों द्वारा भी रोगों का उपचार किया जाता है। इन रंगों के प्रभाव से शरीर का असंतुलन ठीक हो जाता है।

**कलर थैरेपी का इतिहास**

हजारों सालों से मिस्त्र, ग्रीस, चाइना और भारत में रंगों से विजिन्न रोगों का इलाज किया जाता रहा है। यहां सूरज की पूजा की जाती थी, क्योंकि मान्यता थी कि रोशनी के बगैर जीवन नहीं हो सकता। लाइट डैप्रीवेशन के कारण सर्दियों के दौरान बहुत से लोग 'सीजनल अफैक्टिव डिस्ऑर्डर' (SAD) के शिकार हो जाते हैं। मिस्त्र में इलाज के लिए मंदिर बनाए गए, जहां विभिन्न कमरों में अलग-अलग रंग करवाए गए। कलर थैरेपी भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा का अभिन्न अंग माना जाता है।

**लाल**

लाल रंग अनीमिया, लो ब्लड प्रैशर, सर्दी- जुकाम, ब्रॉन्काइटिस, लकवा, निमोनिया, टीबी, अस्थमा में फायदा पहुंचाता है। यह हमारी इंद्रियों जैसे दृष्टि, गंध, श्रवण, स्वाद और स्पर्श की कमियों को भी दूर करता है।

**नारंगी**

नारंगी रंग मांसपेशियों की मरोड़ और ऐंठन, गॉल स्टोंस, फेफड़े, गुर्दे, ट्यूमर आदि के इलाज में सहायक होता है।

**पीला**

पीला रंग लाल और हरे रंग से मिलकर बना होता है, इसलिए इसमें इन दोनों रंगों के प्रभाव होते हैं। डायबिटीज, सैल्स डैमेज, पेट से जुड़ी समस्याएं, एक्जीमा, डायरिया आदि रोगों का उपचार इस रंग द्वारा किया जाता है।

**हरा**

हरा रंग प्रकृति का रंग है। यह हार्ट संबंधी बीमारियों, हाई ब्लड प्रैशर, अल्सर, सिरदर्द, एसिडिटी आदि से बचाव में सहायक होता है। यह हमारे शरीर की ऊर्जा उत्पन्न करने की शक्ति को भी संतुलित करता है।

**आसमानी**

आसमानी बढ़िया रोगाणु रोधक रंग है। यह श्वास लेने की क्रिया को संतुलित करता है। साथ ही यह सभी तरह के गले से संबंधित रोगों के लिए सहायक है। यह रंग चिकनपॉक्स, पीलिया, पोलियो आदि बच्चों में होने वाली बीमारियों के लिए भी अच्छा होता है।


**नीला**

नीला रंग चेहरे से जुड़ी कई समस्याओं के निराकरण में सहायक सिद्ध हुआ है। यह खून को साफ करता है, साथ ही अपेंडिसाइटिस और फेफड़ों की कमियों को भी दूर करता है।

**बैंगनी**


यह हड्डियों के विकास के लिए सहायक होता है। यह हमारे शरीर के पोटेशियम और सोडियम के संतुलन को भी ठीक करता है।

## हम बताएं, आप बनाएं




## रास्ता ढूंढ़ें

यह लड़की आइसक्रीम तक पहुंचने का रास्ता भूल गई है। क्या आप इसकी मदद करेंगे?



## तेजी से बढ़ता बांस



**पृथ्वी** पर बांस का अस्तित्व 20 करोड़ साल से भी अधिक पुराना है। यह पृथ्वी पर सबसे तेजी से बढ़ने वाला पौधा है। इसकी कुछ प्रजातियां प्रतिदिन 91 सैं.मी. तक की दर से बढ़ती हैं, अर्थात् 0.00003 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से।

## जिज्ञासा


# कैसे जलती है माचिस की तीली



**बच्चो,** हम कोई चीज जलाने के लिए माचिस का प्रयोग करते हैं। माचिस की डिबिया से हम एक तीली निकालते हैं और उसे माचिस की कम चौड़ाई वाली साइड पर रगड़ते हैं। रगड़ने पर तीली जल उठती है। क्या आप जानते हैं कि आखिर माचिस की तीली को आग कैसे लग जाती है?

असल में माचिस की खुरदरी सतह फास्फोरस के योगिकों से बनी होती है। फास्फोरस जरा-सी ऊष्मा यानी गर्मी पाते ही चिंगारी देने लगती है। माचिस की तीली के काले सिरे पर पोटाशियम क्लोरेट लगा होता है। पोटाशियम क्लोरेट ज्वलनशील पदार्थ होता है। इसे माचिस की खुरदरी सतह पर रगड़ने से ऊष्मा पैदा होती है। ऊष्मा मिलते ही सतह से चिंगारी निकलती है। इस चिंगारी से तीली के सिरे पर लगा ज्वलनशील पदार्थ जलने लगता है। इस तरह जलती है तीली। अगर तीली को किसी अन्य जगह पर रगड़ा जाए, तो वह नहीं जलती। इसका मुख्य कारण यह है कि उस जगह पर फास्फोरस नहीं लगा होता, फलस्वरूप तीली नहीं जलती।

## घोड़ा नहीं है हिप्पो



**हिप्पोपोटामस** धरती पर रहने वाला तीसरा सबसे बड़ा स्तनपायी है। इसका नाम ग्रीक शब्द 'हिप्पो' से लिया गया है, जिसका अर्थ है घोड़ा। पहले इसे 'दरियाई घोड़ा' कहा जाता था, पर हिप्पो घोड़े की बजाय सूअर के ज्यादा करीब है।

# दोस्त की परख




**एक** जंगल था। गाय, घोड़ा, गधा और बकरी वहां चरने आते थे। उन चारों में मित्रता हो गई। वे चरते-चरते आपस में कहानियां कहा करते थे। पेड़ के नीचे एक खरगोश का घर था। एक दिन उसने उन चारों की मित्रता देखी।

खरगोश पास जाकर कहने लगा- 'तुम लोग मुझे भी मित्र बना लो।' उन्होंने कहा- 'अच्छा।' तब खरगोश बहुत प्रसन्न हुआ। खरगोश रोज उनके पास आकर बैठ जाता। कहानियां सुनकर वह भी मन बहलाया करता था।

एक दिन खरगोश उनके पास बैठा कहानियां सुन रहा था। अचानक शिकारी कुत्तों की आवाज सुनाई दी। खरगोश ने गाय से कहा- 'तुम मुझे पीठ पर बिठा लो। जब शिकारी कुत्ते आएं, तो उन्हें सींगों से मारकर भगा देना।'

गाय ने कहा- 'मेरा तो अब घर जाने का समय हो गया है।' तब खरगोश घोड़े के पास गया। कहने लगा- 'बड़े भाई! तुम मुझे पीठ पर बिठा लो और शिकारी कुत्तों से बचाओ। तुम तो एक दुलत्ती मारोगे, तो कुत्ते भाग जाएंगे।' घोड़े ने कहा- 'मुझे बैठना नहीं आता। मैं तो खड़े- खड़े ही सोता हूं। मेरी पीठ पर कैसे चढ़ोगे? मेरे पांव भी दुख रहे हैं। इन पर नई नाल चढ़ी हैं। मैं दुलत्ती कैसे मारूंगा? तुम कोई और उपाय करो।'

तब खरगोश ने गधे के पास जाकर कहा- 'मित्र गधे! तुम मुझे शिकारी कुत्तों से बचा लो। मुझे पीठ पर बिठा लो। जब कुत्तो आएं, तो दुलत्ती झाड़कर उन्हें भगा देना।' गधे ने कहा- 'मैं घर जा रहा हूं। समय हो गया है। अगर मैं समय पर न लौटा, तो कुम्हार डंडे मार-मारकर मेरा कचूमर निकाल देगा।' तब खरगोश बकरी की तरफ चला।

बकरी ने दूर से ही कहा- 'छोटे भैया! इधर मत आना। मुझे शिकारी कुत्तों से बहुत डर लगता है। कहीं तुम्हारे साथ मैं भी न मारी जाऊं।' इतने में कुत्ते पास अ गए। खरगोश सिर पर पांव रखकर भागा। कुत्ते इतनी तेज दौड़ न सके। खरगोश झाड़ी में जाकर छिप गया। वह मन में कहने लगा 'हमेशा अपने पर ही भरोसा करना चाहिए।'

**सीख**- दोस्ती की परख मुसीबत में ही होती है।

## हमारे पक्षी

# फॉल्कन



**बच्चों,** आपको यहां शिकारी पक्षियों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। आइए आज आपको इन्हीं में से फॉल्कन के बारे में बताते हैं। फॉल्कन यानी बाज भारत सहित ग्रेट ब्रिटेन, अमरीका अफ्रीका आदि स्थानों में पाया जाता है। इसकी एक खास बात यह है कि इसकी आंखों की देखने की क्षमता जबर्दस्त होती है। सच तो यह है कि आदमी की अपेक्षा इसकी देखने की क्षमता 2.6 गुना अधिक है। इसके अलावा इन्हें पक्षियों में सर्वश्रेष्ठ शिकारी का दर्जा प्राप्त है।

**खान-पान**- फॉल्कन चूहों, छोटे पक्षियों और सांप आदि को अपना शिकार बनाता है।

**शिकार का तरीका**- बाज के मजबूत नाखून ही उसे शिकार पर पकड़ बनाने में मदद करते हैं। इसकी सहायता से यह अपने शिकार को आसानी से चीड़-फाड़ लेता है। इसका पिछला नाखून सबसे मजबूत होता है, जिसे किलर क्लॉ भी कहते हैं। फॉल्कन की चोंच में एक गड्ढेनुमा संरचना होती है, जिसकी मदद से ये शिकार की गर्दन को पकडकर उनकी सांस-नली को ही बंद कर देते हैं।

# डबल-इंजन सरकार राजस्थान को अवसरों की भूमि बना रही : पीएम मोदी



अजमेर, 28 फरवरी (एजेंसियां)।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ताकत से नहीं, संवेदनशीलता से काम करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डबल इंजन की सरकार विरासत को विकास के साथ मिलाकर राजस्थान को अवसरों की धरती में बदल रही है। अजमेर में कायड़ विश्राम स्थली पर कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक बड़ी पब्लिक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार 'डेवलप्ड राजस्थान के जरिए डेवलप्ड इंडिया' के विजन के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में प्रदेश तेजी से तरक्की के एक नए रास्ते पर चल पड़ा है। डबल इंजन की सरकार डेवलपमेंट के वादों को तेजी से पूरा कर रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि इस इवेंट के दौरान लगभग 17 हजार करोड़ रुपए के जिन प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और लॉन्च किया गया, उनसे सड़क, बिजली, पानी की सप्लाई, हेल्थ और एजुकेशन सेक्टर में डेवलपमेंट में तेजी आएगी, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के मौके भी पैदा होंगे।

पीएम मोदी ने 21,863 युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलने पर बधाई देते हुए कहा, दो साल पहले तक राजस्थान अक्सर भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचार और पेपर लीक के कारण सुर्खियों में रहता था। आज पेपर लीक पर रोक लग गई है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। डबल इंजन सरकार में युवा शक्ति और ज्यादा मजबूत हो रही है। संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ मां पूरे परिवार को मजबूत बनाती है। इसी भावना से केंद्र सरकार ने महिलाओं की भलाई के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं।

पिछली चुनौतियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 2014 से पहले टॉयलेट की सुविधा की कमी के कारण महिलाओं को मुश्किल और बेइज्जती उठानी पड़ती थी। कई लड़कियों को स्कूल छोड़ना पड़ता था। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर पहले चर्चा भी नहीं होती थी। हमने इन्हें संवेदनशीलता से और मिशन मोड में सुलझाया।

इस दौरान पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी योजनाओं के बारे में बताया, जो गर्भवती महिलाओं को पोषण के लिए 5 हजार रुपए देती है और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जिसका मकसद महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाना है।

पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान के विकास के लिए बेहतर रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी बहुत जरूरी है। बेहतर कनेक्टिविटी से न सिर्फ सफर आसान होता है, बल्कि टूरिज्म भी बढ़ता है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी सर्विस, टूर गाइड और लोकल कारीगरों के लिए मौके बनते हैं। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से राज्य में ज्यादा इन्वेस्टमेंट भी आता है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार यह पक्का करने के लिए कमिटेड है कि सिंचाई प्रोजेक्ट से किसानों को फायदा हो। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने ऐसे प्रोजेक्ट्स को दशकों तक पेंडिंग रखा, जिसमें ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) भी शामिल है। मौजूदा सरकार ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए तेजी से काम किया है।

उन्होंने आगे कहा कि रिवर-लिंकिंग पहल के तहत पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक और यमुना-राजस्थान लिंक जैसे प्रोजेक्ट्स से राज्य को काफी फायदा होगा। राजस्थान को भरपूर धूप वाली जमीन बताते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य अब सोलर एनर्जी के जरिए खुशहाली ला रहा है। उन्होंने कहा कि फ्री बिजली स्कीम के तहत रूफटॉप सोलर पैनल लगाने के लिए 78 हजार रुपए की मदद सीधे बेनिफिशियरी के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की जा रही है। राजस्थान में 1.25 लाख से ज्यादा परिवार इस स्कीम से जुड़ चुके हैं, जिससे कई घरों के बिजली बिल लगभग जीरो हो गए हैं। अजमेर को आस्था और वीरता की धरती बताते हुए पीएम मोगी ने मेजर दलपत सिंह समेत राजस्थान के वीरों की बहादुरी और इजरायली शहर हाइफा को आजाद कराने में उनके रोल को याद किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लंबे समय से पेंडिंग पानी के झगड़ों को सुलझाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि हथिनी कुंड बैराज से यमुना का पानी लाने का प्रोजेक्ट शेखावाटी इलाके में पानी की कमी का पक्का सॉल्यूशन देगा, जबकि रामजल सेतु लिंक प्रोजेक्ट 17 जिलों में पीने का पानी और सिंचाई की सुविधा पक्का करेगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पिछले दो सालों में 14 लाख से ज्यादा पानी के कनेक्शन दिए गए हैं और कर्मभूमि से मातृभूमि कैंपेन के तहत 4 लाख से ज्यादा ग्राउंडवाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राजस्थान 11 नेशनल स्कीम में पहले, पांच में दूसरे और सात में तीसरे नंबर पर है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में कुल क्राइम में 14 परसेंट की कमी आई है, जबकि महिलाओं के खिलाफ क्राइम में 10 परसेंट की कमी आई है।

### राजस्थान की विरासत और शौर्य का प्रदर्शन

## उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राष्ट्रीय अभिलेखागार की प्रदर्शनी का किया अवलोकन



**जयपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)।**
राजस्थान की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने शनिवार को जयपुर में राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा आयोजित 'भारत की विश्व विरासत: राजस्थान' विषयक विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, अद्वितीय वास्तुकला और ऐतिहासिक गौरव को वैश्विक पटल पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। विरासत और तकनीक का संगम अवलोकन के दौरान उप मुख्यमंत्री ने उन विभिन्न गैलरीज और एग्ज़िबिट्स को देखा जो राजस्थान के णछएडउज विश्व विरासत स्थलों, यहाँ की परंपराओं और शौर्य गाथाओं को जीवंत रूप में प्रदर्शित करती हैं।

प्रदर्शनी के साथ-साथ श्रीमती दीया कुमारी ने राष्ट्रीय अभिलेखागार में चल रहे डिजिटाइजेशन प्रोजेक्ट की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने ऐतिहासिक दस्तावेजों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से सुरक्षित रखने के प्रयासों को सराहा।श्रीमती दीया कुमारी ने राष्ट्रीय अभिलेखागार के अधिकारियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा हमारी सांस्कृतिक विरासत को बचाना और विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच इसे बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। ऐसी प्रदर्शनियाँ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर राजस्थान के शानदार अतीत के बारे में जागरूकता फैलाने में मील का पत्थर साबित होती हैं।

इस अवसर पर कला और संस्कृति जगत से जुड़े कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख हैं: डॉ. एस. एल. साहू: प्रभारी सहायक निदेशक, राष्ट्रीय अभिलेखागार (जयपुर केंद्र), श्री सी. एस. शेखावत: निदेशक, राजकीय अभिलेखागार, राजस्थान,श्रीमती अनुराधा गोगिया: अतिरिक्त निदेशक, जवाहर कला केंद्र, सुश्री निशा: अभिलेखाधिकारी

यह प्रदर्शनी न केवल किलों और महलों की वास्तुकला को दर्शाती है, बल्कि राजस्थान के उस ऐतिहासिक और सांस्कृतिक योगदान को भी रेखांकित करती है जो भारत की पहचान का अभिन्न हिस्सा है।

## भरतपुर ऑडिटोरियम की बढ़ी दरों पर उठा सवाल
### सीताराम गुप्ता ने शुल्क कम करने की मांग की

**भरतपुर, 28 फरवरी (एजेंसियां)।**
शहर के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक संगठनों द्वारा भरतपुर ऑडिटोरियम की बढ़ाई गई उपयोग शुल्क दरों को लेकर नाराजगी व्यक्त की जा रही है। इस संबंध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक निदेशक सीताराम गुप्ता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर दरों में की गई वृद्धि को वापस लेने का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि नगर विकास न्यास (वर्तमान में भरतपुर विकास प्राधिकरण) द्वारा शहर में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु ऑडिटोरियम का निर्माण कराया गया था। लेकिन अधिक शुल्क के कारण अधिकांश संस्थाएं इसका उपयोग नहीं कर पा रही थीं, जिससे भवन अधिकांश समय खाली रहता था। हाल ही में प्राधिकरण ने एक दिन के उपयोग का शुल्क 35 हजार रुपये से बढ़ाकर 45 हजार रुपये तथा सफाई शुल्क 5 हजार से बढ़ाकर 7 हजार रुपये कर दिया है। इसके अतिरिक्त बिजली उपयोग की दर 30 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित की गई है। सामाजिक संगठनों का कहना है कि इतनी अधिक दरों के कारण विद्यालय, महाविद्यालय, प्रशिक्षण संस्थान और सामाजिक संस्थाएं अपने वार्षिक समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं अन्य स्थानों पर आयोजित करने को मजबूर होंगी।



सीताराम गुप्ता ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि यदि शुल्क दरों को तर्कसंगत और न्यूनतम किया जाता है तो शहर की सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, विभिन्न संगठनों की भागीदारी बढ़ेगी तथा ऑडिटोरियम का उपयोग बढ़ने से प्राधिकरण की आय में भी स्वाभाविक वृद्धि होगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर छायाकार, सजावट, साउंड व लाइटिंग जैसे व्यवसायों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि सामाजिक एवं सामुदायिक हितों को ध्यान में रखते हुए भरतपुर विकास प्राधिकरण को बढ़ाई गई दरें वापस लेने तथा उपयोग शुल्क कम करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि भरतपुर संभाग मुख्यालय पर सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिल सके।

## पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य और सम्मान पर सरकार को संवेदनशील रुख अपनाना चाहिए : सैलजा

**सिरसा, 28 फरवरी (एजेंसियां)।**
पूर्व मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) से लाखों पूर्व सैनिक और उनके परिवार जुड़े हैं। यदि चिकित्सा बिलों का भुगतान लंबित रहता है और बजट आवंटन आवश्यकता से कम है, तो अस्पतालों की भागीदारी प्रभावित होती है तथा पूर्व सैनिकों को इलाज में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने केंद्र सरकार से ईसीएचएस के लिए पर्याप्त बजट सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि किसी भी पूर्व सैनिक को उपचार के लिए आर्थिक बोझ न उठाना पड़े। मीडिया को आज जारी एक बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने दिव्यांगता पेंशन पर आयकर लगाने के प्रस्ताव पर भी गंभीर पुनर्विचार की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता पेंशन आय नहीं, बल्कि सेवा के दौरान लगी चोट या अक्षमता का प्रतिकर है। देश की सेवा करते हुए घायल हुए सैनिकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के सम्मान और कल्याण की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है और केंद्र सरकार को इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में सामने आए कथित धान खरीद घोटाले को गंभीर मामला बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि 2025-26 में फसल खराब होने के बावजूद धान खरीद के बढ़े आंकड़े संदेह पैदा करते हैं। किसानों के नाम पर किसी भी प्रकार की धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डिजिटल स्क्रीन से थकती आंखों को आयुर्वेद की शक्ति
### क्रियाकल्प चिकित्सा पद्धति से किया जा रहा है नेत्र रोगियों का इलाज

**पंचकूला, 28 फरवरी (एजेंसियां)।**
डिजिटल स्क्रीन का अत्यधिक प्रयोग आंखों की दृष्टि को धूमिल कर रहा है। मोबाइल, कंप्यूटर-लेपटॉप और टीवी से आंखों में थकान और सिरदर्द की समस्या बच्चों, युवाओं, बजुर्गों और महिलाओं में बढ़ रही है। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला में आंखों की घटती दृष्टता का आयुर्वेदिक पद्धति से किया जा रहा उपचार उपयोगी साबित हो रहा है। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) संजीव शर्मा और डीन प्रोफेसर गुलाब चंद पमनानी के मार्गदर्शन में शालाक्य तंत्र विभाग की ओर से विभिन्न प्रकार की चिकित्सा पद्धतियों, जिनमें नेत्र व्यायाम, त्रिफला क्काथ, नेत्र परिषेक और नेत्र तर्पण जैसी प्रभावी चिकित्सा पद्धतियों से रोगियों का उपचार किया जा रहा है।

सोशल मीडिया का बढ़ता प्रचलन हर आयु वर्ग की आंखों की रोशनी को प्रभावित कर रहा है। नेत्र व्यायाम डिजिटल स्क्रीन के अतिप्रयोग जन्य थकावट से आंखों को स्वस्थ रखने में असरदार है। इससे आंखों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं, प्रतिदिन 5 से 10 मिनट इस व्यायाम को जरूर करना चाहिए।शालाक्य तंत्र विभाग में कार्यरत डॉ. गरिमा गुप्ता का कहना है कि विभाग की ओपीडी में हर रोज 50 से ज्यादा रोगी परामर्श और इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, इनकी आई विजन की स्थिति जांचने के बाद इलाज प्रक्रिया शुरू की जाती है।

## ऐतिहासिक होगा अग्रवाल वैश्य समाज का खुला अधिवेशन : पवन अग्रवाल

**अम्बाला, 28 फरवरी (एजेंसियां)।**
अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का वृंदावन में आयोजित होने वाले प्रदेशस्तरीय खुला अधिवेशन के प्रति वैश्यजनों के उत्साह को देखते हुए ये आयोजन ऐतिहासिक होने जा रहा है। समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में आगामी 7 मार्च 2026 को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में आयोजित होने वाली ये बैठक समाज की एकता, वैचारिक चिंतन और भविष्य की दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, उत्तर प्रदेश व्यापारी नेता रविकांत गर्ग, राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता, बनारसी दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय गुप्ता, वैश्य नेता पंकज जैन, युवा नेता एवं समाजसेवी नवीन गोयल, उद्योगपति एवं समाजसेवी वासूदेव गर्ग, राष्ट्रीय नवचेतना मंच के अध्यक्ष विजय सोमाणी बतौर अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। पवन अग्रवाल ने बताया कि आयोजन में भागीदारी को लेकर प्रदेश के कोने-कोने से वैश्यजन अपना पंजीकरण सुनिश्चित करवा रहें है। जिसे देखते हुए निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि प्रदेश का वैश्य समाज निश्चित रूप से अग्रवाल वैश्य समाज के मंच पर एकजुटता के साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी है और आयोजन की सफलता के लिए भी सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री पद के लिए संगठन का 9वां द्विवार्षिक चुनाव भी संपन्न करवाया जाएगा। यह चुनाव समाज के लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने और नेतृत्व को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन के पश्चात प्रतिभागियों को वृंदावन धाम के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन भी करवाए जाएंगे, जिससे सामाजिक विमर्श के साथ-साथ आध्यात्मिक अनुभूति का भी अवसर प्राप्त होगा।उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और रासलीलाओं से अनुप्राणित यह धरा आज भी कण-कण में आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण है और ऐसे दिव्य वातावरण में संगठन की बैठक समाज को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ भविष्य की कार्ययोजनाओं पर गहन चर्चा की जाएगी। अग्रवाल वैश्य समाज की यह आम सभा बैठक न केवल संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध होगी, बल्कि समाज के भविष्य की रूपरेखा तय करने में भी मील का पत्थर साबित होगी।

# आज का राशिफल

### मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ
अपने वज़न पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें। आज आपसे कोई पैसे उधार मांग सकता है पिता का तल्ख़ बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है। लेकिन हालात को नियंत्रण में रखने के लिए शांत रहें। इससे आपको फ़ायदा होगा। आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा नहीं रहेगा क्योंकि कई मामलों में आपसी असहमति रह सकती है; और इससे आपके रिश्ते कमजोर होंगे। आपकी बातें आज आपके करीबियों को समझ नहीं आएंगी जिसकी वजह से आप परेशानी महसूस करेंगे।

### वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो
आपको लंबे समय से महसूस हो रही थकान और तनाव से आराम मिलेगा। इन परेशानियों से स्थायी निजात पाने के लिए जीवन-शैली में बदलाव लाने का सही समय है। जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके ज़रिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। अगर आज आप ख़रीदारी के लिए निकलेंगे अपने जीवनसाथी के साथ सहीं भाषा में बात करना चाहिए । छोटे भाई के साथ आप के रिश्तों में प्रगाढ़ता आएगी। भगवती को गुलाब का फूल अर्पित करें जिससे दिन भर की दिक्कतें और मुश्किल से मुश्किल हालात भी आसानी से सुलझते हुई दिखाई देंगें।

### मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह
आपकी शाम कई जज़्बातों से घिरी रहेगी और इसलिए तनाव भी दे सकती है। लेकिन ज़्यादा चिंता करने की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि आपकी ख़ुशी आपकी निराशाओं के मुक़ाबले आपको ज़्यादा आनंद देगी। निवेश के लिए अच्छा दिन है, लेकिन उचित सलाह से ही निवेश करें। आज का दिन ख़ुशियों से भरा रहेगा, किसी कन्या को मिठाई खिलाए आज आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं। इससे आपके मन को शांति मिलेगी। आप के घर में आज शाम के वक्त स्वादिष्ट भोजन बन सकता है।

### कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो
शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफ़ी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं। आर्थिक पक्ष के मजबूत होने की पूरी संभावना है। अगर आपने किसी शख़्स को पैसा उधार दिया था तो आज आपको वो पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी ख़बर पूरे परिवार को ख़ुशी देगी। आप बच्चों के साथ में कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं जिससे जीवन में नयी ऊर्जा का संचार होगा आप के व्यक्तित्व मे ऐसा बदलाव देखकर परिवार मे आप का प्रभाव और भी बढ जाएगा ।

### सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे
लाभ लेने के लिए बड़ों को अपनी अतिरिक्त ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करना चाहिए। जो लोग लघु उद्योग करते हैं उन्हें आज के दिन अपने किसी करीबी की कोई सलाह मिल सकती है जिससे उन्हें आर्थिक लाभ होने की संभावना है। किसी भी चीज़ को अंतिम रूप देने से पहले अपने परिवार की राय लीजिए। महज़ आपका अपना फ़ैसला कुछ दिक़्क़त खड़ी कर सकता है। बेहतर परिणाम पाने के लिए परिवार में तालमेल पैदा करें। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर पर अपना खाली समय बिता सकते हैं।

### कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो
आपके पिता की कोई सलाह आज कार्यक्षेत्र में आपको धन लाभ करा सकती है. परिवार और बच्चों के साथ बिताया समय आपको फिर ऊर्जा से लबरेज़ कर देगा। आप खुद को समय देना जानते हैं और आज तो आपको काफी खाली समय मिलने की संभावना है। खाली समय में आज आप कोई खेल-खेल सकते हैं या जिम जा सकते हैं। काम की अधिकता आज आपको मानसिक रुप से परेशान कर सकती है। हालांकि शाम के वक्त थोड़ी देर ध्यान करके आप अपनी ऊर्जा वापस पा सकते हैं।

### तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते
आपका सबसे बड़ा सपना हक़ीक़त में बदल सकता है। लेकिन अपने उत्साह को क़ाबू में रखें, क्योंकि ज़्यादा ख़ुशी भी परेशानी का सबब बन सकती है। जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है। वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा। बच्चे की तबियत परेशानी का कारण बन सकती है। जीवनसाथी के ख़राब व्यवहार का नकारात्मक असर आपके ऊपर पड़ सकता है। किसी दोस्त की सहायता करके आज आप अच्छा महसूस कर सकते हैं। मंदिर मे नारियल का भोग अर्पित करें

### वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू
धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता ज़रूर दिलाएंगे। एक पारिवारिक आयोजन में आप सभी के ध्यान का केन्द्र होंगे। बातों को सही तरीके से समझने का आज आपको प्रयास करना चाहिए अपना समय बर्बाद करने से बचे । बाहरी लोगों का हस्तक्षेप आपके वैवाहिक जीवन में परेशानी उत्पन्न कर सकता है। कहीं से उधार वापस मिल सकता है जिससे आपकी कुछ आर्थिक समस्याएं दूर हो जाएंगी। बंदरों को केला और चना डालें रुका हुआ पैसा आने लगेगा ।

### धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे
अपने काम के लिए दूसरों पर दबाव न डालें। किसी करीबी दोस्त की मदद से आज कुछ करोबारियों को अच्छा-खासा धन लाभ होने की संभावना है। यह धन आपकी कई परेशानियों को दूर कर सकता है। किसी दूर के रिश्तेदार से अचानक मिली ख़बर आपका दिन बना सकती है। आपने बीते दिनों कार्यक्षेत्र में कई काम अधूरे छोड़े हैं जिसका भुगतान आज आपको करना पड़ सकता है। आज आपका खाली वक्त भी ऑफिस के काम को पूरा करने में ही लगेगा। आज आपका आत्मविश्वास कमजोर रह सकता है। इसका कारण आपकी खराब दिनचर्या है।

### मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि
कई लोग आज आपकी ख़ासी तारीफ़ कर सकते हैं। जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं वो अपने धन को आज बहुत संभालकर रखें। धन चोरी होने की संभावना है। परिवार के साथ सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता काफ़ी मानसिक दबाव पैदा कर सकती है। एक लम्बा दौर जो काफ़ी समय से आपको दबोचे हुए था, ख़त्म हो चुका है । लेकिन आज जब आपके वैवाहिक जीवन से जुड़ी कई प्यारी चीज़ें आपके सामने आएंगी, तो आप भावुक हुए बिना नहीं रह सकेंगे। आज अचानक तबीयत खराब हो सकती है जिससे आप सारे दिन भर परेशान रह सकते हैं।

### कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द
सेहत अच्छी रहेगी। आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। दोस्तों और परिवार के साथ मज़ेदार समय बीतेगा। आज ही लंबे वक़्त से चले आ रहे झगड़ों को सुलझा लें, क्योंकि हो सकता है कि कल बहुत देर हो जाए। दिन अच्छा है दूसरों के साथ-साथ आप अपने लिए भी वक्त निकाल पाएंगे। जीवनसाथी की ख़राब सेहत के चलते आप चिंताग्रस्त हो सकते हैं। आपकी तंदरुस्ती आज आपके घर वालों को खुशी देगी।

### मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची
ख़ुद को शारीरिक व्यायाम का मज़ा लेने दें आपकी माता पक्ष से आज आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है। हो सकता है कि आपके मामा या नाना आपकी आर्थिक मदद करें। कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा। अगर आप जल्दबाज़ी में निष्कर्ष निकालेंगे और ग़ैर-ज़रूरी काम करेंगे, तो आज का दिन काफ़ी निराशाजनक हो सकता है। ख़ुद तनावग्रस्त होने की झल्लाहट आप बेवजह अपने जीवनसाथी पर निकाल सकते हैं। आपके बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कर सकते हैं यदि आप उनका सहयोग करें तो।

# आज का पंचांग

दिनांक : 01 मार्च 2026 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : फाल्गुन , शुक्ल पक्ष
तिथि : त्रयोदशी रात्रि 07:11 तक
नक्षत्र : पुष्य प्रातः 08:35 तक
योग : शोभन दोपहर 02:32 तक
करण : कौलव प्रातः 07:56 तक
चन्द्रराशि : कर्क
सूर्योदय : 06:34, सूर्यास्त 06:22 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:35, सूर्यास्त 06:28 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:28, सूर्यास्त 06:20 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:25, सूर्यास्त 06:14 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : प्रदोष व्रत, रविपुष्य अमृत सिद्धि योग प्रातः 06:34 से 08:35 तक, गण्डमूल प्रातः 08:35 से


* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे

# हरीश राव ने 'भू भारती' पोर्टल की अनियमितताओं की SIT जांच की मांग की

**जनगांव, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने 'भू भारती' पोर्टल में अनियमितताओं के लिए कांग्रेस के कई नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से इस घोटाले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) गठित करने की मांग की।

राव ने आरोप लगाया कि आवेदक कृषि भूमि के पंजीकरण के लिए पूरा शुल्क दे रहे हैं। हालांकि, भू भारती पोर्टल में 'एडिट' विकल्प का उपयोग करके सरकार को केवल 10 प्रतिशत शुल्क का भुगतान किया जा रहा था, जबकि शेष 90 प्रतिशत कथित तौर पर बिचौलियों द्वारा हड़पा जा रहा था।शनिवार को यहां बीआरएस पार्टी कार्यालय में एक बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा:

यह अनियमितताएं 37 मंडलों में जारी हैं, फिर भी खुफिया एजेंसियां इस घोटाले से अनजान हैं, जो कांग्रेस सरकार की विफलता को दर्शाता है।जब तक मीडिया रिपोर्टों ने इस मुद्दे को उजागर नहीं किया, तब तक मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी को इस घोटाले की जानकारी नहीं थी।मामले को दबाने और बड़े नेताओं को बचाने के लिए केवल कुछ ऑपरेटरों को गिरफ्तार करना महज एक 'दिखावा' है।रेवंत रेड्डी विपक्षी नेताओं को परेशान करने के लिए आयोग और SIT बना रहे हैं। कांग्रेस सरकार भू भारती घोटाले की जांच क्यों नहीं कर रही है?

हरीश राव ने दावा किया कि लाखों एकड़ भूमि को जानबूझकर 'प्रतिबंधित श्रेणी' में डाला गया और अवैध वसूली के बाद ही उन्हें मुक्त किया गया। उन्होंने मांग की कि राज्य में प्रतिबंधित भूमि पर एक 'श्वेत पत्र' जारी किया जाना चाहिए।

उन्होंने पिछली सरकार से तुलना करते हुए कहा: बीआरएस शासन: केसीआर सरकार के दौरान 6.18 लाख किसानों को मुफ्त 'सदा बैनामा' के बाद पासबुक मिलीं। दूसरे चरण में 8.92 लाख किसानों ने आवेदन किया था।

कांग्रेस शासन: नए नियमों के तहत भूमि विक्रेताओं को बांड पेपर पर हलफनामा जमा करना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे अब तक एक भी किसान 'सदा बैनामा' की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाया है। उन्होंने इस 'बांड पेपर' नियम को तुरंत हटाने की मांग की।पूर्व मंत्री ने कांग्रेस पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने आवेदन मुफ्त करने का वादा किया था, लेकिन अब शुल्क वसूला जा रहा है। साथ ही, पंजीकरण के दौरान पासबुक के लिए 300 रुपये लिए जा रहे हैं, लेकिन छह महीने बाद भी एक भी पासबुक जारी नहीं की गई है। उन्होंने अंत में मांग की कि राजस्व मंत्री इन विफलताओं पर किसानों को स्पष्टीकरण दें।

# भीमाराम मंडल में दहशत: खेत में 'बिग कैट' के हमले से मवेशी घायल

**जगतियाल, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जगतियाल जिले के भीमाराम मंडल में शनिवार तड़के एक बाघ के हमले में तीन मवेशियों के घायल होने के बाद दहशत फैल गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार, भीमाराम मंडल के मुथकुरावपेट गांव के बाहरी इलाके में एक स्थानीय किसान ने पिछली रात कुछ बैलों और गायों को खेत में बांधा था। शनिवार सुबह जब किसान खेत पर गया, तो उसने देखा कि बाघ के हमले में तीन मवेशी घायल हो गए हैं। इसकी सूचना मिलने पर स्थानीय ग्राम प्रधान ने वन अधिकारियों को सूचित किया, जो ट्रैकर्स के साथ मौके पर पहुंचे और वहां से पदचिह्न (पगमार्क) उठाए।

वन अधिकारियों ने भीमाराम मंडल के सभी गांवों के निवासियों को जंगली जानवरों की आवाजाही के मद्देनजर सतर्क रहने की चेतावनी दी है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे खेतों में जाते समय समूहों में चलें और शाम को जल्दी गांव लौट आएं।

वन विभाग के अधिकारी इन पगमार्कों का मिलान अपने डेटाबेस में मौजूद निशानों से कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह वही बाघ है या कोई नया। चार दिन पहले भी, वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को गांवों के पास के वन क्षेत्र में बाघ की हलचल के बारे में सचेत किया था।पिछले पखवाड़े में जगतियाल और राजन्ना सिरसिला जिलों के विभिन्न मंडलों में तेंदुओं की आवाजाही भी अक्सर देखी गई है, जहां दोनों जिलों में मवेशियों पर तेंदुए के हमले की लगभग तीन घटनाएं दर्ज की गई हैं।

एक भ्रमणशील बाघ पिछले तीन महीनों से राज्य में घूम रहा है और महाराष्ट्र से तेलंगाना में प्रवेश करने के बाद से अब तक 11 जिलों की यात्रा कर चुका है। जनवरी में, यह हैदराबाद के करीब पहुंच गया था और यदाद्रि भुवनगिरी जिले के तुर्कापल्ली और यदाद्रि मंडलों में घूम रहा था।

वन अधिकारियों का मानना है कि बाघ अपना क्षेत्र स्थापित करने या साथी की तलाश में अपने जन्मस्थान से दूर चला गया है। इस बाघ ने राज्य में 40 दिनों के भीतर लगभग 13 हमलों में 20 के करीब मवेशियों को मार डाला है।

# सेंट मेरिस स्कूल में छात्रों द्वारा किया गया विज्ञान प्रदर्शन




**बेल्लमपल्ली, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** स्थानीय सेंट मेरिस स्कूल में शनिवार को छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एमईओ पोछैया स्कूल के फादर जैक ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में रचनात्मकता जागृत होती है।

उन्होंने आगे कहा, आज भारत के वैज्ञानिकों ने दुनिया भर में अपना नाम बनाया है। बचपन से ही बच्चों में कई खूबियां होती हैं। ऐसे जागरूक कार्यक्रम आयोजित करने पर बच्चों का मनोबल बढ़ता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका चेयरमैन दावा स्वाति, पार्षद और पाठशाला के अध्यापक भी शामिल हुए।

इस विज्ञान प्रदर्शन ने छात्रों को अपने विचार प्रस्तुत करने और वैज्ञानिक कौशल को विकसित करने का एक अनूठा प्लेटफॉर्म प्रदान किया।

छात्रों के इस प्रयास ने दर्शकों को प्रभावित किया और विज्ञान के प्रति उनके उत्साह को और बढ़ाया। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है।

# पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया





**मंचेरियाल, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** रामागुंडम पुलिस आयुक्त अंबर किशोर झा ने कहा है कि पुलिस अधिकारी अपने परिवार की भलाई के बजाय समाज की भलाई के लिए निरंतर अपनी ड्यूटी करते हैं। उन्होंने रिटायर हो रहे पुलिस अधिकारियों को सलाह दी कि अब उन्हें अपने परिवार को अधिक समय देना चाहिए।

शनिवार को रामागुंडम पुलिस कमिश्नरेट में आयोजित एक समारोह में लंबे समय तक सेवा देने वाले सेवा निवृत पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। पुलिस आयुक्त ने एसआई नक्का सैमुअल पॉल सीसीएस मंचेरियाला, एसआई नुने श्रीनिवास, मंदामरी एएसआई एच वेंकटेश बाबू, गोदावरीखानी वन टाउन, एआर हेड कांस्टेबल एंडी अलीमुद्दीन और हेड कांस्टेबल विजेंद्र रेड्डी को फूलों की माला पहनाकर और यादगार उपहार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए झा ने कहा कि पुलिस केवल अपने परिवार की भलाई से अधिक समाज की भलाई के लिए निरंतर अपनी ड्यूटी करती है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि रिटायर हो रहे पुलिस अधिकारियों को अपनी ड्यूटी के दौरान कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है और कभी-कभी उन्हें शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना भी अपना कार्य करना पड़ता है।

इस कार्यक्रम में एडिशनल डीसीपी एडमिन श्रीनिवास, एओ श्रीनिवास, इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद, आरआई शेखर, मल्लेशम, रामागुंडम पुलिस ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट बोरलाकुंटा पोचालिंगम के साथ-साथ रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के परिवार के सदस्य भी शामिल हुए।

यह समारोह उन पुलिस अधिकारियों की सेवा और समर्पण को मान्यता देता है, जिन्होंने समाज की सुरक्षा के लिए अपार मेहनत की है।

# सड़क दुर्घटना में बेल्लमपल्ली निवासी की मौत



**बेल्लमपल्ली, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शनिवार को सिद्दीपेट हाइवे रोड पर हुई एक सड़क दुर्घटना में बेल्लमपल्ली निवासी महम्मद रफी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। प्राप्त सूचना के अनुसार, हैदराबाद से बेल्लमपल्ली की ओर आ रही कार (टीएस 19 एफ 4694) ने हैदराबाद की ओर जा रही ट्रॉली से टकरा गई।

घटना स्थल पर ड्राइविंग कर रहे रफी की मौत हो गई। गाड़ी में सफर कर रहे अन्य घायल महिलाओं को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया।

सिद्दीपेट पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय नागरिकों ने सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।यह घटना न केवल बेल्लमपल्ली बल्कि आस-पास के क्षेत्रों में भी सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर करती है। स्थानीय अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रफी के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

हमें सड़क पर सतर्क रहना चाहिए और अपनी जिम्मेदारियों को समझना चाहिए, एक स्थानीय निवासी ने कहा।

सड़क हादसे की बढ़ती घटनाएं समाज के लिए चिंता का विषय बन चुकी हैं, और ऐसे में सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

# मंचेरियाल में रेल गाड़ी के नीचे आकर व्यक्ति ने की आत्महत्या



**मंचेरियाल, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** स्थानीय चुन्नम बट्टी वाडा निवासी रविंदर ने शनिवार सुबह रेल गाड़ी के नीचे आकर आत्महत्या कर ली। रेलवे जीआरपी कॉन्स्टेबल केंसाराम संपत ने बताया कि रविंदर छोटा-मोटा कारोबार करते हुए अपनी जिंदगी बिता रहे थे।

हाल के दिनों में उनकी तबीयत बिगड़ने के कारण वे मानसिक तनाव का सामना कर रहे थे, जिसके चलते उन्होंने यह कदम उठाया। मृतक के पत्नी और बेटे को इस घटना की सूचना दे दी गई है।

मृत शरीर को स्थानीय सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया है। पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस tragic घटना ने स्थानीय समुदाय को एक बार फिर चिंता में डाल दिया है, और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता को रेखांकित किया है।

# योग्य उपादी मजदूरों को काम दिया जाना चाहिए : दिव्या देवराजन



**आसिफाबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत, प्रत्येक पात्र व्यक्ति को रोजगार की गारंटी वाला काम प्रदान किया जाना चाहिए, राज्य पंचायत राज ग्रामीण विकास विभाग की आयुक्त दिव्या देवर-ाजन ने शनिवार को हैदराबाद से सभी जिलों के अपर कलेक्टर से कहा। कमिश्नर ने ग्रामीणविरुद्धि विभाग के अधिकारियों, एमपीडीओ और एपीएम के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में भाग लिया।

इस मौके पर आयुक्त ने कहा कि जिनके पास जॉब कार्ड है, उन्हें काम दिया जाये. एक नियम के रूप में, मंडल परिषद विकास अधिकारियों ईजीएसपीओ को मजदूरों से बात करने और काम पर आने के लिए हर गांव में बैठकें आयोजित करनी चाहिए। कार्यस्थल पर श्रमिकों को पेयजल, छाया एवं ओआरएस पैकेट उपलब्ध कराये जायें। उन्होंने कहा कि मजदूरों को काम नहीं देने वालों पर कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने कहा कि कुछ गांवों में जॉब गारंटी का काम शुरू नहीं हुआ है. वे अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर काम करना चाहते हैं और सभी को काम देना चाहते हैं। एकीकृत कलेक्टोरेट भवन परिसर के वीडियो कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में अतिरिक्त कलेक्टर एम डेविड, मंडल परिषद अधिकारी ईजीएस एपीओ ने भाग लिया. इस मौके पर अपर समाहर्ता ने कहा कि जिले में जॉब कार्डधारी सभी लोगों को काम देने के लिए कदम उठाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि गांवों में मजदूरों को काम दिलाने के लिए कदम उठाये जायेंगे, जो अभी शुरू नहीं हुआ है. यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की जाएगी कि कार्यस्थल पर मजदूरों को पीने का पानी और छाया ओआरएस पैकेट उपलब्ध हों।

मंडल परिषद विकास अधिकारी ईजीएस, एपीएम ने इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में भाग लिया।



**कोच मंडा श्रीनिवास ने बताया कि मंचरियाल जिले की अस्मिता ने इस महीने की 27 और 28 तारीख को हैदराबाद के कुकाटपल्ली स्थित जेएनटीयू विश्वविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में आयोजित जेएनटीयू विश्वविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 62 किलोग्राम से कम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव जी. वेंकटस्वामी बुची रामाराव ने अस्मिता को बधाई दी। यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का विषय है और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने का काम करेगी।**

# कालेश्वरम परियोजना के नंदी पंप हाउस से गोदावरी का पानी उठाना शुरू



**करीमनगर, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के हिस्से के रूप में निर्मित नंदी पंप हाउस के माध्यम से गोदावरी नदी का पानी उठाना शुरू कर दिया है।

पंपिंग प्रक्रिया: अधिकारियों ने दो मोटरों को चालू करके पानी उठाना शुरू किया है। इस पानी को नहर में छोड़ा जा रहा है, जहाँ से इसे रामदुगु मंडल के लक्ष्मीपुर स्थित गायत्री पंप हाउस तक पहुँचाया जाएगा। जल भराव क्षमता: गायत्री पंप हाउस में मोटर नंबर 1 और 7 को संचालित करके लगभग 0.30 टीएमसी पानी उठाया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य: यहाँ से पानी को फ्लड फ्लो कैनाल (नहर) के माध्यम से श्री राम सागर परियोजना कायाकल्प परियोजना की ओर मोड़ा जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार जीता रणजी ट्राफी का खिताब



हुबली, 28 फरवरी (एजेंसियां)।

**भारतीय घरेलू क्रिकेट में लंबे समय तक हाशिए पर रहने वाली जम्मू-कश्मीर टीम ने शनिवार को ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पहली बार रणजी ट्राफी का खिताब अपने नाम कर लिया। केएससीए राजनगर स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में जम्मू-कश्मीर ने आठ बार की चैंपियन कर्नाटक को पहली पारी में 291 रनों की विशाल बढ़त के आधार पर मात दी।**

मैच ड्रा रहा, लेकिन पहली पारी की बढ़त के कारण जम्मू-कश्मीर को विजेता घोषित किया गया। जम्मू-कश्मीर अब रणजी ट्राफी जीतने वाली 19वीं अलग टीम बन गई है। इससे पहले वह 2013-14, 2019-20 और 2024-25 में क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थी। पिछले सीजन में सेमीफाइनल की दौड़ में केरल से एक रन की पहली पारी की बढ़त के कारण बाहर होना पड़ा था। इस बार टीम ने उस दर्दनाक याद को जीत में बदल दिया।

बल्लेबाजी और गेंदबाजी का शानदार प्रदर्शन फाइनल में जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 584 रन बनाए, जो इस सीजन का उसका सर्वोच्च स्कोर रहा। शुबहम पुंडीर और कामरान इकबाल (शुभम खजूरिया की जगह अंतिम समय में शामिल) ने इस महत्वपूर्ण मैच में शतक जमाए।

गेंदबाजी में आकिब नबी ने करिश्माई प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में 54 रन देकर पांच विकेट झटके। वह इस सीजन में 60 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। पिछले सीजन में भी उनके नाम 44 विकेट थे, जिससे राष्ट्रीय टीम में चयन की मांग तेज हो गई है।

### अब्दुल समद और कप्तान पारस डोगरा का योगदान

मध्यक्रम के बल्लेबाज अब्दुल समद ने इस सीजन 748 रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाए। वहीं 41 वर्षीय कप्तान पारस डोगरा के लिए यह खिताब खास रहा। 153 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले डोगरा रणजी ट्राफी में 10,000 से अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। इस सीजन उन्होंने 637 रन बनाए, जिसमें मुंबई और दिल्ली के खिलाफ शतक शामिल हैं।

### परवेज रसूल की भविष्यवाणी हुई सच

पूर्व भारतीय खिलाड़ी परवेज रसूल ने फाइनल से पहले कहा था कि पहली बार फाइनल में पहुंचना ही राज्य के क्रिकेट के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। अब खिताब जीतने के बाद जम्मू-कश्मीर क्रिकेट नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ने को तैयार है। यह जीत राज्य में क्रिकेट के भविष्य को नई दिशा देने वाली साबित हो सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### पिता के निधन के बाद टीम से जुड़ें रिंकू सिंह, देश के लिए निभाई जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा स्टार रिंकू सिंह अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच उनके पिता का निधन हो गया, लेकिन इस गहरे दुख के बावजूद रिंकू ने हिम्मत दिखाते हुए टीम इंडिया में दोबारा शामिल हो गए है और वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के इडन गार्डन में होने वाले मैच के लिए तैयार हैं। रिंकू 26 फरवरी को भारत और जिम्बावे के बीच खेले गए मैच में मैदान पर मौजूद थे। हालांकि वे प्लेइंग-11 का हिस्सा नहीं थे, लेकिन सब्सटीट्यूट फील्डर के रूप में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई। मैच खत्म होने के कुछ घंटे बाद, 27 फरवरी की सुबह उन्हें उनके पिता खानचंद सिंह के निधन की दुखद सूचना मिली। उनके पिता लिवर कैंसर के चौथे स्टेज से जूझ रहे थे। सूचना मिलते ही रिंकू चेन्नई से सीधे अपने शहर अलीगढ़ पहुँचे और अपने पिता के पार्थिव शरीर को कंधा देकर अंतिम संस्कार किया। इससे पहले भी, वह टूर्नामेंट के दौरान अपने पिता की खराब तबीयत के चलते अस्पताल गए थे, लेकिन देश की जिम्मेदारी को देखते हुए टीम के साथ जिम्बाब्वे मैच से पहले फिर जुड़ गए थे। भारत का अगला और बेहद अहम मुकाबला 1 मार्च को इडन गार्डन में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला जाएगा। यह मैच किसी क्वार्टर फ़ाइनल से कम नहीं है, क्योंकि जीतने वाली टीम सीधे सेमीफाइनल में जगह बनाएगी। टीम की जरूरत को देखते हुए रिंकू का यह फैसला क्रिकेट जगत और प्रशंसकों के बीच बेहद सराहा जा रहा है। निजी त्रासदी के बावजूद देश के लिए तत्पर रहने का उनका यह साहसिक कदम युवाओं के लिए प्रेरणा बन गया है।

### दिल्ली ने सीनियर महिला वनडे ट्राफी जीती, फाइनल में रेलवे को 7 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने शनिवार को मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में खेले गए सीनियर महिला वनडे



ट्राफी (एलीट) फाइनल में रेलवे को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। यह सीनियर वर्ग में इस प्रारूप का दिल्ली का दूसरा खिताब है। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने 29 ओवर के भीतर मुकाबला समाप्त कर दिया। ओपनर प्रिया पुनिया ने 90 गेंदों पर 76 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि उनकी साझेदार प्रग्या रावत ने 56 गेंदों में 46 रन बनाए। रेलवे की पूनम यादव ने दो विकेट जरूर झटके, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और टीम वापसी नहीं कर सकी। इससे पहले रेलवे ने टास जीतकर बल्लेबाजी चुनी, लेकिन टीम 133 रनों पर सिमट गई। दयालन हेमलता ने 105 गेंदों पर 64 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली, पर उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। पूनम यादव ने 19 रन बनाए, जो टीम का दूसरा सर्वोच्च स्कोर रहा। दिल्ली की ओर से पारुनिका सिसोदिया ने 10 ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। सोनी यादव, नजमा और दिशा नागर ने दो-दो विकेट लेकर रेलवे की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई।

### संजू सैमसन को अब मौका लपकना होगा : अश्विन

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया की बल्लेबाजी पहली बार पूरी तरह चमककर सामने आई



जब ग्रुप स्टेज खत्म हो चुका था और सुपर-8 का पहला मुकाबला टीम हार चुकी थी। सेमीफाइनल की उम्मीदें अगर-मगर पर टिकी थीं, लेकिन जिम्बाब्वे के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों ने ऐसा प्रदर्शन किया जिसने टूर्नामेंट में नई जान फूंक दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टी20 वर्ल्ड कप इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर 256 रन खड़ा किया और मुकाबला 72 रन से जीत लिया। इस मैच में संजू सैमसन को मौका दिया गया और उन्हें अभिषेक शर्मा के साथ ओपनिंग में उतारा गया। दोनों ने सिर्फ 22 गेंदों में 48 रन की तेज साझेदारी की। सैमसन 15 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन उन्होंने पावरप्ले में वह आक्रामक शुरुआत दे दी जिसकी टीम को सख्त जरूरत थी। इस दमदार जीत और सैमसन की पारी पर दिग्गज आफ स्पिनर रवचन्द्रन अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर खास प्रतिक्रिया दी। अश्विन ने कहा कि सैमसन को आक्रामक क्रिकेट के रास्ते पर चलते रहना होगा और यह उनके लिए सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा, मैं जिस संजू सैमसन को जानता हूं, मुझे उसकी क्षमता पर पूरा भरोसा है। भारत को वर्ल्ड कप के दौरान ओपनिंग में समस्या थी, लेकिन इस मैच ने उसे दूर कर दिया। अगर सैमसन यहां से फाइनल तक 15 गेंदों में 28 या 30 रन भी बना देते हैं, तो वह टीम के लिए अपना काम कर चुके होंगे। बड़े स्कोर भी बन सकते हैं, लेकिन उनकी भूमिका यही है तेजी से टीम को शुरुआत देना।

## टी20 वर्ल्ड कप-2026

# जीतकर भी हारा पाकिस्तान



**पल्लेकेले, 28 फरवरी (एजेंसियां)।** टी 20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान का सफर खत्म हो गया है। शनिवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ 5 रनों से जीत दर्ज करने के बावजूद पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सका। वहीं, न्यूजीलैंड ने अंतिम चार में अपनी जगह बना ली है। पाकिस्तान से मिले 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका 6 विकेट खोकर 207 रन ही बना सकी। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए श्रीलंका को 147 या उससे कम रनों पर रोकना था। हालांकि, मेहमान टीम के गेंदबाज ऐसा करने में नाकाम रहे। पाकिस्तान से मिले 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत खराब रही। पथुम निसांका 7 गेंदों का सामना करने के बाद महज 3 रन बनाकर आउट हुए। कामिल मिशारा अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे, और वह 26 रन बनाकर आउट हुए। चरित असंलका को 25 रनों के स्कोर पर अबरार अहमद ने क्लीन बोल्ड करते हुए पवेलियन भेजा। कामिंडु मेंडिस सिर्फ 3 रन ही बना सके, जबकि जनिथ लियानागे 5 रन बनाकर आउट हुए। पवन रत्नायके ने एक छोर संभाले रखा और उन्होंने 37 गेंदों में 58 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 4 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं, कप्तान दासुन शनाका ने अंतिम ओवरों में तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 31 गेंदों में 76 रनों की नाबाद पारी खेली, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।

पारी के 19वें ओवर में शनाका ने 18 और अंतिम ओवर में 22 रन बनाए। आखिरी ओवर में जीत के लिए श्रीलंका को 28 रनों की जरूरत थी। शनाका ने इस ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाया, लेकिन आखिरी दो गेंदों पर वह बड़ा शॉट नहीं लगा सके। गेंदबाजी में पाकिस्तान की तरफ से अबरार अहमद ने 4 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इससे पहले पाकिस्तान ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 212 रन लगाए। टीम की तरफ से साहिबजादा फरहान ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 60 गेंदों में 100 रनों की पारी खेली।वहीं, फखर जमान ने ताबड़तोड़ अंदाज में खेलते हुए 42 गेंदों में 84 रन बनाए। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 15.5 ओवर में 176 रनों की साझेदारी निभाई, जो टी20 विश्व कप में किसी भी विकेट के लिए की गई सबसे बड़ी साझेदारी भी है। हालांकि, फरहान-फखर के अलावा पाकिस्तान के अन्य बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके।कप्तान सलमान आगा और मोहम्मद नवाज बिना खाता खोले पवेलियन लौटे, जबकि शादाब खान 2 रन ही बना सके। गेंदबाजी में श्रीलंका की ओर से दिलशान मदुशंका ने 33 रन देकर 3 विकेट चटकाए, तो दासुन शनाका ने 2 विकेट निकाले। सुपर-8 राउंड के ग्रुप-2 से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। वहीं, पाकिस्तान और श्रीलंका का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है।

# तीसरे वनडे में साख बचाने उतरेगी भारतीय महिला टीम




होबार्ट, 28 फरवरी (एजेंसियां)।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में एकतरफा हार झेलने के बाद मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब पूरी तरह बैकफुट पर खड़ी है। रविवार को होबार्ट में होने वाला तीसरा और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भारत के लिए केवल सम्मान बचाने का मौका है। आस्ट्रेलिया पहले ही 2-0 की अजेय बढ़त लेकर श्रृंखला अपने नाम कर चुका है और यह लगातार 12वीं बार है जब भारत द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में इस प्रतिद्वंद्वी से हार चुका है। भारत की सबसे बड़ी चिंता उसकी कमजोर बल्लेबाजी रही है। पहले वनडे में पावरप्ले के भीतर ही तीन महत्वपूर्ण विकेट खोने के बाद टीम 214 पर सिमट गई। दूसरे वनडे में हालांकि टीम ने 78 रनों की शानदार साझेदारी से शुरुआत की, लेकिन मध्य और निचले क्रम ने इसे भुनाया नहीं। 17वें से 31वें ओवर के बीच मात्र 52 रनों पर पांच विकेट गंवाना टीम के पतन की बड़ी वजह रहा। परिणामस्वरूप भारत नौ विकेट पर 251 रन ही बना पाया, जिसे आस्ट्रेलिया ने आसानी से हासिल कर लिया। टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने जहां दो अर्धशतक जड़े, वहीं युवा सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल ने शून्य पर आउट होने के बाद शानदार अर्धशतक से वापसी की। स्मृति मंधाना भी दो मैचों में 31

**बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में सुधार की सख्त जरूरत**

और 58 रन बनाकर अच्छी लय में दिखीं। लेकिन अनुभवी खिलाड़ियों जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा का फार्म टीम के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। हरमनप्रीत ने भी स्वीकार किया कि टीम ने बार-बार वही गलतियां दोहराईं और महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट गंवाए जिससे बड़ा स्कोर खड़ा नहीं हो सका। भारत की गेंदबाजी की स्थिति भी उतनी मजबूत नहीं दिखी। दीप्ति ने दो मैचों में तीन विकेट जरूर लिए, लेकिन उनके अलावा तेज गेंदबाज काशवी गौतम और क्रांति गौड़ को पावरप्ले में अधिक प्रभावी होने की जरूरत है। श्री चरणी पहले मैच में दो विकेट लेने के बाद दूसरे मैच में काफी महंगी साबित हुईं। खराब फील्डिंग ने टीम की परेशानियां और बढ़ाईं गौड़, मंधाना और ऋचा घोष के कैच छोड़ने से आस्ट्रेलिया को और बढ़त मिली। इसके विपरीत आस्ट्रेलियाई टीम ने हर विभाग में अपना दबदबा कायम रखा है। दूसरे वनडे में जार्जिया वोल के दमदार शतक और फीबी लिचफील्ड की शानदार बल्लेबाजी ने मैच को एकतरफा बना दिया।

## शिवम दुबे की कमजोर गेंदबाजी पर उठे सवाल



**नई दिल्ली ।** टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को बड़े अंतर से हराकर शानदार जीत दर्ज की, लेकिन टीम के प्रदर्शन में कुछ खामियां भी नजर आईं। सबसे बड़ी चिंता का विषय बने आलराउंडर शिवम दुबे, जिनकी गेंदबाजी बेहद महंगी साबित हुई। छठे गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल किए गए दुबे ने मात्र 2 ओवर में 46 रन दे दिए। उनकी लाइन और लेंथ इतनी बिगड़ी हुई थी कि 2 ओवर में ही उन्होंने 4 वाइड और 2 नो बाल डालीं। कप्तान सूर्यकुमार यादव जब भी उन्हें गेंदबाजी करने भेजते रहे हैं, वे उपयोगी साबित हुए हैं, लेकिन इस मैच में उनका स्पेल टीम के लिए नुकसानदायक रहा। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और मुख्य चयनकर्ता रहे श्रीकांत ने दुबे की गेंदबाजी की कड़ी आलोचना की है। अपने शो चिकी चीका पर उन्होंने कहा कि चेन्नई की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल जरूर थी, लेकिन इसके बावजूद दुबे की गेंदबाजी बेहद निराशाजनक रही। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि गेंदबाजी में कोई बड़ी चिंता है। यह अच्छा बैटिंग ट्रैक था। लेकिन मेरी चिंता छठे गेंदबाज को लेकर है। दुबे आखिर किस लाइन पर गेंद डाल रहे थे वह लगातार छठे स्टंप पर गेंद कर रहे थे। मैंने ऐसी गेंदबाजी कभी नहीं देखी।

# एफआईएच वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर के लिए हैदराबाद पहुंची इंग्लैंड महिला हाकी टीम

हैदराबाद, 28 फरवरी (एजेंसियां)।

**इंग्लैंड की महिला टीम एफआईएच हाकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर के लिए हैदराबाद पहुंच गई है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 8 से 14 मार्च तक तेलंगाना की राजधानी में आयोजित किया जाएगा, जहां आठ देशों की टीमें विश्व कप में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। इंग्लैंड की टीम समृद्ध इतिहास के साथ इस प्रतियोगिता में उतर रही है। टीम अब तक 11 एफआईएच वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुकी है और इस बार उसका लक्ष्य बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले विश्व कप के लिए टिकट हासिल करना है।**



इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2010 संस्करण में रहा था, जब टीम ने कांस्य पदक जीता था। इस बार टीम उस उपलब्धि से आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। टीम की कप्तान फ्लोरा पील ने हैदराबाद पहुंचने के बाद आत्मविश्वास जताया। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड में उनका प्रशिक्षण शिविर काफी सफल रहा और उससे पहले चीन में प्रो लीग के दौरान टीम ने कई प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेले। उनके अनुसार टीम फिलहाल शानदार लय में है और टूर्नामेंट की शुरुआत का बेसब्री से इंतजार कर रही है। भारतीय परिस्थितियों को लेकर भी टीम उत्साहित नजर आई। खिलाड़ी लिली वाकर ने कहा कि टीम के कई सदस्य पहले भारत आ चुके हैं और यहां के दर्शकों और माहौल को लेकर उत्साह है। गर्म मौसम से तालमेल बिठाने के लिए टीम ने विशेष तैयारी की है, जिसमें साना सेशन शामिल हैं, ताकि खिलाड़ी यहां की जलवायु के लिए पूरी तरह तैयार रह सकें। इंग्लैंड को विश्व कप के तीन उपलब्ध स्थानों में से एक हासिल करने के लिए पूल-ए में मजबूत प्रदर्शन करना होगा। टीम अपने अभियान की शुरुआत 8 मार्च को इटली के खिलाफ करेगी, 9 मार्च को कोरिया गणराज्य से भिड़ेगी और 11 मार्च को आस्ट्रिया के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला खेलेगी।

# इंग्लैंड की जीत से पाकिस्तान की उम्मीदें जिंदा, सेमीफाइनल में ऐसे बना सकता है जगह

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)।

**आईसीसी टी20 विश्व के सुपर-8 चरण में पाकिस्तान की सेमीफाइनल की उम्मीदों को उस समय नई जिंदगी मिली, जब न्यूजीलैंड को कोलंबो में इंग्लैंड के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप-2 में अब तक पाकिस्तान के खाते में सिर्फ एक अंक है। कीवी टीम के खिलाफ मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था, जबकि इंग्लैंड से उसे हार मिली थी। अगर न्यूज़ीलैंड यह मैच जीत जाता, तो पाकिस्तान अंतिम मुकाबला जीतने के बावजूद बाहर हो जाता।**



लेकिन इंग्लैंड की इस वापसी जीत ने अब पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका दे दिया है। अब सलमान आगा की अगुवाई वाली टीम को अपने अंतिम मुकाबले में श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना होगा, ताकि नेट रन रेट के आधार पर न्यूज़ीलैंड को पीछे छोड़ा जा सके।

मैच के दौरान एक समय ऐसा लग रहा था कि न्यूज़ीलैंड बाजी मार लेगा, जब उसने इंग्लैंड को 16.5 ओवर में 117/6 पर रोक दिया था और 19 गेंदों में 43 रन चाहिए थे। लेकिन इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने अंतिम ओवरों में आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच पलट दिया और पाकिस्तान के लिए रास्ता खोल दिया। पाकिस्तान के लिए क्वालीफिकेशन समीकरण

### अगर पाकिस्तान पहले बल्लेबाजी करता है:


- 103-150 रन बनाता है कम से कम 63 रन से जीत जरूरी
- 151-198 रन बनाता है कम से कम 64 रन से जीत जरूरी
- 199-246 रन बनाता है कम से कम 65 रन से जीत जरूरी

### अगर पाक लक्ष्य का पीछा करता है:

- 115-123 का लक्ष्य 12.4 ओवर या उससे पहले हासिल करना होगा
- 124-132 का लक्ष्य 12.5 ओवर या उससे पहले
- 133-142 का लक्ष्य 12.6 ओवर या उससे पहले
- 143-152 का लक्ष्य 13.1 ओवर या उससे पहले
- 153-163 का लक्ष्य 13.2 ओवर या उससे पहले
- 164-175 का लक्ष्य 13.3 ओवर या उससे पहले

स्पष्ट है कि पाकिस्तान को सिर्फ जीत नहीं, बल्कि बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। अब सबकी नजरें पाकिस्तान और श्रीलंका के मुकाबले पर टिकी हैं, जहां नेट रन रेट का खेल तय करेगा कि सेमीफाइनल की चौथी टीम कौन होगी।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे




# पीपीएफ में एक व्यक्ति अपने नाम पर खोल सकता है केवल एक खाता, संयुक्त खाते की अनुमति भी नहीं

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)।

पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) भारत में सबसे भरोसेमंद बचत योजनाओं में से एक है। वित्त मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय बचत संस्थान के नियमों के अनुसार एक व्यक्ति अपने नाम पर केवल एक ही पीपीएफ खाता खोल सकता है। यह खाता बैंक में हो या डाकघर में, फर्क नहीं पड़ता। संयुक्त खाते की अनुमति भी नहीं है। अगर किसी के नाम पर एक से अधिक खाते पाए जाते हैं, तो अतिरिक्त खाते को अनियमित माना जा सकता है और उसमें जमा राशि बिना ब्याज के वापस की जा सकती है। पीपीएफ खाते व्यक्ति के पैन नंबर से लिंक होते हैं। इसलिए अलग-अलग बैंक या डाकघर में खाते खोलकर अधिक टैक्स फायदा लेने की कोशिश सिस्टम में पकड़ी जा सकती है। अभिभावक अपने नाबालिग बच्चे या मानसिक रूप से अक्षम व्यक्ति के लिए पीपीएफ खाता खोल सकता है। लेकिन नियम स्पष्ट करते हैं कि एक बच्चे पर सिर्फ एक खाता ही खोला जा सकता है और दूसरे अभिभावक को उसी बच्चे के नाम पर खाता खोलने की अनुमति नहीं है। पीपीएफ में न्यूनतम जमा 500 और अधिकतम 1.5 लाख रुपए प्रति वित्त वर्ष है। यह सीमा कुल मिलाकर लागू होती है।

### फरवरी में सीमेंट की औसत कीमत 342 रुपये प्रति बोरी पहुंची

**नई दिल्ली।** फरवरी में सीमेंट बाजार ने मिलीजुली तस्वीर पेश की। जनवरी में बढ़ी कीमतों के बाद उम्मीद थी कि रुझान और मजबूत होगा, लेकिन स्थिति न तो बहुत तेज रही और न ही पूरी तरह सुस्त। पूरे देश में औसत ट्रेड कीमत 2 रुपये बढ़कर 342 रुपये प्रति बोरी हो गई। क्षेत्रीय तौर पर हालात अलग रहे। पश्चिम भारत में दाम 7 रुपये प्रति बोरी तक बढ़कर सबसे मजबूत प्रदर्शन किया। पूर्व में 4 रुपये और उत्तर में 3 रुपये की तेजी रही। मध्य भारत में कीमतें लगभग स्थिर रहीं, जबकि दक्षिण भारत में औसतन 2 रुपये प्रति बोरी की गिरावट दर्ज की गई। कुछ बाजारों में महीने की शुरुआत में बढ़ी कीमतें बाद में सामान्य हो गईं। जनवरी और फरवरी मिलाकर चालू तिमाही में औसत दाम पिछली तिमाही से करीब 1 प्रतिशत अधिक रहे। इससे कंपनियों को थोड़ी राहत मिली। बाजार को इस बार बड़े निर्माण और सरकारी प्रोजेक्ट्स का सहारा मिला। खुदरा बाजार में दाम 0 से 15 रुपये प्रति बोरी ऊपर-नीचे रहे, जबकि बड़े आर्डर वाले सौदों में 0 से 20 रुपये तक बढ़त दर्ज हुई।

## न्यूज ब्रीफ

### गेल महाराष्ट्र में पवन ऊर्जा परियोजना पर 1,736 करोड़ रुपये करेगी निवेश




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड महाराष्ट्र में एक पवन ऊर्जा परियोजना लगाने के लिए 1,736.25 करोड़ रुपये निवेश करेगी। कंपनी ने वर्ष 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। यह निवेश उसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में एक कदम है। गेल ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि शुक्रवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में 178.2 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अनुबंध मिलने के 24 महीनों के भीतर पूरी होने वाली यह परियोजना कंपनी के मौजूदा 117.95 मेगावाट के पोर्टफोलियो में इजाफा करेगी। इसके अलावा कंपनी के पास राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 27 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं भी हैं। वर्तमान में गेल की गुजरात में 19.2 मेगावाट, कर्नाटक में 38.1 मेगावाट और तमिलनाडु में 60.65 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजनाएं स्थित हैं। गेल भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस पारेषण और विपणन कंपनी है। इसके पास लगभग 18,001 किलोमीटर का प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क है ।

### सरकार ने फोर्टिफाइड चावल वितरण अस्थायी रूप से रोका, लंबे समय तक गोदाम में रखने पर आ रही पोषक तत्वों में कमी

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाय) और अन्य



योजनाओं के तहत मिलने वाले फोर्टिफाइड चावल में पोषक तत्व मिलाने की प्रक्रिया अस्थायी रूप से रोक दी है। खाद्य मंत्रालय के अनुसार लंबे समय तक गोदामों में रखने से चावल में जो विटामिन और मिनरल्स मिलाए जाते हैं, उनमें कमी आ रही थी। सरकार ने आईआईटी खड़गपुर को यह अध्ययन करने का काम सौंपा था कि अलग-अलग मौसम और वातावरण में चावल कितने समय तक सुरक्षित रहता है। रिपोर्ट में पाया गया कि चावल रखने का स्थान, तापमान, हवा में नमी और पैकिंग सामग्री फोर्टिफाइड चावल की गुणवत्ता पर बड़ा असर डालते हैं। लंबे समय तक भंडारण और बार-बार परिवहन से पोषक तत्व जल्दी घट जाते हैं और चावल जल्दी खराब होने लगता है। राशन का चावल अक्सर 2-3 साल तक सरकारी गोदामों में रखा जाता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य सरकारी योजनाओं के लिए सालाना 372 लाख टन चावल की जरूरत होती है। जबकि सरकारी भंडार में कुल उपलब्धता लगभग 674 लाख टन है, जिसमें 2025-26 की खरीफ फसल भी शामिल है। खाद्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि पोषक तत्व मिलाने की प्रक्रिया रोकने से राशन की मात्रा या स्कूलों और आंगनवाड़ी में मिलने वाले मध्याह्न भोजन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### गोल्ड और सिल्वर एटीएफ का एनएवी अब भारतीय बाजार की कीमत पर




**नई दिल्ली।** अभी तक गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ अपने पास रखे सोने और चांदी की कीमत तय करने के लिए एलबीएमए (लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) की एएम फिक्सिंग का इस्तेमाल करते थे। इसके बाद कई चरणों में बदलाव किया जाता था, जैसे डालर से रुपये में बदलना, आयात शुल्क, कस्टम ड्यूटी, ढुलाई खर्च और अन्य टैक्स या फीस। इस वजह से निवेशकों के लिए ईटीएफ का एनएवी वास्तविक भारतीय बाजार की कीमत से थोड़ा अलग दिखाई देता था। 1 अप्रैल 2026 से यह प्रक्रिया बदल जाएगी। अब ईटीएफ ,को अपने बुलियन होल्डिंग की कीमत तय करने के लिए भारतीय एक्सचेंजों द्वारा जारी डामेस्टिक स्पाट प्राइस का उपयोग करना होगा। ये वही कीमतें हैं जिन पर एमसीएक्स और एनएसई पर फिजिकल सोना-चांदी के सौदे होते हैं। इसका मतलब एनएवी सीधे भारत के बाजार की वास्तविक कीमत को दिखाएगा। इस बदलाव से ईटीएफ का एनएवी ज्यादा पारदर्शी और भारतीय बाजार के अनुकूल होगा। डालर-रुपये के बदलाव या अतिरिक्त शुल्क जोड़ने की जरूरत खत्म हो जाएगी। निवेशकों के लिए सुरक्षा में कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बस रोज़ाना की कीमतें अब भारत के फिजिकल मार्केट के हिसाब से तय होंगी। म्युचुअल फंड उद्योग की संस्था एएमएफआई सेबी के साथ मिलकर नए नियमों के लिए एक समान नीति बनाएगी।

# सिक्किम के जैविक उत्पादों को वैश्विक बाजार दिलाने की पहल गंगटोक में अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित

नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)।

**कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने सिक्किम सरकार और आईएफओएएम- आर्गेनिक्स एशिया के सहयोग से 27-28 फरवरी को गंगटोक में सिक्किम आर्गेनिक कान्क्लेव-सह-अंतरराष्ट्रीय क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिक्किम के प्रमाणित जैविक उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार का विस्तार करना और राज्य के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि सम्मेलन के दौरान सिक्किम के जैविक उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला, गुणवत्ता मानकों और निर्यात तैयारी पर आधारित एक विस्तृत रिपोर्ट भी जारी की गई। यह पहल राज्य के जैविक किसानों और उत्पादक संगठनों को वैश्विक खरीदारों से सीधे जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।**



सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। दक्षिण कोरिया, संयुक्त अरब अमीरात, मंगोलिया, सऊदी अरब, ओमान, सिंगापुर, नार्वे, कुवैत और ब्रिटेन सहित 17 देशों के लगभग 40 विदेशी खरीदारों ने इसमें हिस्सा लिया। वहीं एनसीईएल, बेसिलिया आर्गेनिक्स, फ्लेक्स फूड्स और नेक्स्टन सहित करीब 20 प्रमुख भारतीय निर्यातकों ने सिक्किम के लगभग 100 किसान उत्पादक संगठनों के साथ संरचित क्रेता-विक्रेता बैठकों में भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में सिक्किम सरकार के कृषि मंत्री पूरन कुमार गुरुंग, एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव, कृषि एवं बागवानी विभाग के आयुक्त-सचिव जिग्मी दोरजी भूटिया तथा जेएच चांग (कार्यकारी निदेशक, आईएफओएम - आर्गेनिक्स एशिया) सहित एपीडा, राज्य सरकार और जैविक एवं निर्यात क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रदर्शनी में 12 प्रदर्शकों ने सिक्किम के प्रमाणित जैविक उत्पादों का प्रदर्शन किया। इनमें बड़ी इलायची, जीआई टैग प्राप्त डल्ले खुर्सानी, सिक्किम मैंडारिन, कुक्कुट उत्पाद, हल्दी और आर्किड जैसे उत्पाद शामिल थे। प्रदर्शनी ने राज्य के विविध और निर्यात-उन्मुख जैविक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस आयोजन का समन्वय सिक्किम सरकार के कृषि एवं बागवानी विभाग तथा सिक्किम आर्गेनिक फार्मिंग डेवलपमेंट एजेंसी (एसओएफडीए) ने किया। उल्लेखनीय है कि सिक्किम वर्ष 2016 में भारत का पहला पूर्णत: जैविक राज्य बना था, जिससे उसके उत्पादों को एपीडा की निर्यात प्रमाणन प्रणाली के तहत विशेष मान्यता मिली। जैविक कृषि के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए राज्य को वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा फ्यूचर पालिसी गोल्ड अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था।

# भारत, यूरोपीय संघ के व्यापार समझौते में मध्यस्थता से जुड़ा परिशिष्ट शामिल



नई दिल्ली, 28 फरवरी (एजेंसियां)।

**भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने हाल ही में बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के निष्कर्ष की घोषणा की। समझौते पर विधिक परीक्षण के बाद हस्ताक्षर होने की संभावना है और इसे अगले वर्ष लागू किया जा सकता है। एफटीए में माडल मध्यस्थता प्रक्रिया पर एक अलग परिशिष्ट शामिल है, जिसका उद्देश्य विवादों का त्वरित और आपसी सहमति से समाधान करना है। समझौते के अनुसार भारत या ईयू कोई भी पक्ष ऐसे उपाय के खिलाफ मध्यस्थता की मांग कर सकता है, जो द्विपक्षीय व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव डालता हो।**

> **समझौते पर विधिक परीक्षण के बाद हस्ताक्षर होने की संभावना**

हालांकि प्रक्रिया केवल दोनों पक्षों की आपसी सहमति से ही शुरू होगी। यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर मध्यस्थ की नियुक्ति पर सहमति नहीं बनती, तो मध्यस्थता का अनुरोध स्वत: निरस्त माना जाएगा। मध्यस्थता आम तौर पर उस पक्ष के क्षेत्र में होगी, जिसके पास अनुरोध भेजा गया है, या आपसी सहमति से किसी अन्य स्थान या माध्यम से भी इसे आयोजित किया जा सकता है। मध्यस्थ की नियुक्ति के 60 दिनों के भीतर समाधान तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। करीब दो दशक चली वार्ताओं के बाद संपन्न एफटीए के तहत भारत के 93 प्रतिशत निर्यात को 27 देशों में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जबकि ईयू से लक्जरी कार और वाइन का आयात सस्ता होगा। दोनों पक्ष वैश्विक जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय व्यापार का एक-तिहाई हिस्सा नियंत्रित करते हैं। समझौते में कुल 20 अध्याय शामिल हैं, जिनमें डिजिटल व्यापार पर अलग अध्याय भी है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष...

## अथश्री...

इसके अलावा राष्ट्रपति भवन, रक्षा मंत्रालय, खुफिया मुख्यालय और एटॉमिक एनर्जी ऑफ ईरान के कार्यालय को भी निशाना बनाया गया।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के चेयरमैन ने अमेरिका और इजरायल को चेतावनी देते हुए कहा कि लड़ाई तुमने शुरू की है, खत्म हम करेंगे।

टेररिस्ट रिजीम के पास परमाणु हथियार नहीं रहेगा : ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स मिलिट्री ने ईरान में बड़े सैन्य अभियान शुरू किए हैं। उनका उद्देश्य ईरानी सरकार से आने वाले खतरों को समाप्त कर अमेरिकी लोगों की रक्षा करना है।

ट्रंप ने ईरानी सरकार को बहुत सख्त और खतरनाक समूह बताया और कहा कि 47 वर्षों से ईरानी शासन अमेरिका की मौत और इजरायल की मौत के नारे लगा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आतंकी ईरानी सरकार के पास परमाणु हथियार नहीं रहेगा और ईरान को आत्मसमर्पण का अल्टीमेटम दिया।

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी अमेरिका के साथ संयुक्त कार्रवाई की पुष्टि करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन अस्तित्व के खतरे को दूर करने के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने ट्रंप को ऐतिहासिक नेतृत्व के लिए धन्यवाद दिया।

हमले का प्रमुख कारण ईरान का परमाणु कार्यक्रम बताया जा रहा है। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कगार पर है। उन्होंने ईरान को 10-15 दिनों का अल्टीमेटम दिया था कि वह यूरेनियम संवर्धन रोके, बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम सीमित करे और हमास व हिजबुल्लाह जैसे प्रॉक्सी समूहों का समर्थन बंद करे। जिनेवा में हालिया शांति वार्ता विफल रहने के बाद हमले का निर्णय लिया गया।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सत्ता परिवर्तन की किसी भी संभावना को असंभव मिशन बताया और कहा कि ईरान आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

7 देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें

ईरान ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत, कतर, जॉर्डन और इराक में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें दागीं।

-बहरीन में णड ऋळषींह ऋश्रशशीं मुख्यालय के पास धमाके

-यूएए के अबू धाबी और अल धाफ्रा बेस पर हमले

-कतर के अल उदैद एयर बेस को निशाना

-कुवैत के अली अल सलेम बेस पर मिसाइल

-जॉर्डन में दो मिसाइल इंटरसेप्ट

-सऊदी अरब की राजधानी रियाद में धमाके

दुबई और अबू धाबी में विस्फोटों की खबरें आती रहीं। बहरीन में आग लगने की सूचना है।

भारत ने जारी की एडवाइजरी

मिडिल ईस्ट में पूर्ण युद्ध जैसे हालात के बीच भारत ने इज़राइल और ईरान में अपने नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और निर्धारित शेल्टर के पास रहने की सलाह दी है। अनुमानतः लगभग 9.7 मिलियन भारतीय नागरिक पश्चिम एशिया में रहते और कार्य करते हैं।

क्षेत्र में जारी घटनाक्रम पर पूरी दुनिया की नजर है और आशंका जताई जा रही है कि यदि स्थिति पर शीघ्र नियंत्रण नहीं पाया गया, तो यह संघर्ष व्यापक क्षेत्रीय युद्ध में बदल सकता है।

## निशाने पर...

दुबई के पाम जुमेराह स्थित फेयरमोंट होटल पर मिसाइल से हमला किया गया।

सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में पर्यटकों के बीच लोकप्रिय इमारत में आग लगी हुई दिखाई दे रही है और आसमान में धुएं का गुबार उठा रहा है। ये आग काफी तेज है। जिसने होटल के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है। दो प्रत्यक्षदर्शियों ने एएफपी को बताया कि उन्होंने एक विस्फोट की आवाज सुनी और दुबई के प्रसिद्ध ङ्गद पामफ से धुएं का गुबार उठता देखा।

## अबू धाबी में...

कई देशों को निशाना बनाया, जिससे अरब दुनिया के एक हिस्से तक संघर्ष पहुंच गया। कुवैत, कतर, यूएई और जॉर्डन जहां अमेरिकी सैन्य मौजूदगी है, सभी ने कहा कि उन्होंने ईरानी मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर लिया।

## मोदी के...

कवर करने के लिए इजरायल गए कई भारतीय मीडियाकर्मी क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष के कारण वहीं फंसे हुए हैं।

उन्होंने सरकार से स्पष्ट रणनीति और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पश्चिम एशिया की जटिल परिस्थितियों में भारत की विदेश नीति को संतुलन और व्यावहारिकता के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि राष्ट्रीय हितों की रक्षा के साथ-साथ वैश्विक मंच पर भारत की विश्वसनीयता भी बनी रहे।

## कलयुगी बेटे ...

महिला की मृत्यु के पश्चात, शव को हमले वाली जगह से हटाकर दूसरे कमरे में ले जाया गया और फर्श पर लिटाकर कपड़े से ढक दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वरिष्ठ अधिकारी...

निलंबित किया गया है। हालांकि, तत्कालीन संयुक्त आंध्र प्रदेश में खनन और अन्य घोटालों के संबंध में कई आईएएस अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है, लेकिन नए राज्य के रूप में तेलंगाना में यह अपनी तरह का पहला कड़ा कदम है।

क्या है फॉर्मूला ई विवाद और 55 करोड़ का लेन-देन?

यह पूरा मामला उस समय का है जब अरविंद कुमार नगर प्रशासन और शहरी विकास (एमए और यूडी) विभाग के विशेष मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत थे।

उन पर आरोप है कि उन्होंने रेस के दूसरे संस्करण के आयोजन के लिए निर्धारित सरकारी प्रक्रियाओं और नियमों का उल्लंघन करते हुए ब्रिटेन स्थित फॉर्मूला ई ऑपरेशंस(एफईओ) को 55 करोड़ की राशि हस्तांतरित की थी।

इसी वित्तीय अनियमितता को आधार बनाकर अब उन पर कानूनी शिकंजा कसा गया है।

## शारदा पीठम...

समन्वय सुनिश्चित करने के लिए, मुख्यमंत्री ने शारदा पीठम के प्रतिनिधियों को सलाह दी है कि वे मंत्री श्रीधर बाबू से मुलाकात करें। उन्हें निर्माण की प्रकृति और अन्य संबंधित परिस्थितियों के बारे में विस्तार से जानकारी दें। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के इस हस्तक्षेप से कोकापेट भूमि के भविष्य को लेकर पीठम की चिंताएं अब समाप्त हो जाएंगी।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# अत्तापुर में 8वीं श्री श्याम निशान शोभायात्रा भक्ति भाव से सम्पन्न

## चाँदी के छतर, मोर छड़ी और अखंड ज्योत के साथ निकली भव्य यात्रा, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री श्याम प्रेमी सत्संग समिति, अत्तापुर, भाग्यनगर के तत्वावधान में आज 8वीं श्री श्याम निशान शोभायात्रा भक्ति एवं उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने निशान धारण कर बाबा के जयकारों के साथ भाग लिया।अत्तापुर के तेजस्वीनगर स्थित शिव मंदिर से सुबह पूजा-अर्चना के पश्चात श्री श्याम निशान यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा चाँदी के छतर, बाबा की अर्जी एवं मोर छड़ी से सुसज्जित थी। अखंड ज्योत और फूलों की होली के बीच भक्तजन बाबा के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

**भजनों से गूंजा वातावरण**

यात्रा के दौरान गायक किशोर तोष्णीवाल, अंशुल कोठारी, पवन डाकोतिया एवं विश्वा ठाकुर ने भावपूर्ण भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति संगीत से संपूर्ण मार्ग भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया।शोभायात्रा किशनबाग, बहादुरपुरा, पुरानापुल, पेटला बुर्ज, पुल की मात, अफलजलगंज और चादरघाट से होती हुई काचीगुड़ा स्थित श्री श्याम मंदिर पहुँची। वहां श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सभी भक्तों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

**अतिथियों का स्वागत, समिति सदस्यों का योगदान**

अवसर पर सम्मानित अतिथि एमआईएम नेता प्रवीण नावंदर तथा बहादुरपुरा के एसआई श्रीनिवास सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों का समिति पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में समिति के संरक्षक अध्यक्ष हनुमान अग्रवाल (भालवाले), परामर्शदाता श्रवण केड़िया, विनोद टिबड़ेवाल, अध्यक्ष राकेश केड़िया, उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, मंत्री मुकेश अग्रवाल, संयुक्त मंत्री विमल गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवेश अग्रवाल, सदस्य दीपेश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अर्जुन टिबड़ेवाल, पंकज बंसल, वरुण कौशिक, गौरव बंसल, सचिन अग्रवाल (गजवेल), सुमित शर्मा, अशोक अग्रवाल, आलोक शर्मा, वेंकट अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, वीरा रमेश, रंजीत चौहान, विष्णु पांडे, रुद्र अग्रवाल, सांवरमल सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय योगदान प्रदान किया।




# मारवाड़ी समाज, सोमाजीगुडा द्वारा होलिका दहन का आयोजन

**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मारवाड़ी समाज, सोमाजीगुडा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन वरुण सरगम विला बिल्डिंग के सामने संपन्न होगा, जिसमें समाज के सभी बंधुओं को सपरिवार आमंत्रित किया गया है।समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डंडा लगाने का शुभ मुहूर्त 2 मार्च, सोमवार को प्रातः 10:31 बजे निर्धारित किया गया है।ठंडी पूजा का समय प्रातः 10:31 बजे से दोपहर 12:04 बजे तक रहेगा।श्रद्धालु अपने सुविधानुसार इस अवधि में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर सकते हैं।होलिका मंगलाने की पूजा 3 मार्च, मंगलवार को प्रातः 5:31 बजे आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर वैदिक विधि-विधान से पूजा संपन्न की जाएगी।समाज के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि वे समय पर उपस्थित होकर होली पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित हों तथा अधिक से अधिक लोगों को सूचना देकर साथ लाएं, ताकि यह पर्व सामूहिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा सके।

# भूख के अंधेरे में उम्मीद की रोशनी : महेश गुप्ता



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिलर नंबर 1265 ए के पास जारी नियमित अन्नदान (अनुदान) कार्यक्रम का श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महेश गुप्ता ने भावुक शब्दों में कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है, और जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने कहा कि राधे राधे ग्रुप का उद्देश्य केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए मानवता की सेवा करना है।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया। सेवा कार्य में रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, प्रीतिका अग्रवाल, जयप्रकाश सारडा, भगतराम गोयल, महेश अग्रवाल, गौरव गोयल, सुशील गुप्ता सहित राधे राधे ग्रुप के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

# कुलदेवी श्री सच्चाई माता की 22वीं सामुहिक पहेडी 22 मार्च को

**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रामकोट स्थित श्री कच्छी भवन में लोडाया गोत्र की कुलदेवी श्री सच्चाई माता की सामूहिक पहेडी तथा महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में लोडाया भाविक संघ के सदस्य लहेरचंद लोडाया एवं खुशालचंद लोडाया ने बताया कि शुक्रवार दि 27 फरवरी 2026 को सायंः 4 बजे से काचीगुडा बसंत कोलोनी स्थित कुशाल लोडाया के निवास स्थान पर लोडाया गोत्र की कुलदेवी श्री सच्चाई माता की 22वीं सामूहिक पहेडी के संदर्भ मे बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे लहेरचंद टोकरशी लोडाया, खुशाल वालजीभाई लोडाया, रिद्धीश रमेश लोडाया (जागीरदार), गौतम माणेकजीभाई लोडाया, गिरीश लोडाया, नीतिन लोडाया, रश्मि राजेश लोडाया, पल्लवी कुशाल लोडाया, हंसा लहेरचंद लोडाया, वर्षा नीतीन लोडाया, आदि उपस्थित थे।



चैतन्यपुरी मे लोडाया गोत्र की कुलदेवी श्री सच्चाई माता की सामूहीक पहेढी के संदर्भ मे आयोजित बैठक मे उपस्थित रिद्धीश जागीरदार, खुशाल लोडाया, लहेरचंद लोडाया, गौतम लोडाया, गिरीश लोडाया, रश्मि लोडाया, लोडाया, हंसा लोडाया, पल्लवी लोडाया, वर्षा नीतीन लोडाया एवं अन्य।

प्रचार संयोजक रिद्धीश जागीरदार ने आगे बताया कि बैठक मे यह निर्णय लिया गया कि आगामी रविवार दि. 22 मार्च 2026 को प्रातः ठीक 9.00 बजे से लोडाया गोत्र की कुलदेवी श्री सच्चाई माता कि 22वीं सामूहीक पेढ़ी तथा प्रसादी का भव्य आयोजन रामकोट स्थित श्री कच्छी भवन मे किया जायेगा। लहेरचंद लोडाया ने कहा कि सामूहिक पेढी का आयोजन पिछले 22 वर्षो से निरन्तर किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न मांगलीक कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा जिसमे प्रात 9.30 बजे माताजी को पोंखणा, माता जी की प्रतीमा की स्थापना की जायेगी, तत्-पश्चात 10 बजे से माताजी की भव्य पहेड़ी, भक्ती भावना, आरती तथा महाप्रसादी का आयोजन किया जायेगा।

इस वर्ष की पेढी तथा प्रसादी के लाभार्थी मातुश्री दीमुबाई वालजीभाई लोडाया परिवार हस्ते : कामया समकित लोडाया (गाम कोठारा हाल हैदराबाद) है।

# राजस्थान के पावन तीर्थस्थलों पर राधे-राधे ग्रुप का दर्शन वंदन



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद का एक प्रतिनिधिमंडल संयोजक जगत नारायण अग्रवाल के नेतृत्व में राजस्थान के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन हेतु रवाना हुआ। यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से दादी रानी सती मंदिर, जीणमाता श्री सालासर बालाजी मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, श्री गोविंद देव जी मंदिर एवं बूची सती दादी मंदिर में दर्शन-वंदन किए।प्रतिनिधिमंडल ने सभी मंदिरों में देश, समाज और मानवता की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

संयोजक जगत नारायण अग्रवाल ने कहा कि तीर्थ दर्शन से आत्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है, जो समाज सेवा के कार्यों को और अधिक प्रेरणा देती है।इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में जगत नारायण अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, कमल अग्रवाल, लता अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, आशा देवी अग्रवाल, संतोष अग्रवाल एवं भूमिका अग्रवाल शामिल रहे।राधे-राधे ग्रुप द्वारा की गई यह आध्यात्मिक यात्रा श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकता का संदेश देने वाली रही।

# ईसीआईएल में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 का भव्य समापन



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने परमाणु ऊर्जा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप 16 से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का सफलतापूर्वक समापन किया। पखवाड़े भर चले इस अभियान ने पूरे संगठन में स्वच्छता, स्वच्छता व्यवस्था और स्थायी स्वास्थ्य प्रथाओं के महत्व को सुदृढ़ किया।

अभियान की शुरुआत सभी प्रभागों के कर्मचारियों द्वारा सामूहिक मस्वच्छता शपथफ के साथ हुई। इस दौरान जागरूकता बैनर प्रदर्शन, स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान, वृक्षारोपण अभियान, चिकित्सा शिविर और स्वच्छता कार्यकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यशालाओं जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ईसीआईएल ने कर्मचारी कल्याण और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए स्वच्छता कर्मचारियों को पीपीई किट भी वितरित की।व्यापक सफाई अभियानों और ममेगा श्रमदानफ में कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, संस्थान में मदिव्यांग-अनुकूलफ शौचालयों का नवीनीकरण किया गया ताकि उन्हें अधिक सुलभ बनाया जा सके। पूरे पखवाड़े के दौरान परिसर के हर कोने में सफाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए गए।

28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान उन प्रभागों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने स्वच्छता के अनुकरणीय मानक स्थापित किए। इसी के साथ इस सफल अभियान का औपचारिक रूप से समापन हुआ, जिसने संस्थान में स्वच्छता के प्रति एक नई चेतना जागृत की है।

# पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है : थावर चंद गहलोत

**बीदर, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गवर्नर थावर चंद गहलोत ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। खेती-बाड़ी, दूध उत्पादन, डेयरी प्रोडक्ट और मछली उत्पादन ने किसानों के आर्थिक विकास में योगदान दिया है ।

उन्होंने शुक्रवार को बीदर में यूनिवर्सिटी ऑफ़ वेटरनरी, एनिमल एंड फिशरीज़ साइंसेज के 15वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की और छात्रों को मेडल और डिग्री दीं।

पशुपालन मंत्री के. वेंकटेश ने कहा कि सरकार अनुग्रह स्कीम के तहत मवेशियों की मौत पर मुआवजा दे रही है। इक्रिसेट के डायरेक्टर जनरल हिमांशु पाठक ने चीफ गेस्ट के तौर पर हिस्सा लिया।

यूनिवर्सिटी चांसलर प्रो. के.सी. वीरन्ना ने इंट्रोडक्टरी स्पीच दी।दीक्षांत समारोह में 34 छात्रों को गोल्ड मेडल दिए गए।

उडुपी की छात्रा खुशी मेंडन ने 16 गोल्ड मेडल जीते।

इस समारोह में वरिष्ठ अधिकारी गण, यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार समेत कई जाने-माने लोग मौजूद थे।

# श्री श्याम मित्र मंडल ने श्याम मंदिर की शिखर पर चढ़ाया सूरजगढ़ निशान

## 14वीं निशान शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, हजारों भक्तों ने चढ़ाए रंग-बिरंगे श्याम निशान



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री श्याम मित्र मंडल (सूरजगढ़ निशान), अत्तापुर, भाग्यनगर के तत्वावधान में आज 14वीं श्री श्याम निशान शोभायात्रा भव्य रूप से निकाली गई। हजारों श्यामभक्तों ने रंग-बिरंगे निशान धारण कर बाबा के जयकारों के साथ भाग लिया।

अत्तापुर स्थित रामबाग राम मंदिर से सुबह विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा का मुख्य आकर्षण राजस्थान के प्रसिद्ध प्राचीन सूरजगढ़ धाम से लाया गया चमत्कारी सूरजगढ़ श्री श्याम निशान एवं आशीर्वाद स्वरूप मोरछड़ी रही। महिलाओं के सिर पर सजी मनोकामना सिगड़ी में अखंड ज्योत विराजमान थी।

निशान चाँदी के छतर, बाबा की अर्जी एवं मोरपंख से सुसज्जित थे। रथ में सजे लड्डू गोपाल के आकर्षक दरबार, अखंड ज्योत और फूलों की होली के बीच भक्त बाबा के भजनों की धुन पर नाचते-झूमते आगे बढ़े।

**भजनों से गुंजायमान हुआ वातावरण**

यात्रा के दौरान सूरजगढ़ निशान में तू जाकर देख ले, मोर छड़ी का झाड़ तू लगवा कर देख ले, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, श्याम बाबा आया हूं मैं बड़ी दूर से, प्यारा सजा है तेरा द्वार, ओ बाबा झुंझुनू से चल मैं तो तेरे दर पर आ गई, ले नाच महारी बिनणी भंडारा में डीजे बाजे नाच जैसे लोकप्रिय भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते रहे। जयकारों से पूरा मार्ग गूंजायमान हो उठा।

यात्रा किशनबाग, बहादुरपुरा, पुरानापुल, पेटला बुर्ज, पुल की माता, अफलजलगंज और चादरघाट से होती हुई काचीगुड़ा स्थित श्री श्याम मंदिर पहुँची।

वहाँ श्री श्याम मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सूरजगढ़ निशान, मनोकामना सिगड़ी और भक्तों के हाथों में सजे रंग-बिरंगे निशानों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। मंदिर में दिनभर प्रतीक्षा कर रहे श्रद्धालुओं ने सूरजगढ़ से लाई गई चमत्कारी आशीर्वाद मोरछड़ी का हजारों की संख्या में आशीर्वाद (झाड़ा) प्राप्त किया। मोरछड़ी का नेतृत्व सूरजगढ़ धाम के अनुसार श्याम भक्त पवन नालपुरिया ने किया।

**गणमान्य अतिथियों का सम्मान**

अवसर पर गिरधारी लाल निठारवाल, राजेंद्र नगर भाजपा नेता टोकला श्रीनिवास, अट्टापुर बीआरएस पार्टी के अध्यक्ष वनम श्रीराम रेड्डी, श्री श्याम मंदिर कमेटी के इंदरकर्ण अग्रवाल, रामदेव अग्रवाल, पवन गुरु, समाजसेवी गोपाल बलदवा, राजेंद्र नगर प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष बालू सुब्रमण्यम सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का मंडल पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

यात्रा में मंडल के संरक्षक एवं यात्रा संयोजक पवन नालपुरिया, संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल (दादरी वाले), अध्यक्ष सुरेश कुमार मोदी, मंत्री नरेंद्र जांगिड़, कोषाध्यक्ष मालीराम अग्रवाल, परामर्शदाता संतोष अग्रवाल, सोहनलाल नेहरा, श्याम अग्रवाल, अशोक शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।अत्तापुर में श्री राजस्थानी नवजागृति मंच, राम धनी खम्मा घणी सेवा समिति, माली समाज, श्री राम रेड्डी ग्रुप, सिख छावनी ग्रुप, समाजसेवी प्रवीण नवंदर, श्री छत्रपति शिवाजी नवयुग मंडल तथा अग्रवाल समाज शाखा अट्टापुर सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।

**शिखर पर निशान चढ़ा, आभार व्यक्त**

मंदिर की शिखर पर सूरजगढ़ निशान चढ़ाए जाने के पश्चात मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार मोदी, संरक्षक एवं यात्रा संयोजक पवन नालपुरिया तथा संतोष अग्रवाल ने इस विशाल आयोजन की सफलता पर सभी श्रद्धालुओं और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

मंडल अध्यक्ष सुरेश कुमार मोदी ने बताया कि 8 मार्च को मोदी भवन में निशान यात्रा के सफल आयोजन में सहभागी बने श्याम प्रेमियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# सनराईज़ वैली, अत्तापुर में होलिका दहन एवं होली मिलन कल से

**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सनराईज़ वैली, अत्तापुर में होली का पावन पर्व इस वर्ष भी उत्साह और सामूहिक भागीदारी के साथ मनाया जाएगा। कॉलोनी प्रबंधन के अनुसार तीन दिवसीय कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में निवासियों के सम्मिलित होने की संभावना है।2 मार्च 2026 को प्रातः 6:01 बजे से 7:21 बजे तक दांडारोपण का शुभ कार्य संपन्न होगा।3 मार्च 2026 को प्रातः 5:33 बजे होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कॉलोनी के लगभग 500 से 600 लोगों के भाग लेने का अनुमान है। वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ आयोजन संपन्न होगा।4 मार्च 2026 को प्रातः 8:30 बजे से कॉलोनी प्रांगण में दुलंडी एवं रंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान डीजे की धुनों पर रंगों का उत्सव मनाया जाएगा तथा दक्षिण भारतीय व्यंजनों का अल्पाहार भी उपलब्ध रहेगा।इसी दिन रात्रि 7:31 बजे से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें लाइव कराओके संगीत के साथ उत्तर भारतीय व्यंजनों का रात्रि भोज रहेगा।आयोजकों ने कॉलोनी के सभी निवासियों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित कार्यक्रमों में भाग लेकर पर्व को सौहार्द, एकता और आनंद के साथ मनाएं।

# रिकाबगंज भंडारा चौक पर शीतल प्याऊ का शुभारंभ



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुंभ मेला अग्रवाल बंधु - अशोक फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में बढ़ती गर्मी और तापमान को ध्यान में रखते हुए जल सेवा का शुभारंभ किया गया।आज दिनांक 28-02-2026 को रिकाबगंज-भंडारा चौक (एसोसिएशन के सामने) पर शीतल पेयजल व्यवस्था (प्याऊ) का विधिवत पूजन के साथ उद्घाटन किया गया। यह सेवा श्री मुंगारामजी अशोक कुमार अग्रवाल के सौजन्य से प्रारंभ की गई।प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर श्री पंकज कुमार अग्रवाल, सुरेंद्र नारनौली, राजकमल भट्टड़, श्रीनिवास, कमलेश अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।अवसर पर सुरेंद्र नारनौली ने बताया कि यह शीतल जल सेवा प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से रात्रि 7:00 बजे तक नगरवासियों के लिए उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों और आम नागरिकों को इससे विशेष राहत मिलेगी।

# अग्र महिला मंच तेलंगाना की सतरंगी होली उल्लासपूर्ण सम्पन्न



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्र महिला मंच द्वारा राघव रत्ना टावर्स, चिराग गली के 10 वें माले पर 75 महिला सदस्यों ने सतरंगी होली उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाई। अध्यक्षा दीपा गर्ग ने उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अध्यक्षा दीपा गर्ग ने बताया कि उत्सव का आरंभ पदाधिकारियों एवम् कार्यकारिणी सदस्यों ने श्री अग्रसेन महाराज जी की पूजा कर माल्यार्पण से किया। सर्वप्रथम अर्ली बर्ड गेम रहा, मंच द्वारा गुब्बारों का गेम्स व प्लेट गेम रखे गए थे, होली का आकर्षक रंग बिरंगी तंबोला दीपा गर्ग एवं मंत्रानी अंजू गोयल के नेतृत्व में खेला गया जो सभी को पसंद आया। इसी कड़ी में राधा कृष्ण जोड़ी प्रतियोगिता नृत्य के साथ रखी गई थी, इसमें प्रतियोगी ने शानदार नृत्य किया, जिसे सभी ने सराहा, आरंभ में स्वादिष्ट स्नैक्स, ठंडाई का प्रबंध किया गया था, मध्यान्ह भोजन की उचित व्यवस्था थी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होली के पुराने फिल्मी गीतों, भजनों पर सामूहिक नृत्य डी जे की धुन पर किया जिससे वातावरण में फाल्गुन की होली का रंग भर दिया।

अर्ली बर्ड गेम में मंजू व रत्ना, प्लेट गेम में मीना, बलून गेम में शालिनी, रश्मि, बबीता, आशा, रीना ज्योति, एवम् राधा कृष्ण वेशभूषा व युगल नृत्य में रीतू व बबीता विजयी रहे। हिंदू संस्कृति को आगे बढ़ाने के हित से सभी महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर हर्ष प्रकट किया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए फोटो बूथ की भी व्यवस्था की गई थी सभी ने इसका लाभ उठाया और अपने अपने ढंग से फोटोज़ खिंचवाई।

उपरोक्त सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अग्र महिला मंच द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। रजिस्ट्रेशन का कार्यभार कोषाध्यक्षा मधु गोयल, सरला अग्रवाल ने संभाला, भोजन की देखरेख प्रभावती अग्रवाल व सीमा गर्ग की निगरानी में किया गया। सीमा पंसारी ने गेम्स खिलाने में सहयोग दिया, मीता पंसारी के सभी को धन्यवाद् ज्ञापन व पूर्व मंत्रानी मीना कूंछल की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# केबीआर पार्क में सेवा का पुण्य कार्य सम्पन्न



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में शनिवार को केबीआर नेशनल पार्क के समीप, इंडो अमेरिकन कैंसर हास्पिटल के सामने नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक भोजन वितरित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा और मानवीय संवेदनाओं को सुदृढ़ करते हैं।

इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, संजय गुप्ता, हरीश तोलाराम हिंदूजा, जयप्रकाश सारडा सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई।

# ईसीआईएल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का भव्य आयोजन

## स्वदेशी तकनीक और रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स पर जोर






**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 28 फरवरी, 2026 को अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में अत्यंत उत्साह और जोश के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस गौरवशाली अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ. जी. सतीश रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि एनएफसी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी डॉ. कोमल कपूर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. जी. सतीश रेड्डी ने रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में ईसीआईएल की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने विभिन्न तकनीकों में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, विशिष्ट अतिथि डॉ. कोमल कपूर ने महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक सामग्रियों के क्षेत्र में एनएफसी और परमाणु ऊर्जा विभाग के योगदान को रेखांकित किया।ईसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. अनेश कुमार शर्मा ने रणनीतिक इलेक्ट्रॉनिक्स में संस्थान की सफलताओं का उल्लेख किया। उन्होंने उन संभावित अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी, जो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अनुप्रयोगों के लिए ईसीआईएल द्वारा हाथ में ली गई हैं। उन्होंने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया।

इस उत्सव में निदेशक (वित्त) प्रतीक कुमार चक्रवर्ती, मुख्य सतर्कता अधिकारी पी. कृष्ण कुमार, विभिन्न कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक, विभागाध्यक्षों सहित ईसीआईएल और परमाणु ऊर्जा विभाग के बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन विज्ञान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ हुआ।

# शाश्वत तीर्थ शत्रुंजय की भाव यात्रा आयोजित

## जनेश्वर धाम शांतिनाथ जैन मंदिर में पट स्थापना, इतिहास व महत्त्व पर प्रकाश



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** काचीगुड़ा स्थित जनेश्वर धाम शांतिनाथ जैन मंदिर में गुण गुलाब मंडल की लक्ष्मी बहन द्वारा शाश्वत तीर्थ शत्रुंजय की भाव यात्रा आयोजित की गई। इस अवसर पर शत्रुंजय तीर्थ का उपाश्रय में पट स्थापित किया गया, जिसके समक्ष श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक पूजा-अर्चना की।

लक्ष्मी बहन ने शाश्वत तीर्थ शत्रुंजय का इतिहास एवं आध्यात्मिक महत्त्व बताते हुए कहा कि यह जैन धर्म का अत्यंत प्राचीन और पवित्र तीर्थ है। पहाड़ी पर भगवान आदिनाथ सहित अनेक तीर्थंकरों के मंदिर स्थित हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जैन धर्मावलंबी का यह कर्तव्य है कि वह जीवन में कम से कम एक बार इस शाश्वत तीर्थ की यात्रा अवश्य करे और स्वयं को सौभाग्यशाली बनाए।

इस भाव यात्रा का लाभ श्रीमती प्रीति बहन विनोद भाई नागडा परिवार ने प्राप्त किया।

धर्मसभा के मध्य संघ के श्रावक रीद्धिश जागीरदार एवं जसराज देवड़ा धोका ने शाश्वत तीर्थ शत्रुंजय से संबंधित फागुन सुदी तेरस को होने वाली ङ्गफागुन की फेरीफ (18 कोस यात्रा) का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र संभव और प्रतिभुवन ने नेमिनाथ भगवान के उपदेश को सुनकर 18,000 साधुओं के साथ भांडवा पहाड़ी से मोक्ष प्राप्त किया था।

सभा में संघ के अध्यक्ष रमणीक भाई, हरकचंद भाई, देवचंद गाला, रीद्धिश जागीरदार, जसराज देवड़ा धोका एवं गुण गुलाब मंडल की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में आयोजित शिक्षण तरुगति, अंत्योदय व स्वदेशी पर विशेष बल



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण वर्ग (शिक्षण तरुगति) का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन, भाजपा राज्य कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोलकोंडा जिला अध्यक्ष टी. उमा महेंदर ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कासम वेंकटेश्वरलु उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने पार्टी की विचारधारा, जन समस्याओं के समाधान की दिशा, स्वदेशी एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत्योदय के सिद्धांत को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के अंतिम व्यक्ति तक सेवा ‑ भोजन, वस्त्र और आवास ‑ पहुँचाना ही पार्टी का मूल लक्ष्य है। उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु एआई तकनीक के उपयोग को भी उन्होंने महत्वपूर्ण बताया।प्रशिक्षण वर्ग में- स्व-बोध (स्वदेशी), कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक उपयोग में कमी, नागरिक कर्तव्य और जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों की सहभागिताप पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में गोलकोंडा जिला प्रभारी श्रीधर, तृतीय सत्र के मुख्य वक्ता शिवरतनम, कार्यक्रम संयोजक विनय सिंह (जिला उपाध्यक्ष), सह-संयोजक डॉ. सुरेखा, महामंत्री सुरेंद्र, एम. कृष्णा, अनंत कृष्णा, जिला उपाध्यक्ष श्रीराम व्यास, बी. नरसिंहा, वी. गणेश यादव, कट्टम नरसिंग राव, शिवा यादव, कल्याणी जयप्रकाश, पी. शैलजा तथा जिला प्रेस एवं मीडिया सचिव नटराज नामधारी उपस्थित रहे।इसके अतिरिक्त भाजपा फ्लोर लीडर शंकर यादव, गोशामहल डिवीजन के कॉरपोरेटर लाल सिंह, जियागुड़ा के कॉरप-रेटर बी. दर्शन, जंबाग के कॉरपोरेटर राकेश जायसवाल तथा मंगलहाट की कॉरपोरेटर शशिकला कृष्णा भी कार्यक्रम में शामिल हुए।गोलकोंडा जिले के 17 डिवीजनों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं सह-संयोजकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

जिला नेतृत्व ने गोशामहल, करवान एवं चारमीनार विधानसभा क्षेत्रों सहित 17 डिवीजनों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर सशक्त, अनुशासित एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लिया।

# मानव सेवा ही सर्वोच्च धर्म : नीलम विजयवर्गीय



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में शनिवार को बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने नियमित सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जरूरतमंदों के बीच सेवा कार्य संपन्न किया गया। कार्यक्रम में नीलम विजयवर्गीय ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि मानव सेवा ही सर्वोच्च धर्म है और राधे राधे ग्रुप द्वारा निरंतर किया जा रहा यह कार्य समाज में करुणा, सहयोग और समर्पण की भावना को मजबूत कर रहा है।कार्यक्रम में महेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, अनिल अग्रवाल , गोविंद राम पचेरिया, महेश गोयल, शिव भगवान, लता गोयल, मीना अग्रवाल एवं रेनू गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




प्रखरजी महाराज के नगरागमन पर आयोजित स्वागत समारोह में पारीक समाज हैदराबाद-सिकन्दराबाद की ओर से सुरेश व्यास, शीलाल प्रोहित, दीपक प्रोहित ने प्रखरजी महाराज का स्वागत व सम्मान किया।

# आचरण में अच्छाईयों को लाने पर ही जीवन उत्सव का बनेगा : सिद्धगुरु

## दुबई के ताज होटल में भारत की सन्त परम्परा और संस्कृति की सुंदर झलक



**दुबई, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री सिद्धेश्वर तीर्थ, श्री ब्रह्मर्षि आश्रम तिरुपति के दुबई चैप्टर द्वारा होटल ताज में दुबई शहर के प्रमुख गणमान्य लोगों के मध्य सिद्धगुरु श्रीसिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में पूज्य गुरुदेव ने कहा कि हर व्यक्ति की इस संसार में ज़रूरत है, जो जहां है वहां बेस्ट है। तुम्हें अपना बेस्ट परफ़ॉर्म करना है, जीवन ओरिजनल है, यूनिक है और परमात्मा का दिया हुआ बहुत बड़ा वरदान है, इसे व्यर्थ नहीं जानें देना। गुरुदेव श्रीजी ने कहा कि जीवन में अशांति देने के लिए बहुत परेशानियां आएगी, लेकिन इससे कतई घबराना नहीं है। व्यक्ति अपनी हिम्मत पर विश्वास रखे तो वह अनंत परेशानियों से भी पार पा सकता है। देश विदेश के अनेक भागों से भी बड़ी संख्या में गुरुभक्त इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचे। इस अवसर पर श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव ने एक एक व्यक्ति को शक्तिपात देकर आशीर्वाद दिया।

सिद्धगुरु श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव ने कहा कि इस दुनिया में कुछ भी अच्छा करने वाले के जीवन में निश्चित रूप से बहुत तकलीफे आती है। वे बोले, यें ज़िंदगी है उलझनें ही यदि उलझेगी नहीं तो सुलझेगी कैसे ? बिखरेगी नहीं तो निखरेगी कैसे ? जीवन में परेशानियां आएगी, तो जाएगी भी, हां धैर्य रखना होगा। धैर्य से भक्ति बढ़ेगी, हिम्मत बढ़ेगी और समय भी मिलेगा।

गुरुदेव ने कहा अच्छे मित्र और अच्छे रिश्तों के साथ जीवन में ख़ुशी को लाना चाहिए। जो सुख में साथ दे उसे रिश्ते कहते है और जो दुःख में साथ निभाए उन्हें ही फ़रिश्ते कहते है।

पूज्य सिद्धगुरु श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव ने यह भी कहा कि अपने व्यवहार को सदैव सुंदर बनाकर रखने से सभी रिश्तों में बैलेंस बना रह सकता है। अपने आपसे प्यार करना सीखें, क्योंकि नफ़रत करने के लिए दुनियावी लोग है ना। जीवन के आचरण में अच्छाईयों को लाने पर ही जीवन उत्सव का बनेगा। आश्रम के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी कमल आत्रेय के मुताबिक इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक समाजसेवी कल्पेश किनारीवाला, श्रीमती इतिक्षा बोहरा, अशोक संचेती, अरविन्द मोदी, ग्लोबल चेयरपर्सन युवा नवीन गिड़िया, श्रीमती शिल्पा मेहता, मोहन गुरनानी, विष्णु सराफ, बीआर सेठी, राकेश बोहरा, दीपक सोनी, प्रदीप मोरजारिया, श्रीमती संगीता मोरजारिया, चंद्रशेखर भाटिया, अनिल शहरी, आरके मित्तल, योगेश मित्तल, रवि पुगलिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का हुब्बल्ली आगमन पर भव्य स्वागत



**हुब्बल्ली, 28 फ़रवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हुब्बल्ली में चल रहे कर्नाटक और जम्मू कश्मीर के बीच खेले जा रहे रणजी क्रिकेट फाइनल मैच के अवसर पर अपने राज्य की टीम का हौसला अफजाई करने हेतु जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का हुब्बल्ली आगमन हुआ। उनके आगमन पर हुब्बल्ली हवाई अड्डे पर स्थानीय गणमान्य नागरिकों एवं खेल प्रशासन से जुड़े प्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं अगवानी की गई।

मुख्यमंत्री के स्वागत हेतु प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय अल्पसंख्यक कल्याण कार्यक्रम समिति सदस्य एवं दक्षिण पश्चिम रेलवे सलाहकार समिति सदस्य, समाजसेवी महेंद्र सिंघी, कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के सदस्य एवं पूर्व रणजी क्रिकेटर अविनाश वैद्य, धारवाड़ के केएससीए अध्यक्ष अल्ताफ कित्तूर तथा बैंगलोर मंडल रेलवे सलाहकार समिति सदस्य अश्विन सेमलानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित प्रतिनिधियों ने माननीय मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया तथा कर्नाटक की सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप उनका स्वागत किया। सभी ने रणजी फाइनल जैसे प्रतिष्ठित मुकाबले में दोनों टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की और खेल भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया।

माननीय मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी आत्मीय स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खेल आपसी भाईचारे, एकता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी जैसे राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।हुब्बल्ली में आयोजित यह फाइनल मुकाबला खेल प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसमें दोनों राज्यों के समर्थकों में उत्साह एवं उमंग का वातावरण देखने को मिल रहा है।

# अग्रवाल समाज दोमलगुड़ा शाखा द्वारा होलिका दहन 3 को



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज, तेलंगाना - डोमलगुड़ा शाखा द्वारा इस वर्ष होलिका दहन का कार्यक्रम मंगलवार, 3 मार्च को प्रातः 5:31 बजे संपन्न होगा। शाखा की कार्यकारिणी सभा में लिए गए निर्णय के अनुसार सोमवार, 2 मार्च को प्रातः 10:01 बजे डांडा रोपण किया जाएगा, जिसके पश्चात ठंडी पूजा जारी रहेगी।

शाखा के सचिव प्रतीक अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले कई वर्षों से नियमित रूप से होलिका दहन किए जाने वाले स्थान एडवोकेट कॉलोनी (श्री बाला त्रिपुरा सुंदरी मंदिर के सामने) पर ही इस वर्ष भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।होलिका दहन की तैयारियों से पूर्व आयोजित कार्यकारिणी सभा में महाराज श्री अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात शाखा अध्यक्ष डॉ. दिलीप पंसारी ने स्वागत संबोधन दिया। सचिव प्रतीक अग्रवाल ने पिछली बैठक एवं संपन्न गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस वर्ष होलिका दहन कार्यक्रम के लिए एक समिति का गठन किया गया, जिसके संयोजक विजय कुंछल तथा सह-संयोजक योगेश अग्रवाल, रोशन लाल मित्तल, अक्षय अग्रवाल, अजय डालमिया और रोहित मोदी बनाए गए हैं।

सभा में शाखा द्वारा प्रतिमाह आयोजित अन्न प्रसाद कार्यक्रम, संचालित अग्रवाल हेल्थ क्लिनिक, आयोजित शतक फिल्म के विशेष शो की सफलता, 7 मार्च को आत्म गौरव भवन, उप्पल में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में डोमलगुड़ा शाखा की महिला समिति की सहभागिता, तथा केंद्रीय समिति द्वारा आयोजित एएसटी सुपर सिंगर कार्यक्रम की सफलता सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में शाखा परामर्शदाता गिरधारीलाल अग्रवाल एवं ओमप्रकाश पंसारी, केंद्रीय समिति सदस्य प्रदीप अग्रवाल एवं अनिल गर्ग, महिला समिति की सह-संयोजिका रश्मि अग्रवाल तथा अनिल अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सह मंत्री विजय कुंछल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा का समापन हुआ।

# केटीआर से मिले बीआरएस नेता आनंद कुमार गौड़



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गोशामहल के बीआरएस नेता एम. आनंद कुमार गौड़ ने पूर्व मंत्री एवं बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात बंजारा हिल्स के नंदी नगर स्थित उनके निवास पर संपन्न हुई।

मुलाकात के दौरान आनंद कुमार गौड़ ने गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र में जन समस्याओं के समाधान के लिए किए जा रहे अपने प्रयासों और संघर्षों की जानकारी दी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए के. टी. रामाराव ने उन्हें जनहित के मुद्दों पर निरंतर सक्रिय रहने की सलाह दी तथा भरोसा दिलाया कि समर्पित कार्यकर्ताओं को भविष्य में उचित अवसर मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि उन्हें गोशामहल क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों और नेताओं के कार्यों की पूरी जानकारी है। जो नेता पार्टी की विचारधारा और संगठन के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे, उन्हें ही प्राथमिकता दी जाएगी।

आनंद कुमार गौड़ ने विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए बताया कि जब उन पर हमला हुआ था, तब के. टी. रामाराव ने तुरंत फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि उस समय पार्टी नेतृत्व का समर्थन उनके लिए प्रेरणादायक रहा।

अंत में आनंद कुमार गौड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) चुनावों में गोशामहल के सभी डिवीजनों में बीआरएस विजय प्राप्त करेगी और यह जीत पूर्व मुख्यमंत्री एवं बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव को समर्पित की जाएगी।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army No.JC 733913N Subedar SUBODH KUMAR SHARMA of AOC Records, C/o.56 APO, Secunderabad that my mother name and DOB is changed from PANWAS DEVI, DOB:19-05-1945 to PANO DEVI, DOB:01-01-1953

**CHANGE OF NAME**

I, SHAZIA SHAKEEL is legally wedded spouse of No 9112679L. Rank:Hav, Name: Altaf Hussain, presently residing at Vill:Dehrote Jatheli, Tehsil:Mohalla, Distt:Doda, do hereby declare, That I have changed my name name from SHAZIA BEGUM to SHAZIA SHAKEEL due to wrong entry in service record of my Husband.

## मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का बड़ा ऐलान

# 6 मार्च से 99 दिनों का प्रजा पालन-प्रगति प्रणालिका अभियान होगा शुरू

**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को मप्रजा पालन - प्रगति प्रणालिकाफ (झअॅरक्षर झरश्ररपर – झअॅरसरींळ झअॅरपरश्रळझर) अभियान की घोषणा की है। 6 मार्च से 12 जून तक चलने वाले इस 99 दिवसीय विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं, विकास कार्यों और जन कल्याणकारी पहलों को सीधे जनता तक पहुँचाना है। मुख्यमंत्री ने इस अवधि के दौरान लंबित फाइलों को तेजी से निपटाने पर विशेष जोर दिया है।

**प्रशासनिक सुधार और डिजिटल गवर्नेंस पर जोर**

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को इस 99 दिवसीय कार्यक्रम के लिए एक विशेष लोगो (डेसे) और विस्तृत कैलेंडर तैयार करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों को बिजली मीटर, भवन अनुमति और पानी के कनेक्शन जैसी सेवाओं के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें; ये सेवाएँ घर बैठे ऑनलाइन मिलनी चाहिए। तकनीकी सुधारों के लिए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जयेश रंजन की अध्यक्षता में एक विशेष समिति गठित की जाएगी, जो तीन सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।



**कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन**

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि महालक्ष्मी मुफ्त बस यात्रा, 500 में गैस सिलेंडर, 200 यूनिट मुफ्त बिजली और आरोग्यश्री जैसी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिनके पास जमीन है लेकिन घर नहीं, उन्हें मइंदिराम्मा आवास योजनाफ का लाभ दिया जाए। साथ ही, राशन कार्ड के लिए आवेदन की प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे का विकास**

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य के 100 मंडलों में मतेलंगाना पब्लिक स्कूलफ शुरू किए जाएंगे, जो निजी स्कूलों की तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाओं में सुधार और सरकारी कार्यालयों को किराए के भवनों से हटाकर स्वयं के भवनों में स्थानांतरित करने का भी आदेश दिया। इसके लिए आगामी बजट 2026-27 में प्रस्ताव शामिल किए जाएंगे।

**निवेश और भविष्य की योजनाएँ**

मतेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट 2025फ और विदेशी दौरों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य को लगभग 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन समझौतों (चेणी) को धरातल पर उतारने के लिए निरंतर फॉलो-अप करें। उन्होंने मभारत फ्यूचर सिटीफ परियोजना और मैन्युफैक्चरिंग जोन के विकास पर भी विशेष ध्यान देने को कहा है। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि उनकी सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए प्रतिबद्ध है और जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए प्रभावी शासन ही एकमात्र रास्ता है।

# आचार्य डॉ. सत्य मूर्ति का अभिनंदन समारोह सम्पन्न



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** लायन्स भवन पैराडाइज में चिन्मया आध्यात्मिक साइंस एकेडमिक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आचार्य सत्यमूर्ति को सम्मानित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ. के. लक्ष्मण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता और कर्मचारियों के बीच नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। आचार्य डॉ. सत्य मूर्ति ने अपने संबोधन में रोजमर्रा के पेशेवर जीवन में ईमानदारी, अनुशासन और सेवा भावना के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज, स्कूल जैसे कार्यस्थल न केवल सार्वजनिक सेवा केंद्र हैं, बल्कि सार्वजनिक संपर्क के बिंदु भी हैं जहां शिष्टाचार, ईमानदारी और जिम्मेदारी को बनाए रखना चाहिए।

मुख्य अतिथि डॉ. के. लक्ष्मण ने आचार्य डॉ. सत्य मूर्ति के समाज में नैतिक और आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मूल्य-आधारित सेवा के साथ पेशेवर उत्कृष्टता को जोड़ने की पहल की प्रशंसा की।

इस अवसर पर, आचार्य डॉ. के. सत्यमूर्ति को विशिष्ट अतिथियों और सांसद डॉ. के. लक्ष्मण द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समाज के प्रति उनकी समर्पित सेवा, आध्यात्मिक मार्गदर्शन और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए दिया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय विशिष्ट व्यक्तियों, योग सास्त्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एनवीआरए राजा, डॉ. रमा प्रसाद, चिन्मय आध्यात्मिक साइंस एकेडमिक के अध्यक्ष श्री बी पी सिंगल जी, श्याम सुन्दर अग्रवाल,आईएफएससी सदस्यों और जनता ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और नैतिक सेवा और सामुदायिक कल्याण के प्रति नवीनीकृत प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# टीटीडी की 5,456.26 करोड़ के वार्षिक बजट को मंजूरी..

**तिरुमला, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तिरुमला तिरुपति धर्मकर्ता मंडली की बैठक आज (शनिवार) को तिरुमला में स्थित अन्नमय्या भवन में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता टीटीडी चेयरमैन बीआर नायडू ने की। इस बैठक में कुल 87 महत्वपूर्ण मुद्दों पर धर्मकर्ता मंडली के सदस्यों ने विस्तृत चर्चा की। लगभग चार घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में मुख्य रूप से टीटीडी वार्षिक बजट, भक्तों को दी जाने वाली सेवाएं, मंदिर विकास कार्य, प्रशासनिक मामले और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई।

2026-2027 वित्तीय वर्ष के वार्षिक बजट को मंजूरी देने की जानकारी टीटीडी चेयरमैन बीआर नायडू ने दी। उन्होंने बताया कि 5,456.26 करोड़ रुपये के साथ वार्षिक बजट को मंजूरी दी गई है। इस अवसर पर बीआर नायडू ने मीडिया को टीटीडी पालकमंडली के फैसलों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सीएम चंद्रबाबू के निर्देशों के अनुसार सब कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक टीटीडी में शिक्षा संस्थानों के आधुनिकीकरण के लिए 118.8 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भक्तों की मांग के अनुसार श्रीवारी मुड्डुपु योजना शुरू की जा रही है।

बीआर नायडू ने बताया कि रिलायंस संस्था के सहयोग से 125 करोड़ रुपये की लागत से



एक अत्याधुनिक अन्नदान समुदाय का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अनुमान व्यक्त किया कि हुंडी के माध्यम से 1,880 करोड़ रुपये की आय आएगी। ब्याज के माध्यम से 1,205 करोड़ रुपये की आय होगी। प्रसाद विक्रय से 650 करोड़ रुपये, दर्शन टिकटों की बिक्री से 310 करोड़ रुपये, वेतन भुगतान के लिए 1,859.75 करोड़ रुपये, कच्चे माल की खरीद के लिए 974.50 करोड़ रुपये, फिक्स्ड डिपॉजिट के लिए 700 करोड़ रुपये और इंजीनियरिंग कार्यों के लिए 475 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

**70 हजार लड्डुओं का मुफ्त वितरण..**

बीआर नायडू ने बताया कि श्रीवाणी ट्रस्ट के नियमों में ढील देकर मंदिर निर्माण के लिए धनराशि आवंटित की जाएगी। उन्होंने खुलासा किया कि ओंटिमिट्टा में 128 फीट ऊंची जाम्बवंत मूर्ति का निर्माण किया जाएगा। पटना, गुवाहाटी सहित कई अन्य स्थानों पर नए वेंकटेश्वर स्वामी मंदिरों का निर्माण किया जाएगा। अक्षर गोविंदम नाम से वकुलमाता मंदिर में अक्षराभ्यास कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। 1 अप्रैल को श्रीराम कल्याणम के दिन 70 हजार श्रीवारी लड्डुओं को मुफ्त में वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 4.25 करोड़ रुपये की लागत से ओंटिमिट्टा में ब्रह्मोत्सव की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

**रील्स बनाने वालों पर कड़ी कार्रवाई**

बीआर नायडू ने बताया कि तिरुपति और तिरुमला में 727 सुरक्षा कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि 8 करोड़ रुपये की लागत से अलिपिरी जांच केंद्र में नए स्कैनिंग मशीनों की खरीद की जा रही है। 11.28 करोड़ रुपये की लागत से टीटीडी में गोशालाओं का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। 51 टीटीडी परिचारकों को अर्चक के पद पर पदोन्नति का प्रस्ताव रखा गया है। पार्वतीपुरम में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर निर्माण के लिए 14.25 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की गई है। गोविंदराज स्वामी मंदिर परिसर में विकास कार्यों के लिए धनराशि आवंटित की गई है। उन्होंने बताया कि 10.73 करोड़ रुपये की लागत से तिरुपति में कमांड कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। बीआर नायडू ने चेतावनी दी कि रील्स बनाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले टीटीडी चेयरमैन बीआर नायडू ने तिरुमला वराभव नाम संवत्सर उगादि पंचांग और ओंटिमिट्टा ब्रह्मोत्सव का पोस्टर जारी किया।



चैतन्यपुरी स्थित श्री शांति गुरू मंदिर के 11वाँ ध्वजारोहण के अवसर पर बडी पूजा, ध्वजारोहण एवं स्वामीवात्सल्य लाभार्थी गांधी परिवार के भंवरीबाई - मीठालाल, रमेश, मनसुखलाल, सज्जन, मुकेश, नवीन तथा समस्त गांधी परिवार का अभिनंदन करते हुए जागीरदार फाउंडेशन के रिद्धीश जागीरदार, जैन सेवा संघ के कार्यकारीणी सदस्य मनोज तातेड व अशोक कोठारी, अजित पार्श्व युवा संघटन के रवि गढवानी व विपिन बांटीया, साथ मे धर्मेन्द्र नाहर, धनरूप पारेख एवं अन्य।

# तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भीषण गर्मी का अलर्ट पारा 45 डिग्री के पार जाने की आशंका

**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो):** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को चेतावनी जारी की है कि इस साल तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में गर्मी के तेवर बेहद तीखे रहने वाले हैं। विभाग के अनुसार, मार्च, अप्रैल और मई (चअच् सीजन) के दौरान इन दोनों राज्यों सहित देश के कई हिस्सों में मसामान्य से अधिक लूफ चलने की प्रबल संभावना है।आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने नई दिल्ली में पत्रकारों को बताया कि भीषण गर्मी की स्थिति सार्वजनिक स्वास्थ्य, जल संसाधनों, बिजली की मांग और आवश्यक सेवाओं के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकती है। उन्होंने विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, बाहर काम करने वाले मजदूरों और पहले से बीमार व्यक्तियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। स्थानीय प्रशासन को भी आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहने को कहा गया है।मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति 3 दिन से लेकर 15 दिन या उससे अधिक समय तक बनी रह सकती है। विशेष रूप से उत्तरी तेलंगाना के जिलों निर्मल, निज़ामाबाद, जगतियाल, कामारेड्डी, राजन्ना सिरसिला, करीमनगर, मेडक, सिद्दीपेट और हनमकोंडा में पारा 45ओउ के आंकड़े को पार कर सकता है। पिछले साल भी अप्रैल के दौरान हैदराबाद में तापमान 42ओउ और राज्य के कई हिस्सों में 45ओउ दर्ज किया गया था।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रो. करुणासागर को सर चंद्रशेखर वेंकट रमन उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रोफेसर डी. करुणासागर को सर चंद्रशेखर वेंकट रमन उत्कृष्टता पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम तेलंगाना नागरिक परिषद की राज्य शाखा के तत्वावधान में यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ साइंस सभागार, सैफाबाद स्थित उस्मानिया विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर वाई. सी. वेणुधर (पूर्व कुलसचिव) ने महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन के शब्दों को उद्धृत करते हुए कहा, विज्ञान मेरा धर्म है और मैं जीवन भर इसकी उपासना करूंगा। उन्होंने कहा कि भारत रत्न एवं नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रमन का भौतिकी के क्षेत्र में योगदान, विशेषकर ङ्करमन प्रभावफ की खोज, विश्व विज्ञान के इतिहास में अमिट है।

अप्पा राव (पूर्व कुलपति, हैदराबाद विश्वविद्यालय) ने कहा कि रमन ने भारतीय भूमि पर रहकर विश्वस्तरीय शोध किया और यह सिद्ध किया कि भारत में उच्च कोटि का वैज्ञानिक अनुसंधान संभव है। वहीं सत्यनारायण (सचिव, तेलंगाना विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अकादमी) ने कहा कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है और मानव सभ्यता को दिशा देने वाली सशक्त शक्ति है।

डॉ. राजनारायण मुदिराज (राज्य अध्यक्ष, तेलंगाना नागरिक परिषद) ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि परिषद द्वारा प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राज्य के एक विशिष्ट भौतिक विज्ञानी को यह सम्मान प्रदान किया जाता है। इस वर्ष यह पुरस्कार प्रो. डी. करुणासागर को उनके 35 वर्षों के उल्लेखनीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान योगदान के लिए दिया गया। वे वर्तमान में सीनियर प्रोफेसर (भौतिकी) एवं प्राचार्य, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ साइंस, सैफाबाद के रूप में कार्यरत हैं।

अपने संबोधन में प्रो. करुणासागर ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गौरव के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा उन्हें उच्च शैक्षणिक उपलब्धियों तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर बी. एन. रेड्डी, आर. सायन्ना, जे. शिवकुमार, मोहम्मद अख्तर अली सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजनारायण मुदिराज ने प्रो. डी. करुणासागर को शॉल, माल्यार्पण, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर औपचारिक रूप से सम्मानित किया।

# आईडिया फ्यूजन और एआई 100के पर कार्यशाला का आयोजित



**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गुरु नानक इंस्टिट्यूशंस टेक्निकल कैंपस (जीएनआईटीसी), हैदराबाद में कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया के बैनर तले आईडिया फ्यूजन नामक एक भव्य राष्ट्रीय स्तरीय आइडियाथॉन तथा एआई 100के कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में देशभर से 82 टीमों के कुल 246 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रारंभिक चरण के बाद 30 टीमों को अंतिम चरण के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम में कुल 30,000/- की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई थी।

कार्यक्रम में प्रतिष्ठित औद्योगिक निर्णायकों के रूप में डॉ. कल्याण कुमार सर्वेपल्ली (प्रिंसिपल कंसल्टेंट, इंफोसिस) तथा डॉ. एम. दत्तात्रेय गौड़ (सीईओ एवं निदेशक, डीकोड सॉफ्ट टेक सॉल्यूशंस ) उपस्थित रहे।

आंतरिक निर्णायक मंडल के साथ मिलकर उन्होंने छात्र नवाचारों का मूल्यांकन व्यवहार्यता, विस्तार क्षमता, औद्योगिक प्रासंगिकता तथा तकनीकी गहराई के आधार पर किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को नवाचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया।

# रामगोपालपेट में होलिका दहन कल

**हैदराबाद, 28 फरवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रामगोपालपेट स्थित स्वतंत्रता सेनानी राधाकृष्ण जोशी चौराहे पर सोमवार, 2 मार्च 2026 को सायं 7 बजे भक्त प्रह्लाद पूजन एवं होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन सिकंदराबाद प्रभात फेरी मंडल के तत्वावधान में संपन्न होगा।

मंडल के भगवानदास रामलाल तिवारी, रामकिशोर मोदानी एवं किशन बंग ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे कार्यक्रम में उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता करें और होली पर्व की परंपरा को सामूहिक रूप से उत्साहपूर्वक मनाएं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.